✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 323 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 22 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



नयी दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात करते बिहार के सीएम सम्राट चौधरी

### मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले सम्राट चौधरी

# प्रधानमंत्री के स्नेह और सहयोग से बिहार के विकास को मिलेगी नई गति : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/नयी दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के करीब छह दिन बाद यह उनकी पहली औपचारिक मुलाकात रही, जिसे राज्य की राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि राज्य के समग्र विकास और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर उन्हें प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का स्नेह और सहयोग बिहार के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगा। दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री से भेंट के बाद मुख्यमंत्री बिहार भवन पहुंचे, जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की। इससे पहले वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)

### नितिन नवीन से मुलाकात में मंत्रिमंडल विस्तार पर हुई चर्चा



मुख्यालय भी पहुंचे जहां उनकी पार्टी नेता नितिन नवीन से संक्षिप्त बातचीत हुई। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक के दौरान बिहार में होने वाले संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर नामों पर मंथन किया गया और सूची को अंतिम रूप देने पर विचार-विमर्श हुआ। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को आगामी कैबिनेट विस्तार की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। जनता दल यूनाईटेड के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा पहले ही जदयू कोटे की लिस्ट सम्राट चौधरी को सौंप चुके हैं। वहीं चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी से जो मंत्री थे, लगभग वही रिपीट होंगे लेकिन भाजपा के वरिष्ठ नेता और दो बार उपमुख्यमंत्री रहे विजय सिन्हा नई सरकार में कौन सी जिम्मेदारी संभालेंगे? इस पर बातचीत स्पष्ट नहीं हो पाई है। इसलिए दिल्ली में आलाकमान ने अपने पास फाइल रख ली है। 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद से सम्राट चौधरी लगातार सियासी गलियारे में एक्टिव हैं। अधिकारियों के साथ बैठक कर विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश देने के अलावा उन्होंने जनता दरबार भी लगाया। यहां जनता की शिकायतें सुनी। इसके बाद नारी शक्ति वंदन बिल गिरने पर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। 20 अप्रैल को सम्राट चौधरी महिला मोर्चा की ओर से निकाले गए आक्रोश मार्च में भी शमिल हुए।

# 3 मई से बिहार भ्रमण पर निकलेंगे निशांत कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जदयू नेता निशांत कुमार बिहार की यात्रा पर निकल रहे हैं। इस बात की चर्चा पहले से थी लेकिन आज उन्होंने खुद तारीख भी बता दी। यह जानकारी निशांत कुमार ने जदयू के प्रदेश कार्यालय में दी। दरअसल आज निशांत कुमार जदयू कार्यालय पहुंचे थे, जहां उन्होंने जिलाध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष के साथ लंबी बैठक की। निशांत कुमार पार्टी में शामिल होते ही जदयू के प्रदेश कार्यालय पहुंचने लगे। वह पार्टी कार्यालय में हर रोज अपने कार्यकर्ताओं और पार्टी के अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। निशांत कुमार अब तक कई बार कह चुके हैं कि उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में बहुत बेहतर काम किया है और वह उनके द्वारा किए गए कार्यों के कायल हैं। साथ ही निशांत कुमार ने अपनी बातों में कई बार कह चुके हैं कि वह पूरे बिहार का भ्रमण करना चाहते हैं। वह लोगों से बातचीत करना चाहते हैं। वह बिहार को समझना चाहते हैं। निशांत कुमार ने कहा कि वह अपने पिता नीतीश कुमार की तरह बिहार को समझना चाहते हैं। इसलिए वह पूरे बिहार का भ्रमण कर लोगों से मिलना चाहते हैं। आज जदयू के प्रदेश कार्यालय से निकलते हुए उन्होंने कहा कि मैं 3 मई से बिहार भ्रमण पर निकल रहा हूं। निशांत कुमार के बिहार भ्रमण की तारीख पहले 29 अप्रैल को होने की चर्चा थी, जो अब बदलकर 3 मई हो गई है लेकिन स्थान परिवर्तित नहीं किया गया है। वह चंपारण से अपनी बिहार यात्रा शुरू करने वाले हैं ताकि वह बिहार को और बिहार उनको समझ सके।

## संक्षिप्त समाचार

### नक्सलियों का अवैध स्मारक ध्वस्त

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में नक्सलवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए सशस्त्र सीमा बल और चरकापत्थर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मंगलवार को ग्राम रुझनिया में नक्सलियों द्वारा अवैध रूप से बनाए गए स्मारक को ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट शैलेश कुमार सिंह के दिशा-निर्देश पर तथा कंपनी कमांडर रोहित कुमार सिंह की निगरानी में की गई।

### लाखों घरों तक पहुंचेगी पीएनजी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में अब विकास योजनाओं को सिर्फ कागजों तक सीमित नहीं रहने दिया जाएगा बल्कि उन्हें तेजी से जमीन पर उतारने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसी दिशा में राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी विभागों को स्पष्ट और सख्त निर्देश दिए हैं कि वे आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अपनी प्राथमिकताओं को तय करें और उसी आधार पर योजनाओं का प्रस्ताव तैयार करें। इस फैसले का मकसद है कि बिहार केंद्र सरकार की विशेष सहायता योजना का अधिकतम लाभ उठा सके।

### बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से दो लोगों की मौत

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चकिया थाना क्षेत्र में बूढ़ी गंडक नदी में पूजा-अर्चना के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार जलबोझी के लिए नदी में उतरे पांच लोग अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गए और बहने लगे। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तीन लोगों को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, दो युवक गहरे पानी में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतकों की पहचान घासी पकड़ गांव निवासी सोनू कुमार और गुड्डू कुमार के रूप में हुई है।

# शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए बनेगी पारदर्शी नीति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में तकरीबन छह लाख शिक्षकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन की नीति पारदर्शी होगी ताकि शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। यह आदेश उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को शिक्षा विभाग के अफसरों के साथ समीक्षा बैठक में दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर मेक्नीज्म को और अधिक पारदर्शी बनाएं। शिक्षकों की नियुक्ति के बाद उनके प्रशिक्षण पर विशेष जोर दें क्योंकि उनके द्वारा प्राप्त की गई गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण बच्चों के शैक्षणिक विकास में लाभकारी साबित होगा। इससे पहले बैठक में प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति जानकारी दी। उन्होंने प्रत्येक प्रखंड में माडल स्कूल, स्थानांतरण नीति, पुस्तकालय पात्रता परीक्षा, पीएमश्री पोषण योजना, पाठ्य पुस्तकें, एनजीओ संबद्धता आदि के संबंध में भी जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी से शिक्षा दें। उनकी विद्यालय में निर्धारित अवधि तक अनिवार्य रूप से उपस्थिति होनी चाहिए। शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने एनजीओ के साथ संबद्ध शैक्षणिक कार्यक्रमों का समय-समय पर उसके परिणाम और प्रभाव पर समीक्षा करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के साथ-साथ शिक्षकों के प्रशिक्षण मॉड्यूल पर विशेष ध्यान दिया जाए। कक्षा-कक्ष अवलोकन शिक्षक प्रशिक्षण, कौशल विकास तथा एनजीओ के कार्य दायित्व एवं परिणामों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। प्रशिक्षण के उपरांत शैक्षणिक गुणवत्ता में क्या सकारात्मक परिवर्तन आया है, इसका मूल्यांकन नियमित रूप से करें।

# श्रवण कुमार बने जदयू विधायक दल के नेता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जनता दल यूनाईटेड के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता चुना गया है। एक दिन पहले जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक हुई थी लेकिन तब विधायक दल ने नेता का नाम फाइनल नहीं हुआ था। आज जदयू की ओर से श्रवण कुमार के नाम पर मुहर लग गई। बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार ने खुद श्रवण कुमार के नाम पर मुहर लगाई है। बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा जारी पत्र में जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल के नेता के चयन की पुष्टि की गई है। पत्र के अनुसार श्रवण कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुना गया है। यह निर्णय पार्टी की बैठक में लिया गया, जिससे विधानसभा अध्यक्ष को सूचित किया गया है। इसके बाद विधानसभा सचिवालय ने औपचारिक रूप से इसकी जानकारी जारी की। जारी पत्र में बताया गया है कि 21 अप्रैल 2026 को हुई



प्रक्रिया के तहत श्रवण कुमार के नाम पर सहमति बनी। पत्र बिहार विधानसभा के प्रभारी सचिव की ओर से जारी किया गया है जिसमें संबंधित अधिकारियों और विभागों को भी इसकी सूचना भेजी गई है। जदयू सूत्रों की मानें तो नई सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद भी मिलने से श्रवण कुमार नाराज चल रहे थे। इसलिए उनकी नाराजगी दूर करने के लिए पहले उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। अब उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो नीतीश कुमार ने श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता बनकर फिर से सोशल इंजीनियरिंग की मिसाल पेश की है। चूंकि जनता दल यूनाइटेड का आधार ही लवकुश समीकरण है। श्रवण कुमार कुर्मी जाति से आते हैं। नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद ऐसा लग रहा था कि जदयू के दो उपमुख्यमंत्री में से कोई एक कुर्मी जाति से होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। नीतीश कुमार ने भूमिहार जाति से आने वाले विजय चौधरी और यादव जाति से बिजेंद्र प्रसाद यादव को उपमुख्यमंत्री बना दिया। अब सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए श्रवण कुमार विधायक दल का नेता बना दिया।

### कार्यकर्ताओं का हमेशा सम्मानित करती है जदयू

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा श्रवण कुमार को जनता दल यूनाइटेड विधायक दल का नेता बनाये जाने के पश्चात नालन्दा जिला जदयू कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्रवण कुमार नीतीश कुमार के हनुमान बनकर पार्टी के स्थापना काल से ही सच्चे सिपाही की तरह कार्य कर रह हैं। हमेशा उनके नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलकर उनके हर निर्देश का अनुपालन करते है। जनता एवं कार्यकर्ताओं के लिए उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता है। कार्यकर्ता से नेता बने श्रवण कुमार को जदयू विधायक दल का नेता बनाने वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, जिलाध्यक्ष मो अरशद, जदयू प्रवक्ता डा धनंजय कुमार देव, गुलरेज अंसारी, संजयकांत सिन्हा, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, मुन्ना कुमार, मुकेश सिंह, जयराम सिंह, संजय कुशवाहा, अरविंद कुमार, जनार्दन पंडित, अजय चंद्रवंशी, युवाध्यक्ष धीरज पटेल, प्रतीम राज उर्फ सन्नी पटेल, संजीत यादव, सुनील रविदास, निरंजना गुप्ता, राहुल कुशवाहा, इमरान रिजवी, मिंटू चौधरी, अरविंद पटेल, पंकज कुमार, सोनी लाल, अमित कुमार, डा सुनील दत्त आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

# बिहार में इंजीनियरिंग-पॉलिटेक्निक पास छात्रों को मिलेगी नौकरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में तकनीकी शिक्षा को लेकर सरकार अब पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आ रही है। सम्राट चौधरी सरकार ने इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों से पास होने वाले छात्रों के लिए नौकरी के अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। उपमुख्यमंत्री सह विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि हर कॉलेज में प्लेसमेंट की व्यवस्था मजबूत की जाए। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय और पॉलिटेक्निक संस्थानों में छात्रों को समान रूप से नौकरी के अवसर मिलने चाहिए। इसके लिए संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करने पर जोर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी संस्थान एक 'कंसिस्टेंट एप्रोच' के साथ काम करें ताकि हर छात्र को बेहतर अवसर मिल सके। सरकार चाहती है कि सिर्फ बड़े या नामी कॉलेज ही नहीं बल्कि हर सरकारी इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्लेसमेंट की मजबूत व्यवस्था हो। इसके लिए संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल और प्रतिस्पर्धा दोनों को बढ़ावा दिया



जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस दिशा में ठोस योजना बनाकर जल्द लागू करें। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर भी खास जोर दिया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेजों की रैंकिंग बेहतर करने के लिए आधारभूत सुविधाओं और पढ़ाई के स्तर में सुधार जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एनबीए जैसी संस्थाओं से मान्यता हासिल करने के लिए मिशन मोड में काम किया जाए। जिन संस्थानों ने अब तक मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया है, उनकी सूची तैयार करने और कारण जानने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही विभाग में इसके लिए एक अलग सेल बनाने और नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही गई। सरकार सिर्फ पढ़ाई और नौकरी तक ही सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि छात्रों के मानसिक और समग्र विकास पर भी ध्यान दे रही है। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि छात्रों की बेहतर देखभाल कैसे की जाए और अभिभावकों से मिलने वाले सुझावों को कैसे लागू किया जाए। विभाग के निदेशक अहमद महमूद ने बताया कि संस्थानों की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए 'यंग प्रोफ़ेशनल्स' की नियुक्ति की तैयारी चल रही है। इससे कॉलेजों के संचालन और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी। बैठक में तारामंडल और साइंस सिटी को लेकर भी बड़े निर्देश दिए गए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नई तकनीकों का इस्तेमाल कर वैज्ञानिक जागरूकता बढ़ाई जाए। इसके तहत हैदराबाद के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग के साथ मिलकर 'नाइट स्काई एटलस' जैसी तकनीक को अपनाने की बात कही गई।

# महागठबंधन के खिलाफ रालोमो का धिक्कार मार्च आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजनीति में एक और बड़े आंदोलन की तैयारी शुरू हो गई है। उपेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने 22 अप्रैल को सभी जिलों में महागठबंधन के खिलाफ 'धिक्कार मार्च' निकालने का एलान किया है। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि इस आंदोलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे। उनके मुताबिक यह मार्च राज्य में कथित राजनीतिक विसंगतियों, जनविरोधी नीतियों और महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी के खिलाफ आयोजित किया जा रहा है। श्री कुशवाहा ने कहा कि रालोमो संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, परिसीमन में सुधार और महिलाओं को उनका उचित हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा राजनीतिक माहौल में सामाजिक न्याय और समान प्रतिनिधित्व जैसे अहम मुद्दों की अनदेखी हो रही है। प्रेस वार्ता के दौरान कुशवाहा ने कांग्रेस और राजद पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये दल महिलाओं के हितों को लेकर गंभीर नहीं हैं और केवल राजनीतिक लाभ के लिए इन मुद्दों का इस्तेमाल करते हैं। रालोमो ने सभी जिलों के कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आंदोलन को सफल बनाएं और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुटता दिखाएं। इस मौके पर पार्टी के कई नेता मौजूद रहे जिनमें विधायक माधव आनंद, आलोक सिंह, राम पुकार सिन्हा, सुभाष चंद्रवंशी, हिमांशु पटेल, स्मृति कुमुद और प्रशांत पंकज शामिल थे।

# कोइलवर में खुलेगा नया ट्रैफिक थाना, बालू लदे ट्रकों से लगने वाले जाम से मिलेगी मुक्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के कोईलवर और आसपास के इलाकों में लगातार बढ़ रहे ट्रैफिक के दबाव और बालू लदे वाहनों के कारण लगने वाले जाम से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। दरअसल सदर पुलिस अनुमंडल-2 की ओर से कोईलवर में एक नए यातायात थाना के गठन का प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक के जरिए विभाग को भेजा गया है। प्रस्ताव पर मंजूरी को इलाके में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। सदर एसडीपीओ-2 रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-922 पटना-बक्सर फोरलेन, सकड्डी-नासरीगंज स्टेट हाईवे, आरा-छपरा हाईवे समेत झलकुनगर-कोईलवर-चांदी लिंक सड़क का लगभग 60 किलोमीटर क्षेत्र आता है। इन सड़कों पर बालू खनन से जुड़े ट्रकों और ट्रैक्टरों का अत्यधिक परिचालन होता है जिससे आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में जाम की समस्या से निपटने के लिए कोईलवर मनभावन मोड़, सकड्डी मोड़, बबुरा और चांदी चौक पर ट्रैफिक चेक पोस्ट संचालित किए जा रहे हैं। बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों और महिला पर्यवेक्षकों को दिया नियुक्ति पत्र

# बेहतर काम पर मिलेगा इनाम : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 314 महिला पर्यवेक्षकों और 61 बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों (सीडीपीओ) को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों के बीच उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय के बाद राज्य में इतने बड़े स्तर पर नियुक्तियां संभव हो सकी हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के विकास और सामाजिक कल्याण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है और



सरकार इसी सोच के साथ लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब महिलाएं सशक्त होती हैं तो समाज और परिवार दोनों मजबूत होते हैं। आज महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर न केवल अपने भविष्य को संवार रही हैं बल्कि समाज की जिम्मेदारियों को भी प्रभावी ढंग से निभा रही हैं। उन्होंने नव-नियुक्त अधिकारियों से उम्मीद जताई कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाएं। सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य में कुपोषण की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे इस समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से काम करें और पोषण से जुड़ी योजनाओं को हर जरूरतमंद परिवार तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने बाल विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता और कुशलता लाने के लिए एक नई पहल की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अब सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी सेविकाओं के कार्यों की नियमित 'रैंकिंग' की जाएगी। जो अधिकारी और कर्मी धरातल पर बेहतर परिणाम देंगे, सरकार उन्हें सम्मानित और पुरस्कृत करेगी। सीएम ने स्पष्ट किया कि विभाग की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन और जवाबदेही दोनों जरूरी हैं। इस अवसर पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि नियुक्ति पत्र मिलना केवल खुशी का अवसर नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी राज्य के विकास को नई दिशा देगी। कार्यक्रम में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव उमाशंकर सिंह, सामाजिक कल्याण विभाग के निदेशक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे और सभी ने नव-नियुक्त अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

C M Y K

# उद्योगों के लिए 6.09 एकड़ भूमि आवंटित, 94.16 करोड़ निवेश से 2000 रोजगार के अवसर सृजित होंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उद्योग विभाग के अंतर्गत बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) की प्रोजेक्ट क्लीयरेंस कमिटी की बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में नई इकाइयों को भूमि और तैयार औद्योगिक शेड्स आवंटित करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। समिति ने 10 औद्योगिक इकाइयों को कुल 6.09 एकड़ भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया। इस पहल से राज्य में निवेश और रोजगार सृजन को नई गति मिलने की उम्मीद है। स्वीकृत परियोजनाओं में मखाना प्रसंस्करण, बेकरी उत्पाद, रेडीमेड वस्त्र, सिरिंज सुई और चिकित्सीय उपकरण निर्माण जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं। ये इकाइयां आईजीसी मरंगा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, लोहट फेज-1, डुमरिया, नवादा, सहरसा, पूर्णिया और बरारी के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी। इन परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 94.16 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है जिससे करीब 2000 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। प्रमुख स्वीकृत इकाइयों में एसएपीएल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, रुद्र प्रियं फूड्स एंड बेवरेजेस, एरोसन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, ओरेल फार्मा प्राइवेट लिमिटेड तथा टी.एस.एस. डिजिटल सहित अन्य कंपनियां शामिल हैं। उद्योग विभाग के सचिव सह बियाडा एवं आईडीए के प्रबंध निदेशक कुंदन कुमार ने कहा कि राज्य में संतुलित और समग्र औद्योगिक विकास के लिए सरकार लगातार प्रतिबद्ध है। बियाडा के माध्यम से पारदर्शी और समयबद्ध प्रक्रिया के तहत निवेशकों को औद्योगिक भूखंड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही मजबूत आधारभूत संरचना, सरल प्रक्रियाएं, बेहतर संपर्क व्यवस्था और नीतिगत सहयोग के जरिए निवेशकों को अनुकूल वातावरण प्रदान किया जा रहा है, ताकि परियोजनाओं का त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यह पहल बिहार को निवेश के लिए एक उभरते औद्योगिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी, जिससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी।




# किताबों की बेशकीमती ताकत को पहचानने का संदेश दे रहा विश्व पुस्तक दिवस

## 23 अप्रैल को मनाया जा रहा विश्व पुस्तक दिवस, इस वर्ष की थीम 'अपनी शैलीनुसार पढ़ें'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/नई दिल्ली।** विश्व पुस्तक एवं प्रकाशनाधिकार दिवस (23 अप्रैल ) के अवसर पर पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने और पुस्तकों के महत्व को जीवन में अपनाने का संदेश दिया जा रहा है। वर्ष 1995 से हर साल संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) इस दिवस का आयोजन कर रहा है जिसमें 100 से अधिक देशों में पठन-पाठन, प्रकाशन और प्रतिलिप्यधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाती है। इस वर्ष की थीम 'अपनी शैलीनुसार पढ़ें' रखी गई है जो लोगों को अपनी रुचि के अनुसार पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि पुस्तकें जीवन का प्रतिबिंब होती हैं और व्यक्ति को सत्य एवं सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं। इतिहास के कई महान व्यक्तियों ने पुस्तकों को अपनी सफलता का आधार बताया है। भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का उदाहरण देते हुए बताया गया कि उन्होंने आर्थिक तंगी के बावजूद किताबें खरीदने के लिए एक समय का भोजन तक त्याग दिया था। यह पुस्तकों के प्रति उनके समर्पण और ज्ञान के प्रति जुनून को दर्शाता है। पुस्तकें न केवल ज्ञान का स्रोत हैं, बल्कि वे व्यक्ति की सोच, समझ और निर्णय क्षमता को भी विकसित करती है। नियमित अध्ययन से शब्द भंडार, एकाग्रता, आत्मविश्वास और विचार शक्ति में वृद्धि होती है। इसके साथ ही पुस्तकें विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और पीढ़ियों को जोड़ने का माध्यम भी बनती हैं। हालांकि डिजिटल युग में पुस्तकों का स्वरूप बदलकर ऑनलाइन माध्यम में सुलभ हो गया है, लेकिन इसके बावजूद पढ़ने की आदत में गिरावट देखी जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार युवा वर्ग सोशल मीडिया और शॉर्टकट नोट्स पर अधिक निर्भर होता जा रहा है जिससे गहन ज्ञान का अभाव बढ़ रहा है। शिक्षाविदों ने चेतावनी दी है कि पुस्तकों से दूरी व्यक्ति को सतही ज्ञान तक सीमित कर देती है जिससे कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता कमजोर पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप हताशा, तनाव और सामाजिक समस्याओं में वृद्धि हो सकती है। इस अवसर पर लोगों से अपील की गई कि वे नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ें, पुस्तकालयों का उपयोग करें और दूसरों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें। किताबों के आदान-प्रदान और पसंदीदा पुस्तकों पर चर्चा करने की परंपरा को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई गई। विशेषज्ञों का कहना है कि जो व्यक्ति किताबों से दोस्ती करता है, वह जीवन में आगे बढ़ता है, जबकि किताबों की उपेक्षा करने वाला पीछे रह जाता है।

# बिहार में शिक्षा सुधार की दिशा में बड़ा कदम, डिप्टी सीएम ने रखी स्पष्ट रणनीति

## शिक्षकों से की शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरतने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सह शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि राज्य के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना हमारा अंतिम लक्ष्य है। हम जो भी नीतियां, टेक्नोलॉजी, प्रशिक्षण मॉड्यूल बनाते हैं उसका अंतिम फलाफल बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्राप्त कराना है। उपमुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी से शिक्षा दें उनकी विद्यालय में निर्धारित अवधि तक अनिवार्य रूप से उपस्थिति होनी चाहिए। विद्यालय में शिक्षण कार्य के दौरान किसी प्रकार की कोताही नहीं हो। शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन पर उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर मेक्नीज्म को और अधिक पारदर्शी बनायें। शिक्षकों की बहाली के उपरांत उनके प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि उनके द्वारा प्राप्त की गई गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण बच्चों के शैक्षणिक विकास में लाभकारी साबित होगा। उन्होंने एनजीओ के साथ संबद्ध शैक्षणिक कार्यक्रमों का समय-समय पर उसके परिणाम और प्रभाव पर समीक्षा करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया के साथ-साथ शिक्षकों के प्रशिक्षण मॉड्यूल पर विशेष ध्यान दिया जाए। कक्षा-कक्ष अवलोकन शिक्षक प्रशिक्षण, कौशल विकास तथा एनजीओ के कार्य दायित्व एवं परिणामों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित किया जाए। प्रशिक्षण के उपरांत शैक्षणिक गुणवत्ता में क्या सकारात्मक परिवर्तन आया है, इसका मूल्यांकन नियमित रूप से करें। उन्होंने कहा कि पूरे शैक्षणिक कवायद का अंतिम लक्ष्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही है, यही हमारा मुख्य उदेश्य है। वहीं प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर द्वारा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई जिसमें सात निश्चय- 3 के अंतर्गत प्रक्रियाधीन प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल, स्थानांतरण नीति, पुस्तकालय पात्रता परीक्षा, पीएमश्री पोषण योजना, पाठ्य पुस्तकें, एनजीओ संबद्धता आदि के संबंध में बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में निदेशक प्रशासन मनोरंजन कुमार सहित विभाग के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उच्च शिक्षा प्रणाली को डिजिटल परिवर्तन अपनाने की आवश्यकता : राज्यपाल

## बीडी कॉलेज में एआई और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना ने मास्टरसॉफ्ट के सहयोग से हायर एजुकेशन एआई सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें नीति निर्माताओं, शैक्षणिक नेताओं और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने बिहार में उच्च शिक्षा के भविष्य और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर केंद्रित संवाद किया। इस सम्मेलन ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को मूल्यांकन, शिक्षण अधिगम, संस्थागत प्रशासन और शैक्षणिक परिवर्तन का रणनीतिक साधन बताया।

सम्मेलन का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत के प्रेरणादायी स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने संस्थागत प्रथाओं को एनईपी 2020 के अनुरूप बनाने, शिक्षण अधिगम में नवाचार को प्रोत्साहित करने और बिहार की उच्च शिक्षा प्रणाली को समावेशिता एवं जवाबदेही के साथ डिजिटल परिवर्तन अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल कुलाधिपति सैयद अता हसनैन ने अपने मुख्य भाषण में नीति, मूल्यांकन और प्रौद्योगिकी को एकीकृत दृष्टिकोण से प्रस्तुत करते हुए कहा कि इन तीनों के समन्वय से ही उच्च शिक्षा में वास्तविक परिवर्तन संभव है। उन्होंने रेखांकित किया कि नई शिक्षा नीति पाठ्यक्रम की लचीलापन, भारतीय ज्ञान परंपरा और नवाचार पर बल देती है तथा विद्यार्थियों को आलोचनात्मक चिंतन के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने एनसीसी की अनुशासनात्मक ड्रिल की भी सराहना की और इसे विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रभावना विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया। प्रबंध निदेशक श्याम सोनी ने डिजिटल परिवर्तन के व्यापक परिप्रेक्ष्य को रेखांकित करते हुए ईआरपी सिस्टम, एआई सक्षम प्रक्रियाओं और डेटा आधारित निर्णय निर्माण को शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्र सहभागिता बढ़ाने के उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया। उद्घाटन सत्र में राजीव रोशन, सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, प्रो. गिरीश कुमार चौधरी, अध्यक्ष, बीएसएचईसी और प्रोफेसर उपेंद्र प्रसाद सिंह, कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने भी अपने विचार रखे और एनईपी अनुरूप परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया। गुरुदेव सोनी, सह संस्थापक एवं सीइओ, मास्टरसॉफ्ट द्वारा संचालित पैनल चर्चा में प्रो. अरुण कुमार, प्रो. नूपुर बोस, प्रो. राणा सिंह और प्रो. एन.के. अग्रवाल ने मान्यता सुधार, डिजिटल अवसंरचना और समावेशी प्रौद्योगिकी मॉडल पर विचार साझा किए। तकनीकी सत्रों में डॉ. वल्लभा देवी (आईआईटी मद्रास), पारस पलसटकर (मास्टरसॉफ्ट इआरपी सॉल्यूशंस) और डॉ. कल्पना सिंह (नीति आयोग) ने एनइपी 2020 की प्राथमिकताओं को संस्थागत आवश्यकताओं से जोड़ते हुए शैक्षणिक और तकनीकी एजेंडा को और मजबूत किया। सम्मेलन का एक विशेष आकर्षण रहा डॉ. एन. जयशंकरन, पूर्व कुलपति कांची विश्वविद्यालय का विद्वत्तापूर्ण व्याख्यान। उन्होंने मान्यता रूपरेखाः अधिगम परिणामों, शिक्षण पद्धति और मूल्यांकन का संरेखण एवं विकास विषय पर विचार प्रस्तुत किए। इस आयोजन से प्रो. रत्ना अमृत के नेतृत्व में बी.डी. कॉलेज की भूमिका और मास्टरसॉफ्ट की विश्वसनीय तकनीकी साझेदारी को पुनः स्थापित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिव्या कुमार और तकनीकी सत्र का संचालन डॉ. यादव गुंजन रामराज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन किया नीतू तिवारी ने।



# शुभम का जेइइ मेंस में 100 पर्सेंटाइल के साथ पूरे देश में छठा स्थान, विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेंस 2026 के संयुक्त परिणाम में गयाजी के होनहार छात्र शुभम कुमार के 100 पर्सेंटाइल अर्जित कर बिहार में प्रथम स्थान एवं सम्पूर्ण देश में छठा स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि उनके अथक परिश्रम और बिहार की प्रतिभा का गौरवपूर्ण प्रमाण है। डॉ कुमार ने शुभम कुमार, उनके माता-पिता, परिजनों एवं गुरुजनों को हृदय की गहराइयों से बधाई दी है और ईश्वर से प्रार्थना की है कि उनका भविष्य उज्ज्वल हो एवं आगे चलकर देश की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दें।



# महिला आरक्षण पर केंद्र सरकार की साजिश बेनकाब : दीपिका पांडेय सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण को लागू करने में जानबूझकर देरी करने और संवैधानिक प्रक्रिया से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन कानून में संशोधन लाकर सरकार साजिश कर रही है। तीन साल तक इस कानून को नोटिफाई नहीं किया गया और अब उसके संशोधन की बात की जा रही है जो पूरी तरह असंवैधानिक प्रक्रिया है। यह पहली बार हुआ है कि जिस कानून को अभी तक नोटिफाई ही नहीं किया गया, उसी का संशोधन बिल लाने की कोशिश हो रही है। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखने का यह एक सुनियोजित षड्यंत्र है जब महिलाओं को उनका हक देने की बात आती है तो जनगणना और परिसीमन जैसी शर्तें क्यों जोड़ दी जाती हैं? तीन साल पहले संसद जिस आरक्षण को पारित कर चुकी है उसे महिलाओं को क्यों नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन क्यों किया जा रहा है और जनगणना के बहाने महिला आरक्षण को क्यों रोके रखा गया है। उन्होंने कहा कि देश की हवा बदल रही है और महिलाएं अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं। दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि भाजपा को जातिगत जनगणना से डर लग रहा है क्योंकि उन्हें पता है कि ईबीसी, ओबीसी, एससी और एसटी की महिलाएं अपने अधिकारों की मांग करेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महिला आरक्षण के नाम पर महिलाओं को धोखा दे रही है और महिला आरक्षण की जगह 'मोदी आरक्षण' लागू करना चाहती है।



# रौशन कुमार सिंह बने बंगाल चुनाव में कांग्रेस के पर्यवेक्षक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस के वरीष्ठ नेता व प्रदेश कांग्रेस के प्रोटोकॉल प्रभारी रौशन कुमार सिंह को बंगाल विधानसभा चुनाव के पर्यवेक्षक बनाये गये हैं। इस संबंध में पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सौरभ घोष की ओर से जारी अधिसूचना में पश्चिम बंगाल के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद की अनुशंसा पर रौशन सिंह को 197 धानेखली विधानसभा क्षेत्र का तत्काल प्रभाव से पर्यवेक्षक बनाया गया है। उनके अलवा मेहबूबुर रहमान को उत्तरपारा विधानसभा क्षेत्र, निधि पांडेय को चंदननगर विधानसभा क्षेत्र, मो. मोदासिर शम्स को सप्तग्राम विधानसभा क्षेत्र, इमरान अली चिंटू को जंगीपारा विधानसभा क्षेत्र, मनोज कुमार को हरिपाल विधानसभा क्षेत्र, नवनीत ओझा को तारकेश्वर विधानसभा क्षेत्र तथा नवीन कुमार को खानाकुल विधानसभा का पर्यवेक्षक बनाया है। इस संबंध में श्री सिंह ने बताया कि इस चयन के लिए उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाजुन खडगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी बेनुगोपाल एवं पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस बार के चुनाव में लबे अरसे के बाद कांग्रेस पार्टी बंगाल में बेहतर प्रदर्शन करेगी और सरकार गठन में बड़ी भूमिका अदा करेगी।

# निलंबन-वापसी विवाद पर रुख साफ, नियमों के तहत हुई कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में राजस्व कर्मचारियों के निलंबन और उसकी वापसी को लेकर स्थिति अब पूरी तरह स्पष्ट हो गई है। बिहार राजस्व कर्मचारी संवर्ग नियमावली 2025 के अनुसार नियुक्ति एवं अनुशासनिक कार्रवाई का अधिकार जिलों के समाहर्ताओं को प्राप्त है और इसी प्रावधान के तहत संबंधित कार्रवाई की गई। विभागीय जानकारी के अनुसार 11 फरवरी से 19 अप्रैल 2026 के बीच जिन राजस्व कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई, वह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देशों के आलोक में जिला समाहर्ताओं द्वारा की गई थी। 13 अप्रैल को अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल द्वारा जारी पत्र में कार्य पर नहीं लौटने वाले कर्मियों पर अनुशासनिक कार्रवाई का निर्देश दिया गया था जिसके आधार पर 14 और 15 अप्रैल को विभिन्न जिलों में 224 कर्मचारियों का निलंबन किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि तत्कालीन उपमुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा किसी भी स्तर पर सीधे निलंबन का आदेश जारी नहीं किया गया था, बल्कि यह पूरी कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा नियमावली के तहत की गई। निलंबन वापसी के संबंध में भी विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। 19 अप्रैल को अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल द्वारा जारी पत्र में भारत की जनगणना 2027 के मद्देनजर राजस्व कर्मचारियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए समाहर्ताओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इसके बाद जिलों में नियमों के अनुरूप निलंबन वापस लेने की प्रक्रिया शुरू की गई। साथ ही 17 अप्रैल को कार्य पर लौटने वाले कर्मचारियों के संबंध में भी विभाग द्वारा सभी जिलों को निर्देश जारी किए गए थे जिससे प्रशासनिक कार्यों को सामान्य करने में सहायता मिली।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मिल समस्याओं से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में पांच रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।



# सड़क सुरक्षा पर फोकस, हर जिले में व्यावसायिक चालकों का होगा प्रशिक्षण

## सड़क सुरक्षा की दिशा में परिवहन विभाग की सकारात्मक पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में सड़क सुरक्षा को मजबूत करने के लिए परिवहन विभाग ने अत्यंत महत्वपूर्ण फैसला लिया है। विभाग आगामी 11 महीनों तक निबंधित सभी व्यावसायिक चालकों को प्रशिक्षित करेगा। मुख्यमंत्री सात निश्चय-3 के तहत सुरक्षित सड़क, कुशल सेवा और बेहतर जीवन-यापन योजना में एकीकृत चालक प्रशिक्षण शामिल है। इसके तहत मई से मार्च 2027 तक सभी जिलों में चरणवार तरीके से प्रशिक्षण आयोजित होंगे। विभाग के अनुसार प्रशिक्षण में सरकारी और गैर-सरकारी व्यावसायिक वाहन चालक शामिल होंगे। बस, ट्रक, ऑटो, टैक्सी, ओला-उबर से जुड़े हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) व भारी मोटर वाहन (एचएमवी) चालक भाग लेंगे। भाग लेने वाले चालकों को 100 रुपये अल्पाहार और 200 रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। विभाग का उद्देश्य चालकों को जागरूक कर सड़क हादसों में कमी लाना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। चालकों को यातायात नियमों का पालन, सड़क संकेतों, सुरक्षित ड्राइविंग तकनीक एवं दुर्घटना से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। साथ ही घायलों के लिए त्वरित प्राथमिक उपचार, गोल्डन ऑवर का महत्व, सरकार की नीतियां, बीमा और मुआवजा प्रक्रिया के प्रति जागरुक किया जाएगा।

# अल्ट्राटेक ने भारत में 200 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता का आंकड़ा पार किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने भारत में 200 मिलियन टन प्रति वर्ष से अधिक स्थापित सीमेंट निर्माण क्षमता का आंकड़ा पार कर लिया है। कंपनी ने शाहजहांपुर, पतरातू और विशाखापत्तनम में तीन नई सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट्स शुरू की हैं, जिनकी कुल क्षमता 8.7 मिलियन टन प्रति वर्ष है। इन नई यूनिट्स के जुड़ने के बाद भारत में कंपनी की कुल क्षमता 200.1 मिलियन टन प्रति वर्ष हो गई है जबकि वैश्विक स्तर पर यह 205.5 मिलियन टन प्रति वर्ष तक पहुंच गई है। कंपनी ने 2019 में 100 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता हासिल की थी और इसके बाद सात वर्ष से भी कम समय में अगले 100 मिलियन टन प्रति वर्ष का आंकड़ा पार किया है। अल्ट्राटेक का सीमेंट देश की कई प्रमुख परियोजनाओं में उपयोग हो रहा है और कंपनी सस्टेनेबिलिटी के तहत कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम करने तथा ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्रैक्टिस को बढ़ावा देने पर काम कर रही है।

# युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण में प्रेम यूथ फाउंडेशन ने मारी बाजी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के संपतचक स्थित द इगल व्यू ट्रेनिंग सेंटर में आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित 7 दिवसीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवकों ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस प्रशिक्षण में जिले भर से सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया परिणाम घोषित होने पर प्रेम यूथ फाउंडेशन के प्रतिभागियों ने बाजी मार ली। कार्यक्रम में खुशी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर फाउंडेशन का नाम रोशन किया। वहीं द्वितीय स्थान पर भी प्रेम यूथ फाउंडेशन के ही एक अन्य स्वयंसेवक ने कब्जा जमाया। इस उपलब्धि से फाउंडेशन में खुशी की लहर दौड़ गई है। फाउंडेशन के स्वयंसेवक अविनाश कुमार ने बताया कि उनके सभी प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया और अच्छे अंकों के साथ प्रशिक्षण पास किया। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आपदा के समय सहायता के लिए तैयार करना है, ताकि वे समाज में 'आपदा मित्र' बनकर लोगों की मदद कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को भूकंप, बाढ़, आगजनी, सड़क दुर्घटना जैसी आपदाओं से बचाव एवं राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मॉक ड्रिल के माध्यम से व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। इस उपलब्धि पर प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक आदित्य कुमार, कार्तिक कुमार, मनी कुमार, नितिन कुमार, प्रिंस कुमार पाण्डेय, रवि मिश्रा, स्नेहा यादव, सुलेखा कुमारी, काजल कुमारी, ज्ञांति कुमारी, मांडवी कुमारी समेत सभी सदस्यों और स्थानीय लोगों ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# जनगणना 2027: बिहार में डिजिटल भागीदारी का नया रिकॉर्ड

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की जनगणना 2027 के तहत बिहार में 17 अप्रैल से शुरू हुई स्व-गणना अभियान को शुरुआती दिनों में ही व्यापक जनभागीदारी मिल रही है। 20 अप्रैल तक राज्य में कुल 3,69,779 परिवारों ने स्व-गणना में भाग लिया है जिसमें से 3,23,879 परिवारों ने प्रक्रिया पूरी कर ली है जबकि 45,900 परिवारों ने स्व-गणना की शुरुआत की है। उपरोक्त आंकड़ों से स्पष्ट है कि राज्य में लोगों की सक्रिय भागीदारी हो रही है। विशेष रूप से वैशाली, खगड़िया और मधुबनी जैसे जिलों में स्व-गणना को लेकर उल्लेखनीय उत्साह देखा जा रहा है। स्व-गणना की यह पहल जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों का मानना है कि जागरूकता अभियान के प्रभाव से आने वाले दिनों में इसमें और तेजी आएगी तथा अधिक से अधिक परिवार इस प्रक्रिया से जुड़ेंगे।

# पुलिस अवर निरीक्षक स्तर के 85 पदाधिकारियों का तबादला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए एसपी रौशन कुमार ने जिले के थानों में भारी फेर बदल किया है। उन्होंने पुलिस अवर निरीक्षक के 85 पदाधिकारियों का तबादला कर दिया। पुलिस मुख्यालय से जारी सूची के अनुसार मिथिलेश कुमार को काराकाट थाना, अनुसंधान इकाई से सासाराम (मु0) थाना अनुसंधान इकाई, सबीता कुमारी दिनारा थाना, अनुसंधान इकाई से अकोढ़ीगोला थाना, अनुसंधान इकाई, शबनम कुमारी नासरीगंज थाना, अनुसंधान इकाई से सासाराम (मु0) थाना, अनुसंधान इकाई। सुबोध कुमार नासरीगंज थाना, अनुसंधान इकाई से डिहरी नगर थाना, अनुसंधान इकाई, चन्द्रहास कुमार प्रभारी टी0ओ0पी0-2 हदहदवा, डिहरी नगर थाना से शिवसागर थाना, अनुसंधान इकाई, सोनू कुमार रोहतास थाना, अनुसंधान इकाई से काराकाट थाना, अनुसंधान इकाई, नूतन कुमारी रोहतास थाना, अनुसंधान इकाई से बिक्रमगंज थाना अनुसंधान इकाई, नन्दलाल कुमार अनु0 जाति/जनजाति थाना, अनुसंधान इकाई से सासाराम नगर थाना अनुसंधान इकाई, मंजुर इलाही खान, डिहरी नगर थाना, अनुसंधान इकाई से बिक्रमगंज थाना, अनुसंधान इकाई, फुटुश कुमार साईबर थाना, पु0कार्या से इन्द्रपुरी थाना, अनुसंधान इकाई। श्वेता भारती महिला थाना, अनुसंधान इकाई से अगरेर थाना, अनुसंधान इकाई, निशांत कुमार काराकाट थाना सेयातायात थाना, अनुसंधान इकाई, रोहित कुमार काराकाट थाना, अनुसंधान इकाई से दरिगांव थाना, अनुसंधान इकाई, खुशबू कुमारी शिवसागर थाना, अनुसंधान इकाई से रोहतास थाना, अनुसंधान इकाई, कृतिका कुमारी सासाराम (मु0) थाना, अनुसंधान इकाई से डिहरी नगर थाना, अनुसंधान इकाई, नितेश कुमार, सासाराम (मु0) थाना, अनुसंधान इकाई से नासरीगंज थाना अनुसंधान इकाई, चौधरी अरूण आलोक सासाराम नगर थाना, अनुसंधान इकाई से काराकाट थाना, अनुसंधान इकाई, पूजा कुमारी-1 सासाराम नगर थाना, अनुसंधान इकाई से डिहरी नगर थाना, अनुसंधान इकाई, रोहित कुमार सिंह दरिगांव थाना, अनुसंधान इकाई से नासरीगंज थाना, अनुसंधान इकाई, राजेश कुमार, ओ0पी0 अध्यक्ष उगहनी, चेनारी थाना से बिक्रमगंज थाना, अनुसंधान इकाई, शालू कुमारी कच्छवां थाना, अनुसंधान इकाई से डिहरी (मु0) थाना, अनुसंधान इकाई, बिकाश कुमार बिक्रमगंज थाना, अनुसंधान इकाई से काराकाट थाना, अनुसंधान इकाई, अमित कुमार दिनारा थाना, अनुसंधान इकाई से नौहट्टा थाना, अनुसंधान इकाई, सोनू कुमार भानस थाना, अनुसंधान इकाई से दरिहट थाना, अनुसंधान इकाई, कुन्दन कुमार राजपुर थाना, अनुसंधान इकाई से करबंदिया थाना, अनुसंधान इकाई, आशा कुमारी राजपुर थाना, अनुसंधान इकाई से दरिगांव थाना, अनुसंधान इकाई, तरूण कुमार सूर्यपुरा थाना, अनुसंधान इकाई से तिलौथू थाना, अनुसंधान इकाई, अनामिका सुधा सूर्यपुरा थाना, अनुसंधान इकाई से नोखा थाना, अनुसंधान इकाई, सिमरन कुमारी दावथ थाना, अनुसंधान इकाई से अकोढ़ीगोला थाना, अनुसंधान इकाई, रूपम कुमारी नासरीगंज थाना, अनुसंधान इकाई से सासाराम (मु0) थाना, अनुसंधान इकाई, राहुल कुमार नासरीगंज थाना, अनुसंधान इकाई से कोचस थाना, अनुसंधान इकाई, पिंकी कुमारी साव, नटवार थाना, अनुसंधान इकाई से नोखा थाना, अनुसंधान इकाई, प्रदीप कुमार, इन्द्रपुरी थाना, अनुसंधान इकाई से दावथ थाना, अनुसंधान इकाई, रजनीश कुमार, डिहरी (मु0) थाना अनुसंधान इकाई से चेनारी थाना, अनुसंधान इकाई, विश्वजीत कुमार, डिहरी नगर थाना, अनुसंधान इकाई से सासाराम नगर थाना, अनुसंधान इकाई, पूनम कुमारी, डिहरी नगर थाना, अनुसंधान इकाई से बड्डी थाना, अनुसंधान इकाई, प्रियंका कुमारी तिलौथू थाना, अनुसंधान इकाई से सासाराम नगर थाना, अनुसंधान इकाई, दिवाकर कुमार तिलौथू थाना, अनुसंधान इकाई से डालमियानगर थाना, अनुसंधान इकाई, परमात्मा कुमार रोहतास थाना, अनुसंधान इकाई से बिक्रमगंज थाना, अनुसंधान इकाई, प्रिंस कुमार मिश्रा, डालमिया नगर थाना, अनुसंधान इकाई से सासाराम नगर थाना, अनुसंधान इकाई, कुन्दन कुमार दरिहट थाना, अनुसंधान इकाई से करगहर थाना, अनुसंधान इकाई, अनामिका कुमारी नौहट्टा थाना, अनुसंधान इकाई से कच्छवां थाना, अनुसंधान इकाई, राज कुमार, अकोढीगोला थाना, अनुसंधान इकाई से बड्डी थाना, अनुसंधान इकाई, अपराजिता बधैला थाना, अनुसंधान इकाई से राजपुर थाना अनुसंधान इकाई, मिथुन कुमार झा करबंदिया थाना, अनुसंधान इकाई से दिनारा थाना, अनुसंधान इकाई, जया भारती करगहर थाना, अनुसंधान इकाई से शिवसागर थाना, अनुसंधान इकाई, अभिषेक कुमार सिंह करगहर थाना, अनुसंधान इकाई से धौड़ाढ थाना, अनुसंधान इकाई, शम्भु कुमार करगहर थाना, अनुसंधान इकाई से नासरीगंज थाना, अनुसंधान इकाई।

एसपी ने बताया कि कि तबादले से पुलिस की कार्यप्रणाली में गश्त बढ़ेगी, लंबित मामलों, अवैध कारोबार, विधि व्यवस्था का निपटारा में तेजी होगा। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय सासाराम और डिहरी में बेहतर यातायात व्यवस्था बहाल रखने के लिए भारी संख्या में यातायात थाना में भारी संख्या में कई अनि व स अ नि को बड़ा पदस्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि दो साल से अधिक समय से एक ही थाने में जमे कर्मियों को हटाकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संतुलन बनाने की कोशिश की गई है।

# पर्यावरण संरक्षण के प्रति डीडीयू मंडल पूर्णतया प्रतिबद्ध

**कार्बन फुटप्रिंट में कमी एवं सतत विकास हेतु विद्युत विभाग की पहल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल सतत विकास करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूर्णतया प्रतिबद्ध है। मंडल के विद्युत विभाग द्वारा डीडीयू मंडल में हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने तथा सतत विकास को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न पहलें की जा रही है। मंडल के विभिन्न स्थानों पर कुल 650 किलोवाट क्षमता के ग्रिड-संलग्न सौर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं तथा अतिरिक्त 80 किलोवाट क्षमता का सौर संयंत्र स्थापनाधीन है। वित्तीय वर्ष 2025ऽ26 के दौरान इन संयंत्रों द्वारा लगभग 4,11,918 यूनिट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया गया जिससे पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता में कमी आई है। ऊर्जा की दृष्टि से स्व-निर्भर भवनों के विकास हेतु कुछ भवनों की पहचान की गई है। इस क्रम में इटीटीसी/डीडीयू भवन को बीइइ रेटिंग के साथ नेट जीरो / नेट जीरो प्लस के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। यह भवन 70 किलोवाट रूफटॉप सोलर प्लांट से सुसज्जित है जो इसकी विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम है। इसके अतिरिक्त गया स्टेशन पर 2 मेगावाट रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने की योजना है जिससे ग्रिड विद्युत पर निर्भरता में और कमी आएगी। रेलवे परिसरों में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में एलईडी लाइटिंग, ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग तथा विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपाय प्रभावी रूप से लागू किए जा रहे हैं जिससे विद्युत खपत का नियमन संभव हो रहा है। ये सभी पहलें भले ही छोटी प्रतीत हों, परंतु सामूहिक रूप से ये कार्बन फुटप्रिंट में कमी तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। साथ ही सतत विकास को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियां भी संचालित की जा रही है।

# प्रशासन ने चार नाबालिग दूल्हे की रुकवाई शादी, होगी कार्रवाई

**सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवियों ने मामले की गहनता से जांच की मांग की**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** सामाजिक कुरीतियों पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सर्वजन कल्याण संस्थान ने अपने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कम उम्र के वर-वधू के पंजीकरण पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। संस्थान ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित वैधानिक आयु से कम होने पर किसी भी जोड़े का पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा। संस्थान के अध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा ने बताया कि हाल ही में एक मामले में आयु सत्यापन के दौरान वधू की वास्तविक उम्र कम पाई गई। आवेदन के समय प्रस्तुत आधार कार्ड के आधार पर पंजीकरण किया गया था, लेकिन जांच में सच्चाई सामने आने के बाद पंजीकरण रद्द कर दिया गया। संबंधित अभिभावकों को लिखित सूचना देते हुए स्पष्ट कर दिया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और ऐसी स्थिति में संस्थान कोई जिम्मेदारी नहीं लेगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं, न कि कानून का उल्लंघन करने के लिए। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों का विवाह केवल बालिग होने के बाद ही करें, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रह सके। संस्थान के इस निर्णय को समाज में जागरूकता बढ़ाने और बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने की दिशा में एक सराहनीय पहल माना जा रहा है। इधर तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से बाहरी राज्यों, विशेषकर राजस्थान से आने वाली दर्जनों गाड़ियों की लगातार आवाजाही ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि इन गाड़ियों के माध्यम से बड़ी संख्या में विवाह संबंधी गतिविधियां संचालित हो रही है जिससे संभावित मानव तस्करी या संदिग्ध विवाह गिरोह के सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है। मंगलवार को स्थिति तब और चर्चा में आ गई जब एक ही दिन चार राज्यों की गाड़ियां तिलौथू पहुंचीं। जानकारी के अनुसार शिव शक्ति मैरेज हॉल, बाबूगंज सहित अन्य मैरेज हॉल में कार्यक्रम बुक किए गए थे जिनमें बाहर से आए लोगों, खासकर राजस्थान के व्यक्तियों की संख्या अधिक देखी गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पहले भी कुछ दिन पूर्व मंदिर परिसर में एक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ था जिसमें बाहरी राज्य के लोगों की भागीदारी रही और सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। हालांकि उस मामले में क्या कार्रवाई हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया। गौरतलब है कि रोहतास जिला के तिलौथू और नौहट्टा क्षेत्रों से पिछले एक दशक में सैकड़ों लड़कियों के अन्य राज्यों में विवाह के मामले सामने आ चुके हैं। कई बार इन घटनाओं को लेकर लड़कियों की खरीद-फरोख्त जैसी गंभीर आशंकाएं भी व्यक्त की गई है जिससे यह मुद्दा लगातार सामाजिक चिंता का विषय बना हुआ है।

# वार्ड 12 में सफाई व्यवस्था बदहाल, पार्षद ने लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नगर पंचायत रोहतास के वार्ड संख्या 12 के पार्षद आकिब जावेद ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की बदहाली को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कुशडीहरा के पश्चिमी छोर स्थित रेलवे लाइन के आसपास गंदगी पसरे होने, नाली-नालों की नियमित सफाई नहीं होने तथा कचरा उठाव कार्य ठप रहने की बात उठाई है। पार्षद ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा लगातार गंदगी और जलजमाव की शिकायतें मिल रही है जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जब इस संबंध में सफाई कर्मियों से पूछताछ की जाती है तो वे ट्रैक्टर, टीपर और अन्य उपकरण खराब होने का हवाला देकर काम टाल देते हैं। आकिब जावेद ने अपने पत्र में मांग की है कि जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे इस मुद्दे को और उच्च स्तर पर उठाने के लिए बाध्य होंगे।

# पैक्स अध्यक्ष पद पर उदय कुमार प्रसाद की प्रचंड जीत, 1080 मतों से विजयी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** नगर पंचायत काराकाट गोड़ारी पैक्स चुनाव-2026 के परिणाम सोमवार देर शाम घोषित कर दिए गए। मतगणना के बाद अध्यक्ष पद पर उदय कुमार प्रसाद ने एकतरफा जीत दर्ज की। उन्हें कुल 1279 मत मिले जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी ज्योति देवी को 199 मत ही प्राप्त हुए। इस तरह उदय कुमार प्रसाद 1080 मतों के बड़े अंतर से पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव परिणाम आते ही गोड़ारी बाजार में समर्थकों ने जमकर जश्न मनाया। ढोल-नगाड़ों के साथ विजयी जुलूस निकाला गया और उदय कुमार प्रसाद को फूल-मालाओं से लाद दिया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने जीत का श्रेय क्षेत्र के किसानों, मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि पैक्स को पारदर्शी और किसान हितैषी बनाया जाएगा। उन्होंने खाद-बीज वितरण में गड़बड़ी रोकने और किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने का वादा किया।

**सदस्य पदों के नतीजे :** पिछड़ा वर्ग सदस्य पद पर अश्रय कुमार गुप्ता ने 939 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी रंजित कुमार को 371 वोट मिले। इस प्रकार अक्षय कुमार गुप्ता 568 मतों से विजयी रहे। वहीं अनुसूचित जाति सदस्य पद पर वशिष्ट राम ने 921 मत पाकर जीत हासिल की। सुरेन्द्र पासवान को 384 मत मिले और वशिष्ट राम 537 मतों के अंतर से विजयी घोषित हुए।

**शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान**

चुनाव अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत गोड़ारी में मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। सुबह से ही बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम के बीच मतगणना देर शाम तक चली। परिणाम घोषित होने के बाद तीनों विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि नई पैक्स समिति किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता देगी और क्षेत्र में सहकारिता आंदोलन को मजबूती मिलेगी।

# नगर निगम ने की शहर में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** भीषण गर्मी के मद्देनजर आम नागरिकों एवं राहगीरों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से सासाराम शहर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों पर शुद्ध पेयजल प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को शेरशाह सूरी मकबरा के समीप प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मेयर, नगर निगम सासाराम काजल कुमारी ने फीता काटकर प्याऊ का उद्घाटन किया। मेयर ने कहा कि नगर निगम सासाराम द्वारा भीषण गर्मी में आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि




शहर के व्यस्त एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसी भी व्यक्ति को पीने के पानी के लिए परेशानी न उठानी पड़े। नगर आयुक्त ने कहा कि इन प्याऊ केंद्रों पर स्वच्छता एवं नियमित जल आपूर्ति का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए नगर निगम द्वारा आवश्यक व्यवस्था एवं निगरानी की जा रही है जिससे लोगों को निरंतर शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सके।

# 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के समक्ष रखा। जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र से कुल 45 परिवादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद से संबंधित 13 मामले, राशन कार्ड से जुड़े 22 मामले तथा अन्य विविध श्रेणी के 10 मामले शामिल थे। भूमि विवाद के अधिकांश मामले दाखिल-खारिज, सीमा विवाद और



अतिक्रमण से संबंधित थे जबकि राशन कार्ड के मामलों में नए कार्ड बनाने, नाम जोड़ने-हटाने और डीलर से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी आवेदन पत्रों के शीघ्र एवं समयबद्ध निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों को निर्देशित किया। साथ ही यह भी कहा कि किसी भी नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में अनावश्यक परेशानी न हो, यह प्रशासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर अंचल अधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, राजस्व कर्मचारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जनता दरबार में आए बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई थी। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' पहल का मुख्य उद्देश्य शासन को जनता के द्वार तक ले जाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे योजनाओं से जुड़ी जानकारी के लिए नियमित रूप से आयोजित होने वाले जनता दरबार का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी 45 मामलों की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी ताकि किसी भी आवेदन का निष्पादन लंबित न रहे। परिवादियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और इसे जनहित में उठाया गया सकारात्मक कदम बताया।


**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : **सीनि. डीईएन/1/हावड़ा। क्रमांक 1, एनआईटी सं.: 2_2026-27, दिनांक 17.04.2026, कार्य का विवरण:** पूर्व रेलवे के सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधीन यार्ड तथा आसपास के क्षेत्र के लिए वर्तमान योजनाओं में सुधार कर यार्ड योजनाएं तैयार करना तथा उसका पूर्व रेलवे के सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना तथा ड्रोन/लाइडर तथा डीजीपीएस/टीएस, मानव रहित एरियल सिस्टम (यूएएस) तथा स्टीरियो फोटोग्रैमेट्री तकनीकी का प्रयोग कर सीएडी प्रारूप तथा पीडीएफ प्रारूप में में डिलीवरी करना। **अनुमानित लागत:** रु. 46,99,058.70; **बयाना राशि:** रु. 94,000। **क्रमांक 2, एनआईटी सं.: 05_2026-27, दिनांक 17.04.2026, कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधीन 31 रेलवे यार्डों की जल निकासी योजना तैयार करने के लिए व्यापक जल निकासी अध्ययन। **अनुमानित लागत:** रु. 49,71,662.82; **बयाना राशि:** रु. 99,400। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** दोनों के लिए शून्य। **समापन अवधि:** दोनों के लिए 4 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 07.05.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-27/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिशन का दक्षिण भारत में होगा विस्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** बेंगलुरु में नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिशन राज्य शाखा कर्नाटका की बैठक बनरघट्टा रोड स्थित कोपा गेट गवर्नमेंट स्कूल मे मंगलवार को आयोजित किया गया जिसमें दक्षिण भारत में भी संघ का व्यापक विस्तार कर बुजुर्गो की सेवा का संकल्प दुहराया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पाण्डेय 'एलौन' ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के हक के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों की बन्द की गई रेल किराया छूट को फिर से बहाल कराने, साठ से सत्तर साल उम्र वाले बुजुर्गो को भी आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने, पुलिस थानों में सीनियर सिटीजन सेल का गठन कराकर उसका नियमित बैठक कराने, पुरानी पेंशन योजना लागू कराने, सीनियर सिटीजन एक्ट का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए हम सभी आवश्यक प्रयास कर रहे हैं। कर्नाटका संयोजक प्रदीप कुमार ने कहा कि हमें मध्यम एवं निम्न वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान देना होगा। उधर प्रदीप कुमार को संघ के कर्नाटका इकाई का अध्यक्ष मनोनीत कर कार्यकारिणी गठित करने के लिए अधिकृत किया गया। मौके पर राष्ट्रीय सलाहकार गोपाल चौरसिया, प्रेम शंकर ओझा, गीता मिश्रा, एस जींनत हसन खान, आर.एस. प्रसाद, ए. एस. स्वामी, राज कुमार तार, एस.एन शर्मा, एच.सोलंकी, मुख्तार खान, नीरज कुमार पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित थे।

# मलियाबाग में जले ट्रांसफार्मर को लेकर जनता में आक्रोश, 200 केवीए की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज रोड स्थित मलियाबाग में जला हुआ ट्रांसफार्मर बदलने को लेकर जनता ने कड़ा विरोध जताया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण क्षेत्र में बिजली संकट गहरा गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कनीय विद्युत अभियंता, एसडीओ और ठेकेदार ने मलियाबाग में 200 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया था। आश्वासन के बावजूद आज 21 अप्रैल 2026 को विभाग ने 100 केवीए का पुराना ट्रांसफार्मर भेज दिया। स्थानीय निवासियों ने 100 केवीए के पुराने ट्रांसफार्मर को लगाने से साफ इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि क्षेत्र में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है और 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लोड नहीं उठा पाएगा। बार-बार फ्यूज उड़ने और ट्रांसफार्मर जलने की समस्या पहले से बनी हुई है। इसलिए 200 केवीए से कम क्षमता का ट्रांसफार्मर स्वीकार नहीं किया जाएगा। आक्रोशित जनता ने विद्युत विभाग को चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द मलियाबाग, बिक्रमगंज रोड में 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए। लोगों ने कहा कि यदि विभाग ने उनकी मांग पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो वे जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि भीषण गर्मी शुरू हो चुकी है और बिजली न होने से पेयजल, पढ़ाई और कारोबार सभी प्रभावित हो रहे हैं। जनता ने ऐलान किया है कि नया ट्रांसफार्मर लगवाने के लिए वे विभागीय अधिकारियों से मिलेंगे और जरूरत पड़ी तो उच्च स्तर पर शिकायत दर्ज कराएंगे। ग्रामीणों ने दो टूक कहा कि आश्वासन नहीं, अब केवल 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर चाहिए।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: एलआरसी_आरएसपी_आईसीएफ-हाईब्रिड_एनएमजीएचएसआर, दिनांक 17.04.26;** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए वित्तीय एवं तकनीकी रूप से सक्षम निविदाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** आईसीएफ एवं हाईब्रिड कोचों का ऑटोमोबाइल कैरियर सह ब्रेक वैन कोचों में रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 7,33,21,140.60। **बयाना राशि:** रु. 14,66,400। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 08.05.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण जहां निविदा के परिपूर्ण विवरण के उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in

(MISC-19/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पराली की आग से 300 एकड़ फसल अवशेष राख, पशुचारे का संकट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज प्रखंड के नोनहर और धनगाईं गांवों के बधार में लगी भीषण आग ने किसानों की कमर तोड़ दी है। गेहूं की कटाई के बाद खेतों में छोड़े गए पराली और डंठलों में अचानक भड़की आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। तेज पछुआ हवा के चलते आग बेकाबू हो गई और नोनहर गांव के सिवान से धनगाईं गांव तक फैल गई। आग की लपटों ने करीब 300 एकड़ में फैले गेहूं के डंठल और पशुओं के चारे के लिए भंडारित पुआल को अपनी चपेट में ले लिया। पूरा बधार जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया। इस हादसे में किसानों को दोहरा नुकसान हुआ है। खेतों में बचे अवशेष तो जले ही, साथ ही पशुओं के लिए सालभर का चारा भी खत्म हो गया। इससे पशुपालकों के सामने चारे का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित किसानों में रंजीत यादव, राजेश यादव, मूरत यादव और रामधेश यादव समेत कई अन्य शामिल हैं। इनकी महीनों की मेहनत आग की भेंट चढ़ गई। आग की तपिश से बधार में लगे एक दर्जन से अधिक पेड़ भी झुलस गए जिससे स्थानीय हरियाली को भी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई। लोगों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद अग्निशमन दल मौके पर समय से नहीं पहुंचा जिससे नुकसान और बढ़ गया। इस पर एसडीएम प्रभात कुमार ने सफाई दी कि सोमवार को अनुमंडल क्षेत्र में एक साथ कई जगहों पर आग लगने की सूचना थी। इसी वजह से दमकल टीम को सभी जगहों पर पहुंचने में देरी हुई। उन्होंने बताया कि नुकसान का आकलन करने के लिए अंचल अधिकारी को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रशासन की कोशिश है कि प्रभावित किसानों को सरकारी प्रावधानों के तहत जल्द से जल्द मुआवजा दिलाया जाए। फिलहाल राजस्व विभाग की टीम क्षति का आंकलन कर रही है।

# अर्द्धविक्षिप्त लड़की के साथ दुष्कर्म, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** कैमूर पहाड़ी की तलहटी में अवस्थित अमझोर थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे एक मजदूर की अर्द्धविक्षिप्त बेटी के साथ दुष्कर्म की प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के अनुसार इस बात की जानकारी तब हुई जब युवती के माता-पिता उसे दवा करने हेतु स्थानीय पीएचसी लेकर आए।अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने युवती की स्थिति नाजुक होते देख इसकी सूचना अमझोर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आई और उसे रेफर करवाने के बाद मेडिकल जांच के लिए सासाराम भेज दिया है। बताया जाता है कि अमझोर थाना क्षेत्र के एक गांव से पश्चिम एक ईंट भट्ठा पर काम कर रहे एक मजदूर की अर्धविक्षिप्त बेटी झोपड़ीनुमा घर में थी कि आसपास के कुछ मनचलों द्वारा लड़की को जबरन उठाकर सुनसान जगह पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता अपने घर आई और दर्द से कराहने लगी तभी उसके माता-पिता काम कर घर लौटे तो देखा की बेटी की स्थिति बहुत ही खराब है। तभी तत्काल उसे स्थानीय पीएचसी लाया जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने इसकी सूचना पुलिस की दी। पुलिस ने युवती को अस्पताल से रेफर करा मेडिकल जांच हेतु सासाराम भेज दिया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार के अनुसार इस मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। पीड़िता की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे मेडिकल जांच के लिए सासाराम भेजा गया है तथा इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है। इस घटना से संबंधित दो लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया है।


**UT MOST SERVE FOUNDATION (U.S.F) (नि.सं.-582/2013-14) नामक संस्था के संबंध में सूचना**

UT MOST SERVE FOUNDATION (U.S.F) (नि.सं.-582/2013-14) नामक संस्था कार्यालय पता-बारून रोड, वार्ड नं.-8 नियर पुलिस स्टेशन, पो.-दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद, पिन कोड-824143 द्वारा संस्था के नाम, उद्देश्य, कार्यकारिणी समिति एवं नियमावली में किये जा रहे परिवर्तन को अभिलिखित करने हेतु मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग को नियमानुसार सभी कागजातों के साथ अनुरोध किया गया है।

बिहार सोसाईटी रजिस्ट्रीकरण नियमावली, 2018 के नियम 20 (ii) के आलोक में UT MOST SERVE FOUNDATION (U.S.F) (नि.सं.-582/2013-14) नामक संस्था के नाम, उद्देश्य, कार्यकारिणी समिति एवं नियमावली में किये जा रहे परिवर्तन को अभिलिखित किये जाने संबंधित प्रस्ताव पर यदि किसी व्यक्ति/समूह को आपत्ति हो तो संबंधित व्यक्ति/समूह लिखित रूप में अपनी आपत्ति निबंधन महानिरीक्षक, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, विकास भवन, बेलीरोड, पटना-800015 के कार्यालय में 01 माह के अंदर दर्ज करा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बुनियाद केंद्र में जरूरतमंदों के लिए निशुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण

**हिसुआ (नबिटासं)।** प्रखंड स्थित बुनियाद केंद्र में जरूरतमंद लोगों के लिए निशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण का कार्य लगातार जारी है। इस पहल से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को बड़ी राहत मिल रही है, खासकर उन लोगों को जो आर्थिक तंगी के कारण समय पर आंखों की जांच नहीं करा पाते थे। केंद्र पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अपनी आंखों की जांच करवा रहे हैं और आवश्यकतानुसार चश्मा प्राप्त कर रहे हैं। नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ लालन कुमार एवं उनके



सहयोगी आरियान कुमार द्वारा लोगों की आंखों की बारीकी से जांच की जा रही है। जांच के दौरान मरीजों की स्थिति के अनुसार उन्हें चश्मा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। चिकित्सकों ने बताया कि कई मरीजों के लिए विशेष लेंस तैयार कराए जा रहे हैं, जिन्हें तय समय पर फोन कर बुलाकर वितरित किया जाएगा। शिविर के दौरान शंभू पंडित द्वारा पर्ची पर लाभार्थियों का नाम एवं आधार नंबर दर्ज कर पूरी व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। वहीं, स्थानीय निवासी चंदन कुमार और अरविंद सिंह ने भी अपनी आंखों की जांच करवाई और चश्मा प्राप्त किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। इससे न केवल लोगों को समय पर इलाज मिल रहा है, बल्कि दृष्टि संबंधी समस्याओं का समाधान भी हो रहा है।

### 11 सूत्री मांगों को लेकर पेंशनर एसोसिएशन का धरना, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**नवादा (नबिटासं)।** वित्त विधेयक 2025 को पुनः लागू करने, नई पेंशन योजना को समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाल करने तथा 2025 से पूर्व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का लाभ देने समेत 11 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को पेंशनर एसोसिएशन के सदस्यों ने धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उसे प्रधानमंत्री को अग्रसारित करने की मांग की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद एवं महासचिव भुनेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनभोगी संघ के आह्वान पर नवादा जिला पेंशनर एसोसिएशन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार को पेंशनभोगियों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। मांग पत्र में महंगाई भत्ता बढ़ाने, कोरोना काल से लंबित महंगाई भत्ते का ब्याज सहित भुगतान, पेंशन में बदलाव की राशि की 11 वर्षों तक की गई कटौती को समाप्त करने, ट्रेन, बस एवं अन्य निजी वाहनों में किराए में छूट देने, सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाने, नए श्रम कानूनों को रद्द करने तथा नई शिक्षा नीति 2020 को निरस्त करने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा हर पांच वर्ष पर 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि की भी मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यह एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, जिसमें 17 राज्यों के प्रतिनिधि जुड़े हैं और करीब 10 लाख पेंशनभोगी सदस्य हैं। धरना कार्यक्रम में प्रो. नरेशचंद शर्मा, शाहनवाज खान, नथुन चौधरी, रूपलाल पासवान, धर्मेंद्र आचार्य, किशोरी प्रसाद मेहता, अरविंद कुमार सहित दर्जनों पेंशनभोगी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के फॉलो अप दिवस पर तीन गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज चढ़ाया गया

**मेस्कौर (नबिटासं)।** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुबीर कुमार के देखरेख में आज प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान फॉलो अप दिवस के अंतर्गत पूर्व में चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को आज विस्तृत जांच एवं उपचार सुविधा उपलब्ध कराया गया इस दौरान काजल कुमारी तेतरिया सीमा कुमारी रामपुर ,सबीना खातून बनिया बीघा का हीमोग्लोबिन 9 अप्रैल को प्रधानमंत्री सुरिक्षत मातृत्व अभियान के दौरान जांच में 7 ग्राम/डी एल से कम पाया गया था । इन सभी चिन्हित गर्भवती महिलाओं को लगातार आशा के माध्यम से फॉलो अप



करते हुए आयरन सुक्रोज चढ़ाया जा रहा है, इसी क्रम में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान फॉलो अप दिवस के दिन जो प्रत्येक माह 15 और 21 तारीख को आयोजित किया जाता है आज प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुबीर कुमार के देख देख में तीनों गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को आयरन थेरेपी दिया गया एवं आयरन जनित खानपान पर उचित परामर्श दिया गया इस दौरान पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि नीरज कुमार के द्वारा भी गंभीर एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं को उचित खान-पान एवं लगातार चिकित्सकीय उपचार डॉक्टर एवं एनएमएम की देख-रेख में अपने जांच एवं उपचार कराने के लिए संबंधित सलाह दिया गया। इस दौरान एएनएम गायत्री कुमारी संबंधित आशा सुनीता कुमारी सिंपी कुमारी, कि सक्रिय भूमिका रही।

# बस की चपेट में आने से युवक की मौत ग्रामीणों ने गाड़ी में की तोड़ फोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव में बस के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गया।मृतक की पहचान गांव निवासी विजय मांझी के 23 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार के रूप में किया गया।घटना के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव में बारात आया हुआ था डीजे के पीछे नाचने के दौरान धक्का मुक्की में युवक सड़क पर गिर गया।

इसी दौरान युबक बस के चपेट में आ गया।जिससे युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।जख्मी युवक को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनौसा ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।इधर घटना से नाराज लोगों ने बारात जा रहे



बहनों को रोकवा कर चालक के साथ मारपीट करते हुए दर्जनों वाहनों को छतिग्रस्त कर दिया।मारपीट में जख्मी स्कार्पियो चालक शुभम कुमार ने बताया कि वह स्कार्पियो से माधोपुर से बलधा जा रहा था कि मोहिउद्दीनपुर गांव में एका एक भीड़ आई और गाड़ी रुकवा दिया।जबतक कुछ समझ पाते गाड़ी का सीसा तोड़ दिया और गाड़ी से बाहर निकाल मारपीट करने लगा।लगभग दर्जनों गाड़ी के सीसा तोड़कर गाड़ी छतिग्रस्त कर मारपीट किया।जबकि जिस गाड़ी से घटना हुआ वह गाड़ी लेकर चालक फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते हैं नगरनौसा थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच।हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझा बुझा मामला शांत कराया।थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौप दिया गया हैं। पीड़ित द्वारा आवेदन मिलने पर कार्रवाई किया जाएगा।पुलिस घटनास्थल पर कैम्प कर रही है।विधि व्यवस्था सामान्य है।पुलिस घटना में शामिल वाहन की जानकारी जुटा रही हैं।

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल में दसवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन

## जिला टॉपर भव्या भारती को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, न्यू एरिया में सत्र 2025झ26 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया



गया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, गर्व और प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके शानदार परिणामों के लिए सम्मानित किया गया। जिले की टॉपर *भव्या भारती* ने 98% अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। इसके साथ ही आदिती कुमारी, सौम्या कुमारी और दिव्यांशु ने 92% अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी क्रम में श्रीजा बरनवाल और अभिज्ञान ने 91%, प्रणय मिश्रा और प्रियांशु ने 90% अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। अन्य सफल विद्यार्थियों में अनुराधा (88%), मणिकांत कुमार (86%), रानी सिमरन (77%) तथा सूर्यांश (75%) का भी सम्मान किया गया। समारोह में विद्यालय के डायरेक्टर *अनुज सिंह* ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ह्लसफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से मिलती है। हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय के प्राचार्य *गोपाल चरण दास* ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को निरंतर सीखने की भावना बनाए रखने और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता नहीं, बल्कि एक सशक्त और जिम्मेदार व्यक्तित्व का निर्माण है। वहीं उप-प्राचार्य *सुजय कुमार* ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता शिक्षकों के समर्पण, अभिभावकों के सहयोग और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में और ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह के रूप में मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षकों के योगदान की भी सराहना की गई, जिनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की। यह सम्मान समारोह न केवल विद्यार्थियों के लिए गौरव का क्षण बना, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत सिद्ध हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी मॉडर्न इंग्लिश स्कूल इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

# नालंदा विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक सम्बन्ध पर आईसीसीआर महानिदेशक ने साझा किए विचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालन्दा विश्वविद्यालय में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की महानिदेशक श्रीमती के. नंदिनी सिंगला ने ह्लसांस्कृतिक सम्बन्धह्व विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। इस अवसर पर परिषद के उप-महानिदेशक श्री आशीष रंजन और आईसीसीआर पटना क्षेत्रीय कार्यालय की प्रमुख सुश्री स्वधा रिजवी की भी विशिष्ट उपस्थिति रही। अपने



संबोधन में, उन्होंने भारत की विस्तार लेती वैश्विक भूमिका और राष्ट्र की 'सॉफ्ट पावर' के आधार स्तंभ के रूप में सांस्कृतिक संबंधों के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। आईसीसीआर के मिशन के प्रति कुलपति के निरंतर सहयोग की सराहना करते हुए, उन्होंने रेखांकित किया कि कैसे भारत की सभ्यतागत विरासत आत्मविश्वास और गरिमा के साथ इसके अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को आकार दे रही है। जोसेफ न्ये की 'सॉफ्ट पावर' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए, उन्होंने बिना किसी विजय अभियान के विचारों, मूल्यों और ज्ञान प्रणालियों को साझा करने की भारत की दीर्घकालिक परंपरा पर जोर दिया। 'वसुधैव कुटुंबकम' और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व जैसे मौलिक सिद्धांतों पर बल देते हुए, उन्होंने भाषाओं, कला, संगीत, नृत्य और सिनेमा में भारत की विशाल सांस्कृतिक समृद्धि के साथ-साथ 'वैक्सीन मैत्री', विकास साझेदारी, छात्रवृत्ति और मानवीय सहायता जैसी पहल के माध्यम से भारत के समकालीन वैश्विक योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने मानवाधिकारों, महिला सशक्तिकरण और सतत विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ-साथ भारतीय ज्ञान में रचे-बसे योग, ध्यान और सचेत जीवन (माइंडफुलनेस) की बढ़ती वैश्विक गूँज का भी उल्लेख किया। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इसे दुनिया भर में सांस्कृतिक आदान-प्रदान और जन-जन के जुड़ाव को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय अपने विविध अंतरराष्ट्रीय छात्र समुदाय के साथ सांस्कृतिक-संबंधों का एक सशक्त उदाहरण है। अपने संबोधन के बाद, आईसीसीआर की महानिदेशक ने नालंदा विश्वविद्यालय में आईसीसीआर के विद्वानों के साथ संवाद किया, उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और उन्हें परिषद की पहलों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# तीन दिवसीय चतुर्थ व पंचम बैच का प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** आगामी दो मई से प्रगणकों के माध्यम से मकान सूचीकरण ऑनलाइन प्रक्रिया को लेकर भारत की जनगणना कार्य में लगे कर्मियों का तीन दिवसीय चतुर्थ व पंचम बैच का प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण इंटर विद्यालय नारदीगंज में हुआ।



प्रशिक्षक के रुप में मास्टर ट्रेनर अवधेश कुमार के अलावा प्रशिक्षक राकेश कुमार, रविरंजन कुमार और पंकज कुमार के माध्यम से प्रशिक्षण सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर संजय कुमार, ममता कुमारी,अशोक कुमार समेत अन्य प्रशिक्षण में शामिल हुए।

# श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता बनाये जाने पर खुशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहार विधानसभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार को जदयू विधायक दल का नेता बनाए जाने के बाद जदयू कार्यकताओं के बीच खुशी की लहर है। कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यकताओं ने कहा कि श्रवण कुमार पार्टी के स्थापना काल से ही एक समर्पित और सच्चे सिपाही के रूप में काम करते आ रहे हैं।



वे हमेशा नीतीश कुमार की नीतियों और सिद्धांतों पर चलते हुए उनके हर निर्देश का पालन करते हैं। उनका दरवाजा आम जनता और कार्यकताओं के लिए हमेशा खुला रहता है। श्रवण कुमार लगातार आठवीं बार नालंदा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए हैं। उनकी पहचान एक सादगीपूर्ण, समर्पित और जनसेवा के प्रति निष्ठावान नेता के रूप में रही है। राजनीतिक जीवन में उन्होंने हर उतार-चढ़ाव में नीतीश कुमार का साथ निभाया है। बताया गया कि उन्होंने कपूरी ठाकुर के सानिध्य में राजनीति का पाठ सीखा और उनके विचारों से प्रेरित होकर गरीबों, शोषितों, वंचितों और अतिपिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ी। उनके व्यक्तित्व में कपूरी ठाकुर, लोहिया और जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी नेताओं की झलक देखने को मिलती है। कार्यकताओं का कहना है कि श्रवण कुमार ह्लन्याय के साथ विकासह्व और सुशासन के एजेंडे को मजबूती से जनता के बीच ले जाएंगे और पार्टी को और सशक्त बनाएंगे। इस निर्णय के लिए कार्यकताओं ने नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ और युवा नेताओं व कार्यकताओं ने श्रवण कुमार को बधाई दी और उनके नेतृत्व में पार्टी को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई।

# श्रम विभाग ने छापेमारी कर चार बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा प्रखंड में श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जयकृष्ण गुप्ता के नेतृत्व में नगरनौसा बाजार क्षेत्र में धावा दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान तीन अलग-अलग प्रतिष्ठानों से कुल चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया।

अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान जिले में लगातार जारी रहेगा और बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बाल एवं किशोर श्रम



(प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत संबंधित नियोजकों के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। वहीं, मुक्त कराए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, ताकि उनके पुनर्वास और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जयकृष्ण गुप्ता, प्रिंस कुमार (चंडी), आइडिया संस्था नालंदा के जिला समन्वयक उज्ज्वल कुमार, अस्विनी कुमार एवं शैलेंद्र प्रसाद सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। श्रम विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल श्रम होता दिखे तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग या नजदीकी थाना को दें, ताकि बच्चों को सुरक्षित भविष्य और शिक्षा का अवसर मिल सके।

# नगर परिषद हिलसा में कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक, समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** नगर परिषद हिलसा कार्यालय में सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक अभियंता एवं सभी कनीय अभियंताओं की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का आकलन किया गया। बैठक के दौरान सभी संवेदकों को निर्देश दिया गया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करें।

अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर दिया। साथ ही, कार्यों में आ रही बाधाओं पर भी चर्चा की गई और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि सभी कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य नगर क्षेत्र में चल रहे सभी विकास कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करना है।




# स्व-गणना के सफल आयोजन हेतु जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** जिले में स्व - गणना के सफल आयोजन हेतु जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक आयोजित की । समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित चार्ज पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिलेभर के सम्पूर्ण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जियो टैगिंग शत प्रतिशत सुनिश्चित करेंगे, तत्पश्चात डिमार्केशन का कार्य भी यथाशीघ्र पूर्ण करेंगे ।



उन्होंने कहा कि स्व गणना का कार्य में जीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, पंचायती राज, आईसीडीएस आदि कैंप लगाकर एक अभियान चला कर तीन से चार दिनों में पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। स्व गणना में कार्य हेतु पंचायत के जनप्रतिनिधियों यथा मुखिया, वार्ड सदस्य,पंचायत सचिव आदि का सहयोग प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि स्व गणना कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। डीएम ने स्व गणना कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया जिसमें स्व-गणना फ्लो चार्ट पोर्टल में प्रवेश एवं लॉग-इन जाएँ, अपने राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का चयन करें और कैप्चा कोड दर्ज करें। परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर ई-मेल आईडी (वैकल्पिक) दर्ज करें। परिवार के मुखिया का नाम बाद में बदला नहीं जा सकेगा। प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाईल नंबर का उपयोग किया जा सकता है। एक बार पंजीकृत होने के बाद वहीं मोबाइल नंबर किसी अन्य परिवार के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। भाषा चयन एवं ओटीपी सत्यापन के लिए अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करें तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें। चयनित भाषा को बाद में बदला नहीं जा सकता। स्थान संबंधी विवरण प्रदान करें अपने जिले का चयन करें, पिन कोड दर्ज करे गांव/नगर/स्थानीय क्षेत्र (लोकैलिटी) की जानकारी भरे मानचित्र पर अपने निवास स्थान को चिन्हित करें। मानचित्र पर लाल मार्कर को खींचकर अपने आवासीय भवन के सटीक स्थान पर स्थापित करें तथा स्थान की पुष्टि करें। मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रश्नावली भरें। प्रश्नों को समझने में सहायता के लिए टूलटिप्स. अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न तथा "आवश्यक सूचना उपलब्ध हैं। पूर्वावलोकन (ढ१ी५ी६) स्क्रीन का उपयोग करके दर्ज की गई सभी जानकारी की जाँच करें। आप निम्त कार्य कर सकते हैं: डेटा दर्ज करना में संशोधन के लिए वापस जाएं, बाद में प्रस्तुत करने के लिए ड्राफ्ट के रूप में सेव करें, या पुष्टि करें और सबमिट करें। पुष्टि करें और सबमिट करें। पर क्लिक करके अपने डेटा का अंतिम प्रस्तुतिकरण करें, अंतिम प्रस्तुतिकरण के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा। प्रपत्र के सफलतापूर्वक प्रस्तुत होने पर 11 अंकों की एक विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या उत्पन्न होगी, जो "ल्र" अक्षर से प्रारंभ होती है। यह रटर तथा ई-मेल (यदि प्रदान किया गया हो) के माध्यम से भेजी जाएगी। प्रगणक का दौरा जब जनगणना प्रगणक आपके घर आएँ, तो उन्हें अपनी रए क्ळ प्रदान करें। रए क्ळ मिलान का परिणाम यदि रए क्ळ मौजूदा रिकॉर्ड से मेल खाती है, तो आपकी जानकारी की पुष्टि कर उसे स्वीकार कर लिया जाएगा। यदि रए क्ळ का मिलान नहीं होता है। तो प्रगणक द्वारा नई जानकारी एकत्रित की जाएगी। इस अवसर पर नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन ,जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, डीआइओ, आइटीमैनेजर, डीपीओ आईसीडीएस, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# राज्य सरकार खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत : डॉ प्रेम कुमार

**▸ विधानसभा अध्यक्ष ने किया गया में राशन कार्ड वितरण ▸ पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर**




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को गया शहर के बागेश्वरी मंदिर और डेल्हा संस्कृत महाविद्यालय के समीप वार्ड संख्या 1, 2, 3, 4, 5 और 6 के लाभुकों के बीच राशन कार्ड का वितरण किया। इस मौके पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार गरीब और जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड मिलने से पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस सुविधा से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से देश के लगभग 80 करोड़ लाभुकों को इसका लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। मौके पर एएमओ, विकास मित्र सहित पप्पू चंद्रवंशी, शंभू यादव, सूरज राणा, राजेश मस्तान, राजनंदन गांधी, राजू प्रसाद, मनोज कुमार, वितन प्रजापति, पवन कुमार, विक्की सिंह, अक्षय यादव, शिवनारायण चंद्रवंशी, सुशील पासवान, राकेश आईटी, लक्ष्मण पांडे तथा खाद्य आपूर्ति विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और लाभुक मौजूद रहे जिन्होंने इस पहल की सराहना की और सरकार के प्रति आभार जताया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** अहियापुर-गुरारू मुख्य पथ पर सीयाडीह मोड़ के पास मंगलवार शाम करीब 7 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर में एक बाइक सवार युवक उम्र करीब 30 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर लगने के बाद युवक सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। उसी मार्ग से गुजर रहे सामाजिक कार्यकर्ता व ग्राम विश्वनाथपुर निवासी मो. कादिर ने बताया कि घायल युवक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। युवक लाल रंग की शर्ट पहने हुए है तथा उसके बाएं हाथ की कलाई पर टैटू बना हुआ है।

## शराब कारोबारी गिरफ्तार

**खिजरसराय।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चिरैली बाजार में छापामारी के दौरान एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार महतो ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना पर यह कार्रवाई की गई जिसमें चिरैली बाजार के एक कारोबारी के घर से 11 लीटर महुआ शराब के साथ अभियुक्त बुधन चौधरी को गिरफ्तार किया गया है जिसे कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायिक में भेज दिया गया है।

## हत्या के प्रयास मामले में चार गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**जमीन विवाद में लाठी-डंडे व पत्थर से मारपीट, एक घायल**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 अप्रैल को वादी ने आंती थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि वह अपने घर के दरवाजे पर मौजूद थे। इसी दौरान जमीन विवाद को लेकर नरेश विश्वकर्मा अपने सहयोगियों के साथ वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर से हमला कर दिया जिससे वादी गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में आंती थाना कांड संख्या 51/26 दर्ज कर थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने मामले का अनुसंधान शुरू किया। कार्रवाई के क्रम में पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में नरेश विश्वकर्मा (58), पिता स्व. मिलावन मिस्त्री, नंदकिशोर (34), पिता नरेश विश्वकर्मा, सरयू विश्वकर्मा (28), पिता नरेश विश्वकर्मा तथा कमला देवी (52), पति नरेश विश्वकर्मा, सभी ग्राम दौरमा के निवासी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# 12.5 लाख लोगों को मिलेगा आयुष्मान योजना का फायदा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले में आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ. चंदेश्वरी रजक ने बताया कि जिले में लगभग 12.5 लाख लोगों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य है जिसमें से अब तक 64% कवरेज हासिल कर ली गई है। सरकार ने 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए 'आयुष्मान वय वंदन योजना' शुरू की है। इसके तहत बुजुर्गों को पहले से मिल रहे 5 लाख रुपये के अतिरिक्त 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाएगा जिससे कुल कवरेज 10 लाख रुपये हो जाएगी।

जिले के 7 निजी और 10 सरकारी अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया है। इन अस्पतालों में अब तक 32 हजार से अधिक लाभार्थी मुफ्त इलाज का लाभ उठा चुके हैं। उपचार पर लगभग 1.25 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है।

डॉ. रजक ने उन परिवारों से अपील की है जो अभी तक इस योजना से नहीं जुड़ पाए हैं। वे अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल, सदर अस्पताल या कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर तैनात कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर भी कार्ड बनाने में सहायता कर रहे हैं। वार्ड सदस्य महेश खरवार ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि पहले आयुष्मान कार्ड न होने के कारण कई गरीब परिवारों को इलाज के अभाव में जान गंवानी पड़ती थी। उन्होंने बताया कि 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा ने गरीबों को बड़ी राहत दी है और जनता से इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## रामगढ़ पंचायत से फिर पैक्स अध्यक्ष बनीं रेगना देवी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** स्थानीय प्रखंड की रामगढ़ पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पद के लिए उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामगढ़ के तीन मतदान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हुआ। मतदान संपन्न होने के बाद करीब सात बजे प्रखंड परिसर के सभागार कक्ष में सुरक्षा व्यवस्था व वीडियोग्राफी के बीच मतदान पेटी को खोलकर गिनती की गयी। इसमें रामगढ़ पंचायत की रेगना देवी ने अपने प्रतिद्वंद्वी परमानंद को 90 मतों से पराजित कर पैक्स अध्यक्ष की कुर्सी पर अपना कब्जा फिर बरकरार रखी। बताया जाता है कि विजयी प्रत्याशी को 553 मत, तो उनके प्रतिद्वंद्वी को 463 मत प्राप्त हुए।

## बस-ट्रक में टक्कर, कई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के पास खड़ी ट्रक में पीछे से बारातियों को ले जा रही एक बस ने टक्कर मार दी जिसमें एक दर्जन लोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह के अनुसार झारखंड के गढ़वा से संत मेरी स्कूल की बस से बारातियों को लेकर सासाराम के नावाडीह जा रही थी।

## डॉ. प्रेम कुमार ने की गया में बिजली व्यवस्था की समीक्षा

# 30 अप्रैल तक आरडीएसएस कार्य पूरा करने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गया अतिथि गृह में बिजली विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विद्युत आपूर्ति चल रही परियोजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया। बैठक में विशेष रूप से संशोधित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत हो रहे कार्यों की स्थिति पर चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि आरडीएसएस के अंतर्गत गया और जहानाबाद जिले को मिलाकर कुल 3109 ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए हैं जिनमें से 2619 ट्रांसफॉर्मर केवल गया जिले में लगाए गए हैं। इसके अलावा दोनों जिलों में 2373 किलोमीटर उच्च दाब (एचटी) लाइन और 5661 किलोमीटर निम्न दाब (एलटी) लाइन का विस्तार किया गया है। गया जिले में 1963 किलोमीटर एचटी लाइन और 4416 किलोमीटर एलटी लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। वहीं गया शहरी क्षेत्र में 241 ट्रांसफॉर्मर, 111 किलोमीटर एचटी लाइन और 401 किलोमीटर एलटी लाइन बिछाई गई है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि गया और जहानाबाद जिले में आरडीएसएस परियोजना की कुल लागत 475 करोड़ रुपये है जिसमें 70 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार और 30 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है। वर्तमान में इस परियोजना का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। डॉ. प्रेम कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 30 अप्रैल तक योजना का शत-प्रतिशत कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि गया शहर में अनुपयोगी बिजली खंभों को हटाने का कार्य जारी है और शेष खंभों को हटाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। साथ ही शहर में अंडरग्राउंड केबलिंग के लिए 402 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित है जिसमें पहले चरण के लिए 152 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है।

अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मर से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने खराब ट्रांसफॉर्मर की तत्काल मरम्मत और जरूरत पड़ने पर बदलने की व्यवस्था करने पर जोर दिया, ताकि आम लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

## 40 पेटी बीयर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** स्थानीय समेकित चेकपोस्ट पर बुधवार की अहले सुबह चेकिंग अभियान के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने यूपी से शराब लेकर हाजीपुर जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 40 पेटी बीयर व एक पिकअप बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्करों में यूपी के मिर्जापुर जिला के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के अधौली गांव निवासी रामनाथ चौहान के पुत्र रोहित कुमार व छवीराम चौहान के पुत्र आकाश कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार बुधवार की अहले सुबह उत्पाद विभाग वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली जिसमें भारी मात्रा में शराब बरामद की गयी। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों तस्करों ने बताया कि वे शराब की खेप लेकर बिहार के हाजीपुर में डिलीवरी देने जा रहे थे। उत्पाद विभाग की तत्परता से तस्करी की यह बड़ी खेप पकड़ ली गयी। इस संबंध में मद्य निषेध समेकित जांच चौकी, मोहनियां के उत्पाद निरीक्षक गुंजेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गयी कार्रवाई में पिकअप वाहन से 40 पेटी बीयर बरामद की गयी है जिसकी कुल मात्रा 480 लीटर है।

## दो घरों में चोरी, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर थाना क्षेत्र के मनरसा ग्राम में ही रात दो घरों में चोरी की घटना घटी। जानकारी के अनुसार मनरसा ग्राम निवासी जनार्दन सिंह दांगी व किशोर महतो के घर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। जनार्दन महतो के घर आगामी 12 मई को शादी होना है। शादी की तैयारी को लेकर खरीदारी की गई सामान व नगदी रखा हुआ था। सोमवार की रात्रि सभी परिवार सोने चले गये। मंगलवार की सुबह जब घर के सदस्य उठे तो कमरा का सामान बिखरा पड़ा देखा। छानबीन करने पर पाया कि घर में रखा लगभग तीन लाख रुपये का जेवर व पचास हजार नगदी गायब था। वहीं किशोर महतो के घर भी चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। मामले को लेकर पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय ने बताया कि मामले की जानकारी पर पुलिस बल को भेज जांच पड़ताल की गई है। लिखित शिकायत की मांग की गई है। पुलिस जांच में जुटी है।

## शराब बेचने का विरोध करने पर लगाई आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के सिंचाई कालोनी निवासी विजय कुमार दुबे ने शराब बेचने का विरोध किया तो उनके घर में आग लगाने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। उनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल डिहरी में चल रहा है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में पप्पू यादव और छोटन पासी पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। कहा गया है कि विजय जब अपने डालमियानगर थाना क्षेत्र के गंगोली में घर पर थे तभी सूचना आई कि उनके सिंचाई विभाग स्थित आवास के आसपास आग लगा दिया गया है जब वे वहां पहुंचे तो दो युवकों ने यह कहते हुए मारपीट की कि उन्हें ताड़ी दारू बेचने में यह बाधा डालता है। पुलिस को सूचना देता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**


Court of Spl. Judge POCSO - Garhwa
Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
(SPL)
Printed by : Prisoners of B. M. C. Jail, Hotwar, Ranchi, Phone : 0651 - 2270012

नाम–(1) रुपेश गुप्ता, पिता–सत्यनारायण साव, सा0–सोह, थाना+जिला–गढ़वा, झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड संख्या–572/2025 दिनांक–21.11.2025, धारा–64(1) बी0एन0एस0 एवं 4/6 पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी, श्री दिनेश कुमार, ए0एस0जे0–I विशेष कोर्ट पोक्सो, गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–02.04.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–09.04.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–09.05.2026 तक माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी, श्री दिनेश कुमार, ए0एस0जे0–I विशेष कोर्ट पोक्सो, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक– 09.05.2026 तक माननीय न्यायिक दण्डाधिकारी, श्री दिनेश कुमार, ए0एस0जे0–I विशेष कोर्ट पोक्सो, गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 377992 Police(26-27).D


# मोहनियां में दम तोड़ रहा अब्दुल कलाम पुस्तकालय, लाखों की किताबें हो रहीं खराब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** स्थानीय शहर के डाक बंगला परिसर में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर स्थापित पुस्तकालय आज बदहाली का शिकार हो चुका है। वर्षों से बंद पड़े इस पुस्तकालय में रखी लाखों रुपये की किताबें खराब हो रही है जबकि भवन जर्जर होकर खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। पढ़ाई के संसाधनों की कमी झेल रहे शहर में यह पुस्तकालय अब उपेक्षा व लापरवाही की कहानी बयां कर रहा है। पुस्तकालय का भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया है। छत से पानी टपक रहा है व चारों तरफ घास उग गयी है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। सबसे अहम बात है कि कभी किताबों के शौक रखने वाले डॉ अब्दुल कलाम के नाम पर खुले इस पुस्तकालय से लोगों में खुशी थी, लेकिन पिछले कई वर्षों से पुस्तकालय वीरान पड़ा है। स्थानीय प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियों की इस पर नजर नहीं है। मालूम हो कि मोहनियां शहर में कई शिक्षण संस्थान हैं, लेकिन बच्चों के पढ़ने के लिए एक भी सक्रिय पुस्तकालय नहीं है। काफी प्रयास के बाद जगजीवन मैदान परिसर में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर पुस्तकालय खोला गया था। कुछ दिनों तक इसका संचालन हुआ, लेकिन फिलहाल कई वर्षों से बंद पड़ा है जहां अब ऑनलाइन संसाधनों के बढ़ने के कारण भी इस पर किसी की नजर नहीं है। पुस्तकालय में रखी लाखों रुपये की पुस्तकें खराब हो रही हैं। कभी गुलजार रहने वाला यह पुस्तकालय आज सन्नाटे में डूबा है जहां कुर्सी व टेबल पूरी तरह से सड़ रहे हैं। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर इस पुस्तकालय की स्थापना की गयी थी। मोहनियां के हेडमास्टर पद से सेवानिवृत्त हुए चंद्रजीत सिंह ने इसके संचालन में काफी रुचि दिखायी थी। लंबे समय तक यहां कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे व 26 जनवरी तथा 15 अगस्त को झंडोत्तोलन भी इनके द्वारा किया जाता था, लेकिन बढ़ती उम्र व घटती सक्रियता के कारण अब किसी बुद्धिजीवी द्वारा पहल नहीं की गयी जिसके चलते पुस्तकालय कई वर्षों से बंद पड़ा है। यहां तक कि अब झंडोत्तोलन भी नहीं होता है। तत्कालीन जल संसाधन मंत्री जगदानंद सिंह द्वारा एक जुलाई 2001 को इस पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया था। उस समय यहां लोगों के बैठकर पढ़ने की समुचित व्यवस्था की गयी थी। तत्कालीन डीएम मिहिर कुमार के कार्यकाल में जब पुस्तकालय शुरू हुआ था, तब लोगों में काफी खुशी थी। कुछ समय तक संचालन भी हुआ, लेकिन ऑनलाइन दुनिया के बढ़ते प्रभाव व प्रशासनिक व सामाजिक शिथिलता के कारण यह बंद हो गया, जो अब तक चालू नहीं हो सका है। इस संबंध में शिक्षिका नीलम पांडेय ने बताया कि आजकल नये पुस्तकालय भी नहीं खुल रहे हैं, ऐसे में जो पहले से बना हुआ है उसे चालू कराने की जिम्मेदारी प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की है। इससे बच्चों व शिक्षा से जुड़े लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय को चालू कराने के लिए प्रयास करेंगी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.– 03 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा सं.–01–डीडीयू–व.मं.इंजी.–I–26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/II/डीडीयू के अधीन ब्रिज सं. 675, 678, 694 और 693 के लिए पी.एस.सी स्लैब और जैकेटिंग द्वारा प्लेट गर्डर को बदलना। कार्य का अनुमानित लागत : ₹105013157.59, धरोहर राशि : ₹2100300.00
2. निविदा सं.–04–डीडीयू–व.मं.इंजी.–II–26–27. कार्य का नाम एवं लोकेशन : वरीय मंडल इंजीनियर/II/डीडीयू के अधीन ट्रैक संबंधी सहयोगी कार्यों के लिए एटी वेल्डिंग पोर्सन 60 kg/60E1, R260 रेल जॉइंट्स एलुमिनो थर्माइट वेल्डिंग 60 kg/60E1, R260 ग्रेड रेल की आपूर्ति और पर्यवेक्षण। कार्य का अनुमानित लागत : ₹5439086.10, धरोहर राशि : ₹108800.00
3. ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 11.05.2026 को 12:00 बजे तक। 5. वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.

नोट :– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0098/डीडीयू/अभि./टी/26–27/44



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू**
**Email:- palamunrep@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई0निविदा संख्या–RDD/NREP/Palamu 05/2025-26 (Retender)**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 23.04.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 23.04.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 02.05.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 04.05.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र. | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टी फिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | छतरपुर | पंचायत हुलसम, ग्राम चेराई–मंझौली के बीच में ध्वस्त पुलिया का निर्माण। | 1482700.00 | 29654.00 | 5000.00 | 03 माह मात्र | 05/2025-26/EE/RDD/NREP/PALAMU |

नोट–
1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. आर0ई0ओ0 एवं भवन प्रमण्डल, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,मेदिनीनगर पलामू

PR 378064 NREP(26-27).D

संपादकीय

## विपक्ष के बुलंद हौसले

लोकसभा में मोदी सरकार का महत्वाकांक्षी महिला आरक्षण गिराने के बाद देश में विपक्ष के हौसले फिर बुलंद है। कांग्रेसनीत इंडिया गठबंधन की पार्टियां अब एक बार फिर से देश के मुख्य चुनाव आयुक्त को तैयारी में जुट गई हैं। इस संदर्भ में विपक्ष का पहला प्रयास दोनों सदनों में लोकसभाध्यक्ष और राज्यसभा सभापति ने खारिज कर दिया था। हालांकि संसद के दोनों सदनों के अध्यक्षों का कहना था कि संविधान के अनुसार किसी भी अधिकारी को हटाने के लिए गंभीर कदाचार का ठोस सबूत जरूरी होता है। केवल राजनीतिक असहमति या प्रशासनिक फैसलों पर मतभेद के आधार पर हटाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती। अध्यक्षों ने यह भी कहा था कि कई आरोप या तो अनुमान पर आधारित हैं या फिर अदालत में विचाराधीन मामलों से जुड़े हैं, इसलिए इन्हें आधार बनाकर हटाने की कार्रवाई संभव नहीं है। लेकिन महिला आरक्षण बिल पर दिखी विपक्षी एकजुटता के बाद कांग्रेस, टीएमसी, एसपी और डीएमके समेत दल 200 सांसदों का समर्थन जुटान की कोशिश में हैं। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल हैं और फैसले पक्षपातपूर्ण दिखते हैं। लिहाजा उन्हें हटाने नया प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार कई विपक्षी पार्टियों के नेता इस मुद्दे पर एक साथ बातचीत कर रहे हैं और नया नोटिस तैयार किया जा रहा है। विपक्ष का कहना है कि इससे पहले भी जो नोटिस दिए गए थे, उन्हें खारिज कर दिया गया था, लेकिन अब वे इस मुद्दे को और मजबूती से उठाना चाहते हैं। उनका आरोप है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल हैं और उसके कई फैसले पक्षपातपूर्ण दिखाई देते हैं। उधर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन को महिला आरक्षण बिल को गिराने के लिए केवल विपक्ष को कोसने का माध्येम बनाने पर भी सवाल उठ रहे हैं। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन की शुरुआत में ही पीएम मोदी ने कहा कि देश की करोड़ों महिलाओं की नज़र संसद पर थी। मुझे भी देखकर दुख हुआ कि नारी शक्ति का ये प्रस्ताव जब गिरा तो कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशियां मना रही थीं। ऐसे लोगों को इस देश की महिलाएं कभी माफ़ नहीं करेंगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन का राजनीतिक इस्तेमाल किया है। सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा कि एक हताश और निराश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 12 सालों में कुछ भी सार्थक न कर पाने के कारण, राष्ट्र के नाम अपने आधिकारिक संबोधन को कीचड़ उछालने और सरासर झूठ से भरे राजनीतिक भाषण में बदल दिया। जबकि देश में आचार संहिता पहले से ही लागू है और यह स्पष्ट था कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विरोधियों पर हमला करने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कैसे किया। यह लोकतंत्र और भारत के संविधान का घोर अपमान है। राजनीतिक विश्लेषक भी इस बात से हैरान हैं कि मोदी ने जिस तरह से राष्ट्र के नाम संबोधन के ज़रिए विपक्षी दलों को घेरने की कोशिश की है, वैसी आज तक कभी किसी प्रधानमंत्री ने नहीं की थी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने अपने संविधान संशोधन बिल को लोकसभा से पारित न करा पाने के लिए माफ़ी मांगी है। लेकिन वास्तव में उन्हें महिलाओं के नाम पर परिसीमन के एक कुटिल प्रस्ताव को ज़बरदस्ती पारित कराने के अपने प्रयासों के लिए माफ़ी मांगनी चाहिए थी। महिला आरक्षण बिल पर भाजपा अब विपक्ष को सड़कों पर भी घेर रही है। लेकिन इस का राजनीतिक लाभ उसे कितना मिलता है, यह तो पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव नतीजों से ही पता लग जाएगा।

# मूल्यविहीन होता समाज

**एक तो यह दुखद प्रवृत्ति उभरी है कि अपवाद छोड़कर बकाया सभी दल परिवारवाद की दिशा में प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से आगे बढ़ रहे हैं। आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने जिस परिवारवाद को और परिवार के केंद्रीयकरण को स्थापित किया था वह अब जनमत के दृष्टिकोण से पराजित हो चुका है। यह मिट भी रहा है परंतु उसका स्थान लोकतांत्रिक नेतृत्व के बजाय परिवार जनित नेतृत्व ही ले रहा है। जम्मू कश्मीर में दो परिवारों के बीच मुकाबला रहता है। एक पीडीपी है और दूसरी नेशनल कांफ्रेंस याने एक मरहूम मुफ्ती मोहम्मद सईद का परिवार दूसरा मरहूम शेख अब्दुल्ला का परिवार। भारतीय राजनीति अब संक्रमण के दौर में नहीं बल्कि पतन के गंभीर दौर में है। संक्रमण का दौर अस्थाई होता है और जिसके अल्पावधि में बदलाव की संभावना होती है। भारतीय राजनीति पिछले कई वर्षों से लगातार पतन की खाई में गहरी धसती जा रही है। जहाँ एक तरफ राजनीति अधोपतन की ओर है वहीं दूसरी ओर भारतीय समाज भी मानसिक रूप से आमतौर पर मूल्यविहीन और पतनोन्मुख बन रहा है।**

एक तो यह दुखद प्रवृत्ति उभरी है कि अपवाद छोड़कर बकाया सभी दल परिवारवाद की दिशा में प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से आगे बढ़ रहे हैं। आजादी के बाद कांग्रेस पार्टी ने जिस परिवारवाद को और परिवार के केंद्रीयकरण को स्थापित किया था वह अब जनमत के दृष्टिकोण से पराजित हो चुका है। यह मिट भी रहा है परंतु उसका स्थान लोकतांत्रिक नेतृत्व के बजाय परिवार जनित नेतृत्व ही ले रहा है। जम्मू कश्मीर में दो परिवारों के बीच मुकाबला रहता है। एक पीडीपी है और दूसरी नेशनल कांफ्रेंस याने एक मरहूम मुफ्ती मोहम्मद सईद का परिवार दूसरा मरहूम शेख अब्दुल्ला का परिवार। कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व भी ऐसे ही परिवारों से है हालांकि कांग्रेस अब वहाँ फारूक अब्दुल्ला की पिछलग्गू पार्टी है इसलिए उसके नेतृत्व की कोई विशेष चर्चा नहीं है। पंजाब में भी प्रकाश सिंह बादल का परिवार है मुकाबले में पहले अमरिंदर सिंह का परिवार था अब दूसरे नए परिवार उभर रहे है। कुछ परिवार तो इतिहास के गर्त में समा चुके है। इसके बावजूद भी अभी उनकी असीम इच्छाएं अंदर अंदर धधक रही है। हरियाणा में भी हुड़ा परिवार, चौधरी देवीलाल का परिवार, दिल्ली में शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज और साहिब सिंह वर्मा का परिवार है। याने मुकाबले में कम से कम राज्यों में तो कांग्रेस और भाजपा तथा अन्य दलों के भी परिवारों के बीच ही मुकाबला है। उत्तर प्रदेश में भी मुलायम सिंह परिवार और मायावती परिवार है और कांग्रेस तो खंडहर परिवारों का समुच्य है। यही स्थिति तमिलनाडू, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों की भी है। बंगाल में अभी चुनावी दृष्टिकोण से मुकाबला ममता और कांग्रेस के परिवार में है। ममता का परिवार भी यद्यपि अभी तक प्रत्यक्ष सत्ता में नहीं पहुँचा है परंतु पहुचने के मार्ग में है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दो योग्यताएं लोगों में चर्चित हैं, एक तो ये कि उनका कोई परिवार नहीं है और दूसरा कि वे पिछड़ी जाति के हैं। यह देश के पिछड़ी जातियों को लुभाता है और परिवार विरोधी मानसिकता को भाजपा के पक्ष में तर्क को बल देता है। हालांकि इसे भी अर्धसत्य माना जाना चाहिए क्योंकि एक तो प्रधानमंत्री का एक वैकल्पिक परिवार है, जो संस्था व सरकार को स्थाई नियंत्रित करता है और दूसरा प्रधानमंत्री का पिछड़ी जाति में जन्म लेना संघ और भाजपा की स्थापित सामाजिक शक्तियों को इस अर्थ में फायदेमंद है कि देश में पिछड़ी जातियों का महत्व मोदी के पक्ष में डालने के लिए लुभाता है। हालांकि श्री नरेंद्र मोदी ने अभी तक के बारह वर्षों में पिछड़ी जातियों के लिए कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किया है। यहाँ तक कि रोहिणी आयोग की रिपोर्ट भी वे लागू करना तो दूर उसका सार्वजनिक प्रेक्षण भी नहीं कर पाए है। दरअसल, श्री नरेंद्र मोदी सवर्णवादी शक्तियों के लिए




पिछड़ी जातियों को फासने के लिए गारे या दाने के समान है जो केवल फंसाने के काम आता है। भाजपा ने राज्य के स्तर पर परिवार वाद को नया स्वरूप दिया है और संघ के पुराने निष्ठावान स्वयंसेवकों के परिवारजनों को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया है। क्या ये परिवारवाद नहीं है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के पिता संघ और जनसंघ के जुड़े थे और नागपुर से पार्षद चुने गए थे। इसलिये मुख्यमंत्री बने। इसी प्रकार राजस्थान में विजयाराजे सिंधिया का परिवार है याने श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया हैं, कांग्रेस के श्री अशोक गहलोत का परिवार है और ऐसे ही कितने ही छोटे बड़े परिवार है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा, जबलपुर के संघ के प्रचारक स्वर्गीय बनर्जी और श्रीमती जयश्री बनर्जी के दामाद हैं। अब बिहार के श्री नितिन नवीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है उनके पिता जी भी संघ और जनसंघ के थे और उन्हें पुरस्कृत किये जाने के पीछे एक कारण ये भी है। बिहार में तो आरजेडी के नेता लालू प्रसाद का पूरा परिवार है। भाजपा के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शकुनि चौधरी के बेटे हैं और अब श्री नीतीश कुमार के सुपुत्र निशांत कुमार जदयू के नेता हैं। कुल मिलाकर देश की स्थिति ये ही है कि लोकतंत्र का नया सामन्तीकरण हो रहा है और वह परिवारों में सिमट रहा है।

दूसरी दुखद घटना यह है कि उम्मीद थी कि आजादी के बाद लोकतांत्रिक मानस का विस्तार होगा, लोकतंत्र परिपक्व होगा और चुनाव की प्रक्रिया से नया और काबिल नेतृत्व सामने आएगा परंतु यह उम्मीद भी धूमिल हुई है। भारतीय लोकतंत्र आज धनतंत्र, सत्तातंत्र, शक्तितंत्र और जाति तंत्र का बंदी बन गया है। हाल ही की एडीआर रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयोग की जानकारी प्रकाशित हुई, जिसके अनुसार पिछले वर्ष भारतीय जानता पार्टी को 6600 करोड़ का चंदा मिला है और कांग्रेस पार्टी जो देश के केंद्रीय रंगमंच से पिछले बारह साल से बाहर है और कई राज्यों में सत्ता से बाहर है को लगभग 450 करोड़ रुपया का चंदा मिला है और ऐसी ही अन्य दलों की स्थिति है। उद्योगपति चुनाव के लिए चंदा नहीं देते है बल्कि वे राजनीति में पूंजी निवेश करते है। याने पैसे से जन्मी राजसत्ता और राजसभा से पोषित पूँजीपतियों का एक गठजोड़ बन गया है। इसकी चक्की में देश पिस रहा है और सभी संवैधानिक संस्थाओं की साख संदिग्ध है। चाहे वह न्यायपालिका हो, कार्यपालिका हो, विधान पालिका हो या फिर चुनाव आयोग हो। अनास्था के समुद्र में देश डूब रहा है।

मतदाता ने भी अपने तात्कालिक लाभ को ही राजनीतिक कर्म मान लिया है। जो भी राजनीति की रिश्वत देगा वहाँ वोट पड़ेगा। वह चाहे मुफ्त बिजली, पानी या राशन हो, लाड़ली बहना हो या कुछ और अब मतदाता का विश्वास राजनीति और राजनेताओं पर नहीं रह गया है। वे नेताओं प्रति विश्वास और आस्था खो चुके है इसलिए जो आज मिलना है वही लेकर अपने वोट का इस्तेमाल करते है। न्यायपालिका की साख भी गिरावट पर है। हालत यह है कि न्यायपालिका के अंदर से भी आरोप उठ रहे हैं और बाहर से भी, न्यायपालिका न्याय करने के बजाए उपदेशक बन गई है।

राजनीति का स्वरूप घात प्रतिघात का हो गया है। दलों ने अपने आंख और कान पर पट्टे बांध लिए है। वे उतना ही देखते हैं जो उन्हें अपने राजनैतिक आरोप के लिए देखना जरूरी है। पिछले पंद्रह दिनों से दुनिया विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है और युद्ध का फैलाव हो रहा है। इसका असर दुनिया के सभी देशों पर पड़ना स्वाभाविक है चाहे वे शक्तिशाली हो, अमीर हो या गरीब हो। भारत में भी इस युद्ध के प्रभाव से तेल, ईंधन और गैस का संकट आया है, जो स्वाभाविक है। देश के कोने-कोने में गैस के लिए लाइनें लगी हैं। देश के गैस पेट्रोलियम के ऊपर अघोषित रोक लगा दी गई है। होटल और रेस्तरा को गैस सिलिंडर नहीं दी जा रही परंतु सरकार कह रही है कि कोई समस्या नहीं है। दूसरी तरफ प्रतिपक्ष इस संकट के लिए प्रधानमंत्री और सरकार को जिम्मेदार बता रहा है। हालांकि इसमें सरकार की कोई बड़ी भूमिका नहीं है जब दुनिया में युद्ध होता है तब उसका असर दुनिया पर पड़ता ही है। कुल मिलाकर झूठ का व्यवहार है, सत्ता पक्ष का भी और प्रतिपक्ष का भी। देश की जीडीपी बढ़ी है परंतु प्रति व्यक्ति आय में हम बहुत पीछे है। यहाँ तक कि औसत आय में हम पाकिस्तान से भी पीछे है। विकास के नाम पर जो योजनाएं या नीतियाँ बनाई जा रही है वो देश को भविष्य में विनाश की ओर ले जाने वाली है। इस विकास से हवा, पानी और खाद्यान्न में जहर घुल रहा है और जीवन मूल्य समाप्त हो रहे हैं। संग्रह और भोग की अपार इच्छाएं तैयार की जा रही हैं। 60-70 वर्ष के वृद्ध लोग विवाह की वर्ष गाँठ मना रहे हैं और सारी उन कामों की पुनरावृत्ति कर रहे हैं जो उन्होंने जवानी में किये थे। विवाह के दिखावे के नाम पर डेस्टिनेशन वेडिंग, प्री डेस्टिनेशन वेडिंग फिर वेडिंग ये तीन-तीन शादियां एक ही व्यक्ति की हो रही है। ऐसा लागता कि सारा समाज इस भोग की खाई में गहरा धंस रहा है।

अध्यात्म

## घर-परिवार और काम में संतुलन ही सच्ची साधना है

रामकृष्ण परमहंस के आश्रम में एक शिष्य था- मणि। मणि एक गृहस्थ व्यक्ति थे, इनके जीवन में परिवार, जिम्मेदारियां और रोजमर्रा की कई परेशानियां थीं। वे अपने परिवार से प्रेम तो करते थे, लेकिन धीरे-धीरे जिम्मेदारियों का बोझ उन्हें भारी लगने लगा था। उनके मन में एक ही इच्छा उठती थी कि सब कुछ छोड़कर भगवान की भक्ति में लीन हो जाना चाहिए। एक दिन वे अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के पास पहुंचे। उनके चेहरे पर थकान और मन में द्वंद्व साफ दिखाई दे रहा था। उन्होंने विनम्रता से कहा, 'गुरुदेव, मैं तन-मन से भगवान की भक्ति करना चाहता हूं, लेकिन ये पारिवारिक जिम्मेदारियां मुझे रोकती हैं। मैं इनसे मुक्त होना चाहता हूं। ' परमहंस मुस्कुराए। उन्होंने शांत स्वर में कहा, 'मणि, तुम जो अभी कर रहे हो, वही भी भगवान की सेवा ही है। तुम अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हो, उनके लिए मेहनत कर रहे हो, यह भी एक प्रकार की पूजा है। ' मणि ने कुछ असंतोष के साथ कहा, 'लेकिन गुरुदेव, मेरी इच्छा है कि कोई और मेरे परिवार की जिम्मेदारी संभाल ले, ताकि मैं पूरी तरह ईश्वर की भक्ति कर सकूं। ' परमहंस ने गंभीरता से उत्तर दिया, 'तुम्हारी भावना अच्छी है, लेकिन मार्ग अधूरा है। सच्ची भक्ति केवल जंगलों में या आश्रमों में नहीं होती। वह हर उस कर्म में होती है जो निस्वार्थ भाव से किया जाए। तुम पहले अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाओ। साथ ही, भक्ति भी करते रहो। जब तुम्हारे कर्तव्य पूरे होंगे, तब तुम्हारा मन स्वतः ही भक्ति में और गहराई से डूब जाएगा। ' मणि को यह बात समझ में आने लगी। उन्हें एहसास हुआ कि वे जिम्मेदारियों से भागना चाहते थे, जबकि सच्चा मार्ग उन्हें अपनाने का था। उस दिन के बाद उन्होंने अपने परिवार की सेवा को ही पूजा मान लिया और धीरे-धीरे उनका मन भी शांत और संतुलित होने लगा। इस प्रकार, मणि ने सीखा कि जीवन में संतुलन ही सच्ची साधना है- जहां कर्तव्य और भक्ति दोनों साथ चलते हैं।

**सीखः** अक्सर हम सोचते हैं कि समस्याओं से दूर जाकर शांति मिल जाएगी, लेकिन असली शांति जिम्मेदारियों को निभाने में है। परिवार, काम और रिश्ते- ये जीवन का हिस्सा हैं, बोझ नहीं। जो लोग ये बात समझ लेते हैं, उन्हें शांति जरूर मिलती है। यदि आप अपने काम को भगवान की सेवा मानकर करते हैं, तो वही काम आनंद देने लगता है। चाहे नौकरी हो या घर का काम- हर काम में अर्थ और संतोष खोजें।

# नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व को अस्वीकारने की भूल

**सांसदीय विपक्ष ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़े संविधान संशोधन परिसीमन और केंद्र शासित क्षेत्र कानून संशोधन विधेयकों को अस्वीकारने की बड़ी भूल कर दी है। नरेंद्र मोदी जब से केंद्रीय सत्ता का नेतृत्व कर रहे हैं, तभी से लगातार उन्हें चुनावों में नारियों ने बढ़-चढ़कर समर्थन दिया है। इसी कारण न केवल मोदी लोकसभा में तीसरी बार बहुमत लाने में सफल रहे बल्कि भाजपा और राजग गठबंधन के सहयोगी दलों को विधानसभाओं में भी विजय दिलाने में सफल हुए हैं। इन विधेयकों पर लगातार 21 घंटे चर्चा हुई इसके बाद मतदान की बारी आई।**

सत्ता पक्ष को 528 मतों में से 298 मत मिले, जबकि विरोध में 230 मत डाले गए। अतएव किसी भी संशोधन के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत राजग को नहीं मिला। इस बहुमत के लिए 352 मतों की जरूरत थी। अंततः नतीजा रहा कि संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका। इस विधेयक को लाने की तीन दशक से चल रही कोशिश एक बार फिर लटक गई। इस परिणाम के चलते 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा नहीं मिल पाएगी, क्योंकि सरकार ये संशोधन इसलिए ला रही थी, ताकि आरक्षण जल्द से जल्द लागू हो सके। फिलहाल नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 लागू है। इसमें प्रावधान है कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण अगली जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के आधार पर लागू होगा। ऐसे में माना जा रहा है कि जनगणना के अंतिम परिणाम 2027 में आएंगे। तब कहीं जाकर पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया संभव होगी। इस परिसीमन को लेकर ही संशोधन विधेयक अटक गए हैं। हालांकि सत्ता पक्ष ने भरोसा दिलाया था कि सीटें बढ़ेगी तभी महिलाओं के लिए आरक्षण का सही लाभ मिलेगा और सभी राज्यों में एक समान रूप से 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोत्तरी होगी। अमित शाह ने इस दलील को विधेयक में दर्ज करने की मंशा भी प्रकट कर दी थी।

लेकिन विपक्ष की यह आशंका बनी रही कि परिसीमन के बहाने सीटों की संरचना कुछ इस तरह से निर्धारित होगी कि भाजपा समर्थित वोट बड़ी संख्या में क्षेत्र में समा जाए। लेकिन विपक्ष को सरकार द्वारा जताया गया कोई भी फार्मूला रास नहीं आया। दरअसल जनसंख्या के आधार पर परिसीमन होता है तो दक्षिण और पूर्वोत्तर के राज्यों के दल प्रमुखों ने यह अंदाजा लगा लिया कि इन प्रांतों में जनसंख्या कम होने के कारण राजनीतिक रूप से वे नुकसान में रहेंगे। अतएव तमिलनाडू के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तो परिसीमन को लेकर दक्षिण में मोर्चाबंदी भी षुरू कर दी थी। राज्य में काले झंडे लेकर प्रदर्शन करने का ऐलान तक कर दिया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने इस पहल को संघीय ढांचे को कमजोर करने और दक्षिणी राज्यों की राजनीतिक आवाज को दबाने वाला कदम बता दिया था और तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री शिवकुमार ने कहा था कि इतना बड़ा संवैधानिक बदलाव सभी दलों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इन साझा आवाजों की बुलंदी ने इन विधेयकों को पारित नहीं होने दिया। नारी शक्ति यदि वाकई इसे विपक्ष की भूल मानती है तो वर्तमान में चल रहे विधानसभा चुनावों में इसका असर असम, बंगाल और तमिलनाडु में देखने को मिल सकता है। इन विधेयकों को अटकाने के लिए विपक्ष ने कोटे में कोटा देने का उपाय की भी मांग कर डाली। मायावती ने इस विधेयक का स्वगत करते हुए कहा कि 33 प्रतिशत कोटे में एससी-एसटी और ओबेसी की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण की व्यवस्था हो। आरक्षण के कोटे में विभिन्न वर्गों के लिए अलग से आरक्षण लागू करने की यह बात विपक्ष ने उस समय नहीं उठाई थी, जब 2023 में इस विधेयक को लाया गया था। जबकि परिसीमन विधेयक पारित हो जाता तो सामाजिक न्याय की दिशा में एक बड़ा काम होता। क्योंकि 128वां संवैधानिक संषोधन विधेयक पारित होने के बाद संसद के दोनों सदनों से लेकर विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तय हो जाती। विधेयक के कानून में बदलने और क्रियान्वित होने के बाद वर्तमान स्थिति के हिसाब से लोकसभा में महिलाओं के लिए 181 और राज्य विधानसभाओं में 1374 सीटें बढ़ जाती। इस समय देश में करीब 44 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन्हीं में से 2029 के लोकसभा चुनाव में महिलाएं उम्मीदवार बनाई जातीं। 2034 में क्या स्थिति बनेंगी, यह भविश्य के गर्भ में है।

दरअसल इन विधेयकों के कानून बनते ही ऐसे कई दोहरे चरित्र के चेहरे हाशिये पर चले जाएंगे, जो पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण देने के प्रावधान के बहाने, गाहे-बगाहे बीते 27 साल से गतिरोध पैदा किए हुए हैं। विधेयक से असहमत दलों की हमेशा ही 33 फीसदी आरक्षण के कोटे में पिछड़े और मुस्लिम समुदायों की महिलाओं को आरक्षण की मांग बनी रही है। जबकि संविधान के वर्तमान स्वरूप में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के समुदायों को आरक्षण की सुविधा हासिल है। ऐसे में मुस्लिम समुदाय की महिलाओं को कोटे में कोटा देना कैसे संभव है? हमारे लोकतांत्रिक संविधान में धार्मिक आधार पर किसी भी क्षेत्र में आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लिहाजा इस बिना पर मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की सुविधा कैसे हासिल हो सकती है ? दरअसल इस कानून के वजूद में आ जाने के बाद अस्तित्व का संकट उन काडर विहीन दलों को है, जो व्यक्ति और जाति आधारित दल हैं। इसी कारण लालू, मुलायम और शरद यादव इस बिल के विरोध में दृढ़ता से खड़े होते रहे थे। अब इसी लाइन पर राहुल गांधी, अखिलेष यादव और मायावती हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में जातियता के बूते क्रियाशील इन यादवों की तिकड़ी का दावा रहता है कि इस अलोकतांत्रिक विधेयक के पास होने के बाद पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के लिए जम्हूरियत के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो जाएंगे। जबकि उनकी वास्तविक चिंता यह नहीं है ? दरअसल 33 फीसदी आरक्षण के बाद बाहुबलि बने पिछड़े वर्ग के आलाकमानों का लोकसभा व विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक आधार तो सिमटेगा ही, सदनों में संख्याबल की दृष्टि से भी इन दलों की ताकत घट जाएगी। अन्यथा ये सियासी दल वाकई उदार और पिछड़ी व मुस्लिम महिलाओं के ईमानदारी से हिमायती हैं, तो सभी आरक्षित सीटों पर इन्हीं वर्गों से जुड़ी महिलाओं को उम्मीदवार बना सकते हैं ?

बल्कि अनारक्षित सीटों का भी इन्हें प्रतिनिधित्व सौंप सकते हैं ? दरअसल इन कुटिल राजनीतिज्ञों के दिखाने और खाने दांत अलग-अलग हैं। गोया तय है कि अल्पसंख्यकों की बेहतर नुमाइंदगी की वकालात के इनके दावे थोथे हैं। इन दलों का दोहरा चरित्र इस बात से भी जाहिर होता रहा है कि जब देश की पंचायती राज्य व्यवस्था में महिलाओं का 33 फीसदी से 50 फीसदी आरक्षण बढ़ाने का विधेयक लाया गया था, तब ये सभी दल एक राय थे। यही नहीं जब नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण का विधेयक लाया गया था, तब भी इन दलों की सहमति बनी रही। लेकिन जब लोकसभा व विधानसभा की बारी आती है तो यही दल गतिरोध पैदा करने लग जाते हैं। क्योंकि इस विधेयक के लागू होते ही इनके निजी राजनीतिक हित प्रभावित हो जाएंगे। इनका लोकसभा और विधानसभा में पुरूषवादी वर्चस्व का दायरा 33 फीसदी घट जाएगा। राजनेताओं के लिए यह विधेयक इसलिए भी वजूद का संकट है, क्योंकि जिन लोक व विधानसभा क्षेत्रों से ये लोग लगातार विजयश्री हासिल करते चले आ रहे हैं, वह क्षेत्र यदि महिला आरक्षण के दायरे में आ गया तो इन्हें चुनाव लड़ना भी मुश्किल हो जाएगा ? तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी ने भी मुस्लिम समुदाय को बरगलाए रखने के नजरिये से इस विधेयक का विरोध किया था। भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे नेता भी इस विधेयक का विरोध करते रहे थे। जिनके लिए सांसद अथवा विधायक के रूप में लोक सेवक बने रहना, सुरक्षा कवच का काम करता है। हमारे देश में विकास को आंकड़ों और व्यक्तिगत उपलब्धि को संख्या बल की दृष्टि से देखने-परखने की आदत बन गई है। इस नाते हम मानकर चल रहे हैं कि 543 सदस्यीय लोकसभा में 181 महिलाओं की आमद दर्ज होने और 28 राज्यों की कुल 4123 विधानसभा सीटों में से महिलाओं के खाते में 1374 सीटें चली जाने से देश की समूची आधी आबादी की शक्ल बदल जाएगी। अथवा स्त्रीजन्य विषमताएं व भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। फिलहाल लोकसभा में 74 महिलाएं सांसद हैं। यह भागीदारी लगभग 14 प्रतिशत बैठती है। वहीं राज्यसभा में 42 महिला सांसद हैं, जो मात्र 17 प्रतिशत है। एक तिहाई आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में महिलाओं की संख्या बढ़कर 181 और राज्यसभा में 73 हो जाएगी। 1952 में गठित पहली लोकसभा में सिर्फ 4.4 प्रतिशत यानी 489 में से महज 22 महिलाएं सांसद थीं। विधानसभाओं में महिला विधायकों की उपस्थिति केवल 9 फीसदी है। अब 2027 में 2011 की जनगणना के आंकड़े आने के बाद नए परिसीमन में लोकसभा और विधानसभाओं की सीटें अप्रत्याशित रूप में बढ़ सकती हैं, तब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की शक्ति तो बढ़ेगी ही, दोहरे चरित्र के नेता भी हाशिए पर चले जाएंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए बहुत ही सकारात्मक और मंगलमय रहेगा। आपके अच्छे कामों और ईमानदारी से आपकी पहचान और सम्मान बढ़ेगा।

**वृषभ**
आज का दिन तरक्की और उन्नति की राह पर आपके लिए अनुकूल रहेगा। राजनीति या पेशेवर क्षेत्र में कार्यरत लोग नए संपर्कों से लाभ पा सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए थोड़ी उलझन भरा और व्यस्त रहेगा। काम का बोझ और इधर-उधर का आना-जाना लगेगा, लेकिन खर्च भी कुछ अधिक रहेंगे।

**कर्क**
कार्य क्षेत्र में मनपसंद काम मिलने के योग हैं, जो संतोष और खुशी देंगे। जीवनसाथी के साथ तालमेल बनाए रखें, ताकि वैवाहिक जीवन में संतुलन बना रहे।

**सिंह**
किसी अन्य के मामलों में बेवजह बोलने से बचें और अपनी वाणी को सौम्य रखें। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मिलने आ सकता है।

**कन्या**
दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो आपके मन को शांति देगा। आसपास रहने वाले लोगों की पहचान रखें।

**तुला**
आज का दिन सोच-समझकर निर्णय लेने का है। राजनीति या पेशेवर क्षेत्र में बड़े पद की प्राप्ति का मौका मिलेगा, लेकिन काम का दबाव भी अधिक रहेगा।

**वृश्चिक**
दिन योजनाबद्ध तरीके से काम करने का है। जोश से ज्यादा होश में रहें। खर्चों को लेकर योजना बनाएं, नहीं तो अनावश्यक धन व्यय हो सकता है।

**धनु**
सांस्कृतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। लंबित सरकारी या व्यावसायिक कार्यों को पूरा करने का समय मिलेगा। बॉस की कोई बुरी बात आपको परेशान कर सकती है।

**मकर**
आज कोई मनोकामना पूरी होने की संभावना है। घूमने-फिरने का अवसर मिलेगा और सरप्राइज गिफ्ट भी मिल सकता है। संतान की किसी गलती पर तुरंत हां न कहें।

**कुंभ**
आज जोखिम भरे काम से दूर रहें। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। डूबा हुआ धन मिलने की संभावना है। बुद्धि का प्रयोग करके नुकसान से बचें।

**मीन**
आज का दिन चिंताग्रस्त और सतर्क रहने वाला है। मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। आर्थिक लेन-देन सोच-समझकर करें।

# एनटीपीसी में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई एवं एनटीपीसी सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सप्ताह भर आयोजीत जागरूकता कार्यक्रम सोमवार को सम्पन्न हो गया। यह आयोजन 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक वी सर्व टू सेव थीम के साथ आयोजित हुआ। जिसमें अग्निशमन सेवा दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए अग्नि सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ यूनिट बरौनी के अग्निशमन दस्ते द्वारा बरौनी कॉलेज, बरौनी पॉलिटेक्निक, केंद्रीय



विद्यालय गढ़हरा, केंद्रीय विद्यालय हर्ल, डीएवी स्कूल एनएच-28 सहित विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही प्लांट कर्मियों, टाउनशिप की गृहिणियों तथा स्थानीय नागरिकों को आग से बचाव एवं शमन के उपायों संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान फायर प्रिवेंशन रैली, क्विज़ प्रतियोगिता, निबंध, स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जबकि गृहिणियों के लिए विशेष फायर सेफ्टी डेमोंस्ट्रेशन तथा प्लांट परिसर में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों के लिए आग से निपटने का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। समापन अवसर पर एनटीपीसी बरौनी टाउनशिप परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लाइव फायर ड्रिल डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया। जिसमें एलपीजी सिलेंडर में लगी आग बुझाने, घर में आग लगने पर बचाव कार्य तथा लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन, एम्बुलेंस द्वारा आपात चिकित्सा सेवा तथा अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों का प्रदर्शन किया गया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को अग्निशमन की व्यावहारिक समझ प्रदान की। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस वर्ष सीआईएसएफ को 35 फायर कॉल प्राप्त हुए।जिन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी घटनाओं पर समय रहते काबू पाया गया। सीआईएसएफ के उप कमांडेंट आकाश सक्सेना ने सुरक्षा के प्रति सजगता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। समारोह के दौरान परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने सीआईएसएफ एवं एनटीपीसी की संयुक्त अग्नि सुरक्षा प्रतिबद्धता की सराहना की। यह जागरूकता सप्ताह यह सिद्ध करता है कि सतर्कता, समन्वय और प्रशिक्षण के माध्यम से अग्नि दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोका एवं नियंत्रित किया जा सकता है।

# जमालपुर कारखाने को मिला आठ व्हीलर टावर कार का नया वर्क आर्डर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल इंजन कारखाना आधुनिकता के दौड़ में पीछे नहीं है। कम लागत व समय तथा गुणवत्तापूर्ण कार्यों को कुशलता और सहजता के साथ अंजाम देकर भारतीय रेलवे में हमेशा सुर्खियां बटोरा है। कारखाना के सीडब्लूएम विनय कुमार वर्णवाल की कुलश नेतृत्व में उनकी टीम ने नए-नए वर्कलोड को समय सीमा के अंदर पूरा करने में कीर्तिमान हासिल किया है। यही कारण है कि एक बार फिर से रेलवे में बढ़ती जा रही 8 व्हीलर अंडरस्लंग डीजल इलेक्ट्रिक टावर कार (डीईटीसी) डिमांड को पूरा करने में कारखाना समक्ष हुआ है। इसबार कारखाने के नाम करीब 19 नए डीईटीसी टावर कार निर्माण का नया वर्कलोड मिला है। तथा इसे वर्ष 2026-27 के वित्तीय वर्ष के अंदर निर्माण करने का लक्ष्य है। मंगलवार को सीडब्लूएम विनय कुमार वर्णवाल की अगुवाई में क्रेन शॉप के डिप्टी प्रीतम कुमार, एडब्लूएम तारणी कुमार मंडल, एसएससी शैलेश कुमार, एसएससी भूषण रंजन, ठेकेदार मुकेश कुमार सूर्यवंशी सहित अन्य ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की, तथा नए वर्कलोड कार्य का शुभारंभ किया। सीडब्लूएम विनय कुमार वर्णवाल ने बताया कि जमालपुर वर्कशॉप डीजल टावर कार निर्माण व मरम्मत कार्य वर्षों से कर रहा था। लेकिन पहली बार वर्ष 2025 में 8 व्हीलर अंडरस्लंग डीजल इलेक्ट्रिक टावर कार (डीईटीसी) निर्माण कार्य चुनौतीपूर्ण के रूप में मिला। पहला लॉट 10 का था, तथा इसमें 9 टावर कार निर्माण कर रवाना किया गया, वहीं दसवां भेजने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि इसबार 19 नए लॉट मिले हैं। इसे भी समय सीमा के अंदर पूरा कर रवाना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक का निर्माण में करीब 5 से 6 करोड़ की लागत आती है। तथा एक दर्जन कुशल अधिकारी व कर्मियों द्वारा एक से डेढ़ माह में दो का निर्माण करता है।

## पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न

**बलिया।** अनुमंडल क्षेत्र के डंडारी, साहेबपुर कमाल प्रखंड मे पेक्स चुनाव का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया।जिसमें बलिया प्रखंड क्षेत्र के बरियारपुर पेक्स अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान मे संतोष कुमार ने मधुसूदन सिंह को 354 वोट से हरा दिया। संतोष कुमार 525 मत तो मधुसूदन सिंह को 71 मत प्राप्त हुए। वही साहेबपुर कमाल प्रखंड के संदलपुर पेक्स अध्यक्ष पद पर प्रवीण कुमार ने वीरेंद्र कुमार को 161 मत प्राप्त हुआ। प्रवीण कुमार को कुल 425 मत पाकर बिजय घोषित किए गए।

# आग से बचाव को लेकर अग्नि सुरक्षा जागरूकता रथ को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** आग से बचाव एवं सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता को लेकर आज आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा समाहरणालय परिसर से अग्नि सुरक्षा रथ निकाला गया, जिसे जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अग्नि सुरक्षा रथ का उद्देश्य लोगों को इस भीषण गर्मी एवं पछुआ हवा के दौरान होने वाली अगलगी की घटनाओं के प्रति जागरूक करना तथा अगलगी की घटना पर रोक लगाना है। मौके पर अपर समाहर्ता आपदा संजय कुमार सिन्हा, सहायक आपदा पदाधिकारी कमल किशोर सहित एसडीआरएफ एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने कहा कि जैसा के आप सभी अवगत हैं कि वर्तमान में भीषण गर्मी एवं पछुआ हवा चल रही है, जिससे वैसे ग्रामीण क्षेत्रों जहां झोपड़ी अथवा फूस के मकान बने होते हैं, वहां ऐसे मौसम में अगलगी की अत्यधिक घटनाएं घटित होती है। इन घटनाओं को रोकने, आग पर काबू पाने आदि से संबंधित जन जागरूकता फैलाने के लिए इस अग्नि सुरक्षा रथ को निकाला गया है। यह रथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों सहित सभी पंचायतों में भ्रमण कर लोगों को अग्नि सुरक्षा से राहत एवं बचाव हेतु जानकारी देगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आप सभी पछुआ हवा के दौरान अत्यंत ही सर्तक एवं सजगता के साथ कार्य करें। दिन का भोजन सुबह 9 बजे से पूर्व एवं शाम का भोजन संध्या 6 बजे के बाद बनाएं। खाना बनाने के बाद चूल्हे की आग को पूरी तरह से बुझा दें, इसके लिए रसोई में बाल्टी भर कर पानी रखें। शार्ट सर्किट से बचाव के लिए बिजली की वायरिंग की समय समय पर मरम्मत कराते रहें। उत्सव एवं शादी समारोह के दौरान घर में लगे पंडाल अथवा टेंट के पास से बिजली के तार न लें जाएं। जलती हुई माचिस की तिली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पीकर इधर उधर न फेंके। भोजन पकाने का कार्य तेज हवा में न करें तथा खाना बनाते समय हमेशा सूती कपड़ा ही पहनें। जिलाधिकारी ने कहा कि विभिन्न सरकारी कार्यालयों, सरकारी एवं निजी विद्यालयों सहित प्रतिष्ठानों में भी अगलगी से बचाव हेतु पूरी व्यवस्था रखें, ताकि किसी भी हादसे से तत्काल निपटा जा सके। आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड के टॉल फ्री नंबर 101 अथवा 112 पर कॉल करें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में सुरक्षा ही बचाव है, इस लिए आप सभी स्वयं को सुरक्षित रखें एवं सर्तकता का विशेष ख्याल रखें।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर लोन मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** कंकौल स्थित प्रेक्षागृह में जिला प्रशासन के तत्वावधान में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, विद्युत आपूर्ति अंचल, बेगूसराय द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर लोन मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को सौर ऊर्ज़ा के उपयोग से होने वाले लाभों एवं सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सब्सिडी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ता न केवल अपने बिजली बिल में कमी ला सकते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते



हैं। मेले में विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों द्वारा स्टॉल लगाकर उपभोक्ताओं को सोलर पैनल स्थापना हेतु आसान एवं आकर्षक ब्याज दरों पर ऋण की जानकारी दी गई। बैंकों के प्रतिनिधियों ने ऋण प्रक्रिया, पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी साझा की।योजना के अंतर्गत 1 किलोवाट से 3 किलोवाट तक के सोलर संयंत्र की स्थापना पर 30 हजार से 78 हजार रुपये तक की सरकारी सब्सिडी प्रदान की जा रही है। साथ ही उपभोक्ता अपनी छत पर सोलर प्लांट स्थापित कर प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि यह पहल बेगूसराय को सौर ऊर्ज़ा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पीएम सूर्य घर बिजली योजना के 10 लाभार्थियों को जिला पदाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्युत अधीक्षण अभियंता बेगूसराय, कार्यपालक अभियंता बेगूसराय एवं बरौनी सहित विद्युत विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से आय लाभुक उपस्थित थे।

# राज्यपाल के कार्यक्रम को लेकर डीएम और एसएसपी ने कृषि विश्वविद्यालय का किया दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले के सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय में आगामी 24 अप्रैल को राज्यपाल के आगमन के सिलसिले में आज जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। बिहार कृषि विश्वविद्यालय मे आयोजित दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए राज्यपाल 24 अप्रैल को यहां आ रहे हैं। समारोह की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी और वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के द्वारा मंगलवार को इस कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रम



स्थलों का निरीक्षण किया गया। जिसमें ऑडिटोरियम और नवनिर्मित स्विमिंग पुल (तरणताल) शामिल है। इधर विश्वविद्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महामहिम राज्यपाल के कर कमल से नवनिर्मित तरणताल (स्विमिंग पुल) का उद्घाटन होना है। इसके साथ ही अन्य कई कार्यक्रम की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सभी जगहों पर विधि व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# जिलास्तरीय समन्वय समिति की डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीसी के माध्यम से प्रखंड स्तर के सभी संबंधित पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा आदि ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति तथा जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यों में तेजी लाते हुए आमजन को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करें। इस क्रम में सीएम डैशबोर्ड पोर्टल, पीएमओ पोर्टल, ई कंप्लायंस डैशबोर्ड पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत 1 दिसंबर 2025 से 16 अप्रैल 2026 तक कुल 2,015 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1,409 का निष्पादन किया जा चुका है। शेष मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिए गए। सुनवाई में अधिकारियों की उपस्थिति की समीक्षा में पाया गया कि अधिकांश मामलों में अधिकारियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निष्पादन निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाना अनिवार्य है तथा किसी भी प्रकार की लंबितता को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक में आरटीपीएस के अंतर्गत नागरिकों को प्रदत्त सेवाओं की गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'सात निश्चय' पार्ट 3 योजना की प्रगति एवं जिला पदाधिकारी तथा आयुक्त स्तर पर आयोजित 'जनता दरबार' में प्राप्त आवेदनों के निस्तारण की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, उच्च न्यायालय एवं सिविल न्यायालयों में लंबित महत्वपूर्ण वादों तथा विभिन्न विभागों से प्राप्त पत्रों की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों जैसे भूमि अधिग्रहण, सड़क निर्माण, पुल निर्माण एवं अन्य आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं–की भी समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लंबित प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी रहने का निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

## गोली मारकर हत्या

**भागलपुर।** जिले के गंगा पार बिहपुर थाना क्षेत्र में कल देर रात को कुछ अपराधियों ने घर में घुसकर सोये अवस्था में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि इस क्षेत्र के लतीपुर दक्षिणी पंचायत के वार्ड संख्या - एक निवासी प्रकाश मंडल (57 वर्ष) सोमवार की देर रात को अपने घर में सोये हुए था, तभी कुछ अज्ञात अपराधी घर में घुसे और उसे गोली मारकर भाग गये। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इधर गोली चलने की आवाज सुनते ही परिजन मौके पर पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि परिजनों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की।बाद में फॉरसिक टीम को बुलाया गया है। हत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है।

# विद्यार्थियों को एसडीपीओ ने पढ़ाया साइबर सुरक्षा, नशा-मुक्ति और कैरियर काउंसलिंग का पाठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** सेंट माइकल्स हाई स्कूल, जमालपुर में कक्षा आठवी एवं 10वीं के लगभग 350 विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण लाइफ ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान समय की सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें जिम्मेदार, सुरक्षित और लक्ष्य-केन्द्रित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। मुख्य वक्ता के रूप में एसडीपीओ अभिषेक आनंद, जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान, अपर थानाध्यक्ष टीपू सुल्तान, सब-इंस्पेक्टर कंचन तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। संबोधन में वक्ताओं ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध से



बचाव, सोशल मीडिया के अति प्रयोग से दूरी बनाए रखने, ड्रग्स एवं नशे की बुराइयों से दूर रहने, तथा किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस की सहायता लेने में संकोच न करने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों को 'अभय स्क्वाड' की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी और यह संदेश दिया कि पुलिस हमेशा विद्यार्थियों की सुरक्षा और मार्गदर्शन के लिए तत्पर है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अध्ययन पर विशेष ध्यान देने, अनुशासन बनाए रखने तथा उज्ज्वल करियर की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता विद्यालय की उप-प्राचार्या रश्मि राज ने की। विद्यालय के प्राचार्य चंदन माइकल ने सभी अतिथियों का फूलों के गुलदस्ते भेंट कर हार्दिक स्वागत किया तथा उनके महत्वपूर्ण मार्गदर्शन के प्रति आभार प्रकट करते हुए स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम के दौरान बीच-बीच में प्रस्तुत किए गए प्रार्थनापूर्ण भजनों ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायक और सकारात्मक बना दिया। अंत में कक्षा दसवीं के छात्र आदर्श राज ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण सनोज, राकेश, सुमन, जॉयदेव, सौरव, निशांत, प्रियंका, मधु, अनीता सहित अन्य उपस्थित थे। विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। उपस्थित विद्यार्थियों ने वक्ताओं की बातों को बड़े ध्यान और उत्साह के साथ सुना तथा ऐसे कार्यक्रमों को अपने व्यक्तित्व विकास और सामाजिक जागरूकता के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## सिमरिया सिक्स-लेन पर एंबुलेंस में लगी आग

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चकिया थाना क्षेत्र की सीमा पार सिमरिया सिक्स लेन पूल पर मंगलवार की दोपहर जुगाड़ गाड़ी एवम एम्बुलेंस की भिड़ंत में एम्बुलेंस में जलकर राख हो गई। मंगलवार को नवनिर्मित सिक्स-लेन गंगा पुल पर एक जुगाड़ वाहन को बचाने के चक्कर में एक एंबुलेंस अनियंत्रित होकर भीषण आग की चपेट में आ गई। देखते ही देखते एंबुलेंस आग का गोला बन गई और पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना का विवरण प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एंबुलेंस जीरोमाइल की ओर से मोकामा की तरफ जा रही थी। इसी दौरान मोकामा की दिशा से आ ग्दे भूसा लदे एक जुगाड़ वाहन ने एंबुलेंस को चदे दिया। खुद को बचाने के चक्कर में एंबुलेंस में अचानक तकनीकी खराबी आई जिससे उसमें भीषण आग लग गई। चालक ने कूदकर जान बचाई। आग लगते ही एंबुलेंस चालक ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। जैसे ही लपटें उठीं, चालक ने चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के तुरंत बाद जुगाड़ वाहन का चालक मौके का फायदा उठाकर अपने वाहन सहित फरार हो गया। एम्बुलेंस बंगाल से एक शव छोड़कर वापस लौट रहा था तभी सिमरिया पुल पर यह हादसा हुआ। अचानक सामने आए जुगाड़ वाहन की वजह से सब कुछ घटित हो गया। एम्बुलेंस चालक की पहचान सुमंत तिवारी, इलाहाबाद, यूपी निवासी के रूप में कई गई।

# रात में घंटों बिजली कटौती से लोगों में उबाल, फरीदपुर में विरोध-प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या एवं भेदभावपूर्ण व्यवस्था के विरोध में फरीदपुर में वार्ड पार्षदों एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा विरोध-प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए विद्युत अधीक्षण अभियंता मुंगेर का पुतला दहन किया गया। आंदोलन का नेतृत्व करते हुए वार्ड पार्षद राकेश कुमार ने कहा नगर परिषद वार्ड नंबर 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, को सफियाबाद ग्रीड से विद्युत आपूर्ति की जाती थी। लेकिन अब इन सभी वार्ड को रामचंद्रपुर ग्रामीण ग्रीड से विद्युत आपूर्ति कर रही हैं और पीक टाईम शाम में रामचंद्रपुर ग्रीड का 33000 सफियाबाद ग्रीड से 0 कर दिया जाता है। जिस कारण तीन तीन घंटे लाईन काट दी जाती है। पार्षद राकेश तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में लगातार हो रही अनियमित बिजली आपूर्ति और बिना सूचना के लंबे समय तक कटौती से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। पुनः विभाग हम सभी को सफियाबाद ग्रीड से निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने की व्यवस्था करे। पार्षद प्रतिनिधि गौतम आजाद, दीपक साह एवं दिलीप तांती ने कहा विशेष रूप से इस भीषण गर्मी में रात्रि के समय घंटों-घंटों बिजली कटौती की जा रही है, जिससे



बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। मयंक राज ने कहा कि स्थानीय लोगों की समस्याओं को बार-बार उठाने के बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है। जिससे लोगों में भारी असंतोष व्याप्त है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह जनहित में है और यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो व्यापक स्तर पर जनआंदोलन किया जाएगा।वहीं विशाल ने कहा कि जमालपुर में बिजली आपूर्ति की वर्तमान व्यवस्था पूरी तरह अन्यायपूर्ण और अस्वीकार्य है। बिना सूचना के घंटों बिजली कटौती कर आम जनता को भीषण गर्मी में परेशान किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बिजली दर शहरी और ग्रामीण दोनों के लिए लगभग समान है तो सुविधा में यह भेदभाव क्यों यह दोहरी नीति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने मांग की कि जिस प्रकार दोनों क्षेत्रों में बिजली दर समान है, उसी प्रकार सुविधा में भी पूर्ण समानता लाई जाए और पूरे क्षेत्र में निर्बाध एवं नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो जनता का आक्रोश और तेज होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। जिसमें नवल कुमार, पंकज कुमार पंकज, आलोक कुमार, सोनू कुमार, प्रेम कुमार, सुधीर कुमार, बिपिन गुप्ता, दिनेश कुमार मंडल प्रशांत कुमार एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गर्भवतियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत मंगलवार को पीएचसी नावकोठी में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 29 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। जांच के क्रम में चार गर्भवती महिलाएं एनीमिया से ग्रसित तथा तीन हेपेटाइटिस बी से ग्रसित पाई गई। जिसे चिकित्सकों ने आवश्यक दवा उपलब्ध कराते हुए विशेष रूप से पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी। शिविर में मरीजों के लिए चिलचिलाती धूप में पीने के पानी का बंदोबस्त नहीं था। शिविर में गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली नाश्ता का भी प्रबंध नहीं था। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनवरी 2026 से महीने में 3 दिन छुट्टी के दिनों को छोड़कर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत सभी गर्भवती लाभुकों को एक-एक पैकेट नाश्ता दिया जाना था। जो कि शिविर में देखने को नहीं मिला। शिविर में आए लाभुक हिना खातून, गुलशन खातून, चांदनी, चंदा आदि ने बताया कि इस शिविर में इतनी गर्मी में पूरे अस्पताल परिसर में कहीं एक चापाकल नहीं दिखने को मिला और ना ही कहीं पानी की व्यवस्था ही मिली। चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु कुमार एवं डॉक्टर भारती भूषण ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच कराने, चिकित्सकों द्वारा दी गई दवाओं का नियमित सेवन करने तथा संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने पर विशेष जोर दिया। इस मौके पर बीसीएम ऊषा कुमारी, सीएच ओ सूर्यभूषण, राजा कुमार, प्रियदर्शिनी कुमारी, जुली कुमारी, लैब टेक्नीशियन पंकज जोशी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पशु पोषण के क्षेत्र में एक नया कदम-उन्नत पशुपालन, समृद्ध किसान

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पटना द्वारा दुग्ध उत्पादकों के हित में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए दुग्ध शीतक केन्द्र परिसर, छपरा में 'साईलेज उत्पादन इकाई' का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अत्याधुनिक



इकाई का शुभारंभ संजय कुमार (अध्यक्ष, वी.पी.एम.यू., पटना), डॉ. पद्मवीर सिंह (वरीय प्रबंधक, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड) एवं डॉ. अजय कुमार राय (प्रबंधक संग्रहण) के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। साईलेज तकनीक पशुपालन के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव है, जिससे किसानों को पशुओं के लिए साल भर पौष्टिक और रसीले हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, विशेषकर चारे की कमी वाले महीनों में। वैज्ञानिक पद्धति से तैयार साईलेज के सेवन से पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार होगा और दुग्ध उत्पादन क्षमता में प्राकृतिक रूप से बढ़ोत्तरी होगी। पशु पालकों के दाने और अन्य आहार पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, जिससे उनकी आय और मुनाफे का स्तर बढ़ेगा। इस नई इकाई के शुरू होने से क्षेत्र की श्वेत क्रांति को एक नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### सदर एसडीओ के द्वारा कोटवा पीएचसी का किया गया औचक निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर एसडीओ निशांत सिहारा ने कोटवा 'पीएच सी' का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था में कई गंभीर खामियां उजागर हुईं। एमओआईसी ड्यूटी के समय अनुपस्थित पाए गए, जब कि रोस्टर में उनकी उपस्थिति दर्ज थी।



पूछताछ में उन्होंने अपनी शिफ्ट न होने का कारण बताया, जो जांच में गलत पाया गया। बताया गया कि वे प्रतिदिन मुजफ्फरपुर से आना - जाना करते हैं। रजिस्ट्रेशन काउंटर के निरीक्षण में आलोक कुमार निर्धारित शुल्क से दोगुना शुल्क लेते पकड़े गए। उपस्थिति पंजी देखी गई जिसमें 06 अन्य कर्मी भी ड्यूटी से नदारद मिले।सिक्योरिटी गार्ड की अनुपस्थिति पर भी एसडीओ ने नाराजगी जताई और कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

### कुमुद पब्लिक स्कूल की छात्रा स्नेहा बनी स्कूल टॉप

**सीबीएसई 10 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में अर्जित किए 94.4 प्रतिशत अंक**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीबीएसई द्वारा हाल में घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में कुमुद पब्लिक स्कूल की छात्रा स्नेहा कुमारी ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर कर स्कूल का मान बढ़ाया है। स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे स्कूल एवं बच्चों के परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की छात्रा स्नेहा कुमारी को कुल 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए और वे स्कूल टॉप रही।इसके अलावे अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया । विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार एवं प्रबंधन समिति में खुशी की लहर है। स्कूल के निदेशक विकास कुमार सिंह, प्रधानाचार्य आनंद कुमार, प्रभात मिश्र सहित सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने खुशी जाहिर की। और सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कुमार ने कहा कि सच्चा परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। जो विद्यार्थी अनुशासन में रह कर अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर प्रयास करते हैं सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमती है।

### दुकानदार व ग्राहक में मारपीट

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर थाना क्षेत्र के गांधी हाट में एक फर्नीचर व्यवसाई को ग्राहक ने विवाद में मारकर हाथ तोड़ डाला।घायल फर्नीचर व्यवसायी धनेश्वर मिस्त्री इलाज हेतु मनेर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से पटना रेफर कर दिया गया है वहीं मामले की जांच में पुलिस पहुंची हुई।

### समता अधिकार सम्मेलन का आयोजन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में समता अधिकार सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम बृजलाल प्रसाद महाविद्यालय के प्रांगण में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर रहे प्रो. डॉ. लक्ष्मण यादव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए, सम्मेलन को संबोधित



करते हुए कहा कि आज पूरे देश में अपने संवैधानिक अधिकार के लिए एक जुट होकर संघर्ष करने की. जरूरत है आज शासक वर्ग जाति कार्ड खेलकर ओबीसी एससी एसटी अल्पसंख्यकों का आरक्षण निगल रहा है इसलिए युवा पीढ़ी को जागना होगा और अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष तेज करना होगा, इसके साथ ही उन्होंने कहा की बिहार एक सामाजिक सद्भाव की धरती रही है और समानता न्याय की लड़ाई अगली पीढ़ी तक पहुंचना बेहद जरूरी है समानता न्याय का मतलब भारत का संविधान से है, वहीं आगामी 29 अप्रैल को अति पिछड़ा अधिकार वर्ग के द्वारा यूजीसी आरक्षण के मामले में हो रहे प्रोटेस्ट पर इस आंदोलन में सभी की भागीदारी जरूरी है।बहरहाल इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत रंजन किशोर पूर्व प्रमुख मसौढ़ी ने किया, संचालन प्रोफेसर सी .पी .मंडल ने किया, इस कार्यक्रम में सिपाही यादव दिनेश चंद्रवंशी उपेंद्र पंडित राम केवल महतो रविंद्र कुमार सिंह दिलखुश यादव लालमोहन सिंह, रंजीत पटेल, सोनेलाल प्रसाद, मीरा यादव, मुखिया रंजन कुमार, ललिता बौद्ध डॉ सोनम नारायण, टिंकू यादव विकास यादव, प्रतिक पटेल, गौतम कुमार मृत्युंजय पेरियार सहित 500 लोग शामिल हुए।

### मासूम के साथ दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थानाक्षेत्र के गुल्लीटांड गांव में एक तीन वर्षीया बच्ची के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटना सामने आई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को मंगलवार की शाम गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान करकट बीघा गांव निवासी 24 वर्षीय मनजीत कुमार उर्फ पीयूष, पिता जितेंद्र यादव, के रूप में हुई है। वह सोमवार को अपने ननिहाल में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने आया था। पुलिस के अनुसार, इसी दौरान रात में उसने वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शादी समारोह से खाना खाकर तीन वर्ष की बच्ची अकेले अपने घर लौट रही थी। तभी आरोपी उसे जबरन उठाकर सुनसान स्थान पर ले गया और दुष्कर्म किया। रेप के बाद बच्ची जब बेहोश हो गई तो वह मामी के घर में बच्ची को छुपा दिया। पूरे गांव के लोग रात भर बच्ची को खोज बिन करते रहे ।

## रक्सौल बनेगा रेलवे का बड़ा हब

# इंडियन ऑयल डिपो की जमीन पर बिछेंगी नई रेल लाइनें

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती क्षेत्र के रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी है। पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने रविवार को रक्सौल जंक्शन और रेलवे यार्ड का गहन निरीक्षण कर भविष्य की बड़ी योजनाओं का संकेत दिया है। इस दौरे का मुख्य केंद्र इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन डिपो की खाली पड़ी जमीन रही, जिसे अब रेलवे अपने विस्तार के लिए उपयोग करने की तैयारी में है।

**डीआरएम ने तैयार किया ब्लूप्रिंट**



**खाली जमीन पर होगा रेल लाइनों का जाल**

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने स्पष्ट किया कि रक्सौल स्टेशन पर बढ़ते दबाव को देखते हुए संसाधनों का विस्तार अनिवार्य है। उन्होंने यार्ड स्थित आईओसी डिपो की खाली भूमि का विशेष जायजा लिया और अधिकारियों के साथ इस बात पर मंथन किया कि कैसे इस जमीन का उपयोग नई रेल लाइनें बिछाने और ट्रेनों के ठहराव (वाशिंग पिट/यार्ड विस्तार) के लिए किया जा सकता है।

**शुरू होंगी कई नई लंबी दूरी की ट्रेनें**

डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने रक्सौल को समस्तीपुर मंडल का 'अति महत्वपूर्ण' स्टेशन करार देते हुए कहा कि आने वाले समय में यहाँ से कई नई छोटी और लंबी दूरी की ट्रेनों का परिचालन शुरू करने की योजना है।

**प्लेटफॉर्म विस्तार:** बढ़ती यात्री क्षमता को देखते हुए प्लेटफॉर्मों की संख्या और उनकी लंबाई बढ़ाने पर जोर दिया गया।

**आधुनिकीकरण:** स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने के लिए बुनियादी ढांचे में बड़े बदलाव किए जाएंगे।

**जल्द तैयार होगा विकास का 'फाइनल ड्राफ्ट'**

डीआरएम ने बताया कि इस निरीक्षण की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इसी रिपोर्ट के आधार पर रक्सौल स्टेशन के कायाकल्प और आगामी विकास कार्यों का अंतिम खाका तैयार किया जाएगा। माना जा रहा है कि इस जमीन के मिलने से रक्सौल जंक्शन की क्षमता दोगुनी हो जाएगी।

**इन अधिकारियों की रही मौजूदगी**

इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान स्टेशन अधीक्षक अजय कुमार, स्टेशन मास्टर सतीश कुमार जायसवाल, आरपीएफ इंस्पेक्टर ए.के. चौधरी, यातायात निरीक्षक धीरेंद्र कुमार और मुख्य चल टिकट निरीक्षक रामानंद कुमार सहित मंडल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 104.7 किलो गांजा बरामदगी मामले में चार तस्करों पर प्राथमिकी



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिन सोमवार को रेगनिया और अगरवा गांव के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 104.700 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपियों की पहचान सुबोध कुमार पिता बीरबदुर राय, राजू कुमार पिता बिंदा राय, विकाश कुमार पिता राम सिंहासन राय और राजा कुमार पिता उद्यो राय के रूप में हुई है। सभी आरोपी अगरवा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, गांजा बरामदगी के दौरान सभी तस्कर मौके से फरार हो गए। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि चारों आरोपी लंबे समय से नारकोटिक्स का सिंडिकेट चला रहे थे। ये सभी नेपाल से गांजा लाकर रात के अंधेरे में बॉर्डर पार करते थे और भारतीय बाजार में ऊंचे दामों पर बेचते थे।पुलिस जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि सुबोध कुमार और विकाश कुमार पहले भी नारकोटिक्स से जुड़े मामलों में विभिन्न थानों से जेल जा चुके हैं, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।अपर थाना अध्यक्ष शिवजी पासवान ने सख्त रुख अपनाते हुए आरोपियों को चेतावनी दी है कि वे शीघ्र न्यायालय में आत्मसमर्पण करें, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने तस्करों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया है और पूरे क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

## सवालों के घेरे में उलझीं नई दारोगा पूजा कुमारी



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना में चौकीदार को ग्रामीण पुलिस का दर्जा तो मिला है परन्तु अपने कार्य से हटकर पर्याप्त भ्रष्टाचार में लिप्त दिखाई दे रहे हैं इन चौकीदारों की झाझे में आकर नये नये थानेदार थानेदारी छोड़ लाइन हाजिर हो गये,दोष इनका भी नहीं है दोष तो वादी/परिवादी का है जो इन चौकीदारों के मदद से कुछ चंद रुपए की लालच में दारोगा बाबू निलंबित हो गये इस सिलसिले में जिला पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात को जानकारी होने के बाद कार्रवाई संभव होती है, भ्रष्टाचार के आरोपी ने इंतखाब आलम को प्रशासन इतना बेखबर थी की वरीय पदाधिकारी को भनक तक नहीं लगा, करीब बीस-पच्चीस बरसों से थाने का दलाली करने वाला एक दिन पकड़ा ही गया, सवालों के घेरे में रसूखदार दारोगा चौधरी, दारोगा पप्पु पासवान दोनों व्यक्ति निलंबित हो ने के कारण थाने में चौकीदारी व्यवस्था आज भी कायम है, लगता है कि दो दारोगा के बदलाव से थाने की उन्नति व प्रशासनिक व्यवस्था कायम होने की संभावना जताई जा रही है लेकिन वैसा नहीं है, ऐ तो सही है कि आदापुर थाना दो चौकीदारों से चलता है प्रशासन से उम्मीद लगाई जा सकती है कि दो चौकीदारों की भी निगरानी में नाम डाला जाय ताकि मोटी कमाई की रकम वसूली हो सके,दो चौकीदार की वहीं मनमानी,रोब असहनीय,पिडित व्यक्तियों से पहले सम्पर्क बनाना,जी हजूरी में लगें रहना,आज भी वही हाल अपने बुनियाद पर खड़ी है, आगंतुक पिडितो के प्रति ये लोग कायम है।

## एसएसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस केंद्र के सभागार में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण की समीक्षा की। बैठक में एसपी ने लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं अंचल निरीक्षकों को केस पर्यवेक्षण मजबूत करने तथा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वारंट निर्गत अपराधियों की गिरफ्तारी में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।एसपी ने थानाध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाने, विशेषकर रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाने और सभी इलाकों को पुलिस निगरानी में रखने का आदेश दिया। उन्होंने नियमित वाहन जांच अभियान चलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतत नजर रखने पर भी जोर दिया। वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित उद्भेदन के निर्देश दिए गए।

## मासूम की गर्दन पर चाकू रख छह लाख से अधिक की लूट

**नकाबपोश बदमाशों ने महिलाओं को बंधक बनाकर वारदात को दिया अंजाम**



**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती झरौखर थाना क्षेत्र के जमुनिया गांव वार्ड संख्या 7 में रविवार की देर रात हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर सनसनीखेज लूट की वारदात को अंजाम दिया. बदमाशों ने 23 माह के मासूम बच्चे की गर्दन पर चाकू रखकर महिलाओं को बंधक बना लिया और करीब 6 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति लूटकर फरार हो गए.मिली जानकारी के अनुसार, तीन की संख्या में आए बदमाशों ने सबसे पहले घर के बाहर की बत्ती बुझाई और फाटक काटकर अंदर प्रवेश किया.उस समय घर में पुरुष सदस्य मौजूद नहीं थे. घर में सिर्फ गजेंद्र राय उर्फ लालू की मां किस्मती देवी,उनकी पत्नी और 23 माह का मासूम बच्चा मौजूद था. पीड़िता किस्मती देवी ने बताया कि बदमाश घर में घुसते ही उनके पुत्र को खोजने लगे और मासूम पोते आयुष की गर्दन पर चाकू रखकर पेटी और ट्रंक की चाभी मांगने लगे. विरोध करने पर सभी महिलाओं को बंधक बना लिया गया. इसके बाद बदमाशों ने पेटी तोड़कर 4 लाख 16 हजार रुपये नगद और ट्रंक में रखे करीब 2 लाख रुपये मूल्य के आभूषण लूट लिए, यहां तक कि बदमाशों ने बच्चे के शरीर पर पहने आभूषण भी नहीं छोड़े. घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश दक्षिण दिशा की ओर फरार हो गए. सूचना मिलते ही झरौखर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर पीड़ित परिवार से आवश्यक पूछताछ की इधर,गृहस्वामी गजेंद्र राय ने बताया कि भाइयों के बीच बंटवारे के बाद नया घर बनाने के लिए नगद राशि घर में रखी गई थी, जिसे बदमाश लूट ले गए.थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है. गृहस्वामी के द्वारा अभी तक आवेदन नहीं मिला है आवेदन मिलते ही अग्रिम कारवाई की जाएगी।

## एईडीओ की तीनों चरणों की परीक्षा सम्पन्न, 393 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**दूसरे दिन एक पाली में शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में हुई परीक्षा**



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी (एईडीओ) की तीनों चरणों की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि दूसरे दिन सामान्य योग्यता की परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की गई। इसमें कुल 600 परीक्षार्थियों में से 207 उपस्थित रहे, जबकि 393 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पहले दिन की पहली पाली में सामान्य भाषा की परीक्षा में 216 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 384 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में सामान्य अध्ययन की परीक्षा में 215 परीक्षार्थी शामिल हुए और 385 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। तृतीय चरण की परीक्षा में पहले दिन की अपेक्षा दूसरे व अंतिम दिन 8 अभ्यर्थी कम शामिल हुए। केंद्राधीक्षक ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त ढंग से सम्पन्न कराने में स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी वरुण कुमार एवं प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार की भूमिका सराहनीय रही। वही विधि- व्यवस्था बनाए रखने में ढाका थाना के सब-इंस्पेक्टर जवाहर प्रसाद, सिपाही पुरुषोत्तम कुमार सहित सशस्त्र बल के जवानों ने अहम योगदान दिया। कार्यालय सहायक के रूप में शिक्षक संतोष कुमार, कामेश्वर प्रसाद सिंह, जफर इमाम, रवि कुमार रवि, आदित्य राज, खालिद हसमुल्लाह, मनोज प्रसाद तथा लिपिक विनोद कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने परीक्षा संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एसएसबी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी के कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा ने संकल्प 95 सुंदर सिंह एवं इंद्रासन सिंह ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर की सराहना करते हुए संस्था को कोटि-कोटि बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में इस संस्था का कार्य अत्यंत सराहनीय और प्रेरणादायी है। कमांडेंट ने कहा कि वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में इस संस्था के कार्यों की प्रशंसा किया जाना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इससे स्पष्ट होता है कि संस्था समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि जहां भी आवश्यकता होगी, एसएसबी के चिकित्सक और टीम इस तरह के सामाजिक कार्यों में सहयोग के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। ह्लहम लोग भी समाज और मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। ऐसे में यदि आपका और हमारा सहयोग एक साथ हो जाए, तो सेवा का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जा सकता है, उन्होंने कहा। वहीं, स्थानीय स्तर पर आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने लोगों को जागरूक करते हुए सामाजिक एकता और सेवा भावना पर जोर दिया। कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य, खेल और सामाजिक सहभागिता के प्रति प्रेरित किया गया।

## गुरुकुल क्लासेज में हुआ छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन




**सुगौली/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित गुरुकुल क्लासेज में छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर उपचेयरमैन प्रतिनिधि विकाश शर्मा, नगर पार्षद सह पैक्स अध्यक्ष श्याम शर्मा, डुमरी प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार गिरि, हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ पवन कुमार साहनी भाजपा नगर उपाध्यक्ष अंकुर चौधरी, राजन कुमार, अनिरुद्ध महतो, उत्तम राज गोस्वामी, नेहाल अहमद, प्रभु प्रसाद, मोहम्मद शौकत अली, मोहम्मद अजीम, प्रमोद यादव, दीपक कुमार, अरविंद कुमार सहित अन्य अभिभावक उपस्थित रहे। बहन शिम्पी को बिहार टॉप 10 में अपना स्थान बनाने के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र और मैडल से सम्मानित किया गया वही आफिया अजीम को प्रखंड में पहला स्थान लाने हेतु सम्मानित किया गया इसके अलावे अभिरुचि और खुशबू और सुफिया को संस्थान में टॉप 5 में स्थान बनाने हेतु सम्मानित किया गया। वहीं 12वीं की परीक्षा में चांदनी कुमारी को पूरे सुगौली प्रखंड में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रिया कुमारी ने संस्थान में दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा शम्मा प्रवीण, सागर कुमार, खुशबू खातून तथा मुन्ना ने टॉप 5 में स्थान बनाया। मंच संचालन अनिरुद्ध महतो के द्वारा किया गया। विकाश शर्मा ने समारोह का संबोधन करते हुए संस्थान के सभी शिक्षकों को शुभकामना दी। वही पवन साहनी ने शिक्षा का महत्व के बारे में बताते हुए सभी विद्यार्थियों को आगे और परिश्रम करने तथा बेहतर परिणाम हेतु प्रोत्साहित किया। संजीव गिरि ने अपने आशीर्वचनों के साथ बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार की बात करते हुए बताया कि संस्कार के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं होता। बच्चों को अपने जीवन में और आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं देते उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के संचालक पुरुषोत्तम कुमार तथा राजन कुमार ने बताया कि बिगत कई वर्षों से यहां के बच्चे जिला के साथ राज्य में भी अपना स्थान प्राप्त करते आ रहे है।

## डीएम द्वारा सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अधीनस्थ कार्यालयों की जांच करने का दिया गया निर्देश

**सीएस द्वारा सदर अस्पताल का किया गया औचक निरिक्षण**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी के साथ बैठक कर सभी पदाधिकारी को अपने अधिनस्थ कार्यालयों की जांच करने का निर्देश दिया गया था ' उसी के आलोक में सिविल सर्जन पूर्वी चंपारण डॉक्टर दिलीप कुमार के द्वारा सदर अस्पताल मोतिहारी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी एवं रोस्टर के अनुसार सभी चिकित्सको एवं कर्मियों की उपस्थिति की जांच की गई। सिविल सर्जन के द्वारा इस दौरान अस्पताल परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई गई एवं साफ सफाई को लेकर नाराजगी भी प्रकट की गई। अनुपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मियों के वेतन अवरुद्ध करने का निर्देश दिया गया। आज अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पर सिविल सर्जन के द्वारा स्पष्टीकरण किया गया है। सदर अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उपाधीक्षक सदर अस्पताल एवं प्रबंधक सदर अस्पताल मोतिहारी उपस्थित थे।

## सरकार बनते ही प्रशासन एक्शन में, एसडीओ के निरीक्षण में पीएचसी में मिली भारी गड़बड़ी

**प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गायब, सीएस ने मांगा स्पष्टीकरण, कटेगा एक दिन का वेतन, रजिस्ट्रेशन काउंटर पर अवैध वसूली**



**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार की नई सरकार बनते ही प्रशाशन एक्शन मोड में दिख रहा है। मोतिहारी के सदर एसडीओ निशांत सिहारा ने मंगलवार को कोटवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भरी कुव्यवस्था सामने आई।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गौरव कुमार अनुपस्थित पाए गए, जबकि रोस्टर में उनकी उपस्थिति दर्ज थी।पूछने पर उन्होंने अपनी ड्यूटी नहीं होने की बात कही, जबकि जांच में रोस्टर के अनुसार उनकी ड्यूटी पाई गई। बताया गया कि वे प्रतिदिन मुजफ्फरपुर से आना-जाना करते हैं। अस्पताल के एक कमरे को ही अपने ठहरने के लिए उपयोग में लाते हैं।इसके अलावा 6 अन्य कर्मी भी अनुपस्थित थे, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन काउंटर पर तैनात डाटा ऑपरेटर आलोक कुमार को निर्धारित शुल्क से दुगना पैसा लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।इस पर एसडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई। मरीजों से अधिक शुल्क वसूली की शिकायत पहले से मिल रही थी, जिसकी पुष्टि औचक निरीक्षण में हो गई।एसडीओ ने स्पष्ट कहा कि गरीब मरीजों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अस्पताल परिसर में सिक्योरिटी गार्ड की अनुपस्थिति भी निरीक्षण के दौरान सामने आई। इस पर एसडीओ ने गहरी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में इस तरह की लापरवाही गंभीर है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के बाद अस्पताल कर्मियों में हड़कंप मच गया है।बताया जा रहा है कि जांच आगे बढ़ने पर कई कर्मियों पर गाज गिर सकती है।सदर एसडीओ निशांत सिहारा ने बताया कि सारी रिपोर्ट सीएस को भेज दी गई है।सीएस ने गायब डॉक्टर से जवाब मांगा है।जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।गायब कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने का भी निर्देश दिया गया है।अवैध वसूली करने वाले ऑपरेटर को हटाने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

# जिले में प्रतिदिन 6963 सिलेंडरों की हो रही होम डिलेवरी

## डीएम ने की एलपीजी आपूर्ति एवं वितरण की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7132 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6963 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 21 अप्रैल तक जिला में कुल नए 200 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में 6 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है जिसमे शाश्वत रेस्टोरेंट, हर्षा किचन, सरस्वती इन, मधुपर्क, होटल स्काई व्यू प्रमुख है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में दिनांक 21 अप्रैल को प्राप्त कुल 15 शिकायतों में से 14 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि 01 प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

## अपहरण, मारपीट और जबरन वसूली मामले का आरोपित गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस ने छह दिनों तक एक व्यक्ति को बंधक बनाकर रखने, उसके साथ मारपीट करने और पिस्तौल के बल पर पैसे ट्रांसफर कराने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी अंकित कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि पीड़ित ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि आरोपी ने उसे अगवा कर लिया और छह दिनों तक अपने घर व औरंगाबाद शहर में विभिन्न जगहों पर बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। अपराधी ने उसकी जान लेने की धमकी देकर पिस्तौल के बल पर उसके बैंक अकाउंट से ग्यारह लाख बीस हजार रुपए बैंक खाता में ट्रांसफर करवा लिया। इतना ही नहीं, भविष्य में प्रॉपर्टी या अन्य कानूनी दबाव बनाने के इरादे से उससे कई सादे स्टांप पेपर पर भी जबरन हस्ताक्षर करवा लिए। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## बेला बिगहा में अष्टाक्षरी अखंड कीर्तन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** हसपुरा प्रखंड के पीरू पंचायत अंतर्गत बेला विगहा में नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर में हरे राम, हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे अष्टाक्षरी मंत्र के उदघोष से 24 घंटे का अखंड कीर्तन मंगलवार को दोपहर संपन्न हो गया। इसके उपरांत आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया। यजमान के रुप में रिटायर्ड हेडमास्टर अशोक सिंह थे। अखंड कीर्तन के सफल आयोजन पर देख-रेख कर रहे समाजसेवी सह पूर्व मुखिया अर्जुन सिंह यादव, राजेन्द्र यादव, भीखर यादव रामानंद यादव, रामप्रवेश भगत, महाबीर यादव, योगेंद्र यादव चितरंजन सिंह, दीना सिंह, भुआवल यादव, दिनेश कुशवाहा ने बेला बिगहा गांव सहित आसपास के ग्रामवासियों के प्रति आभार जताते हुए कहा सनातन धर्म व संस्कृति में पूजा-पाठ वैदिक हवन का खास महत्व तब और बढ़ जाता है जब सामुहिक सहयोग मिलता है। उन्होंने बताया अखंड कीर्तन में टाल पंचायत के ढोलक वादक पूर्व पंचायत समिति रामजीत राम की टीम के सभी गायक मंडली के अलावा दर्जनों गायक मंडली का हिस्सेदारी बढ़चढ कर रहा। अखंड कीर्तन में शिरकत कर रहे पूर्व मुखिया अर्जुन सिंह यादव व रिटायर्ड हेडमास्टर अशोक सिंह ने कहा सुख-शांति व समाजिक स्तर पर आपसी सौहार्द व भाईचारा धार्मिक अनुष्ठान से बना रहता है। वहीं आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री ने कहा श्रद्धा व भक्ति का उद्देश्य तभी पूरा होता है जब समाजिक स्तर से धार्मिक पूजा-पाठ हो। ऐसे आयोजन से सनातन धर्म के प्रति लोगों में आस्था बढ़ती है। नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान शंकर का स्थापना होते पूजा-पाठ के लिए श्रद्धालुओं की भक्ति उमड़ पड़ी। उन्होंने कहा ऐसे आयोजन के लिए रिटायर्ड हेडमास्टर अशोक सिंह सहित अखंड कीर्तन में भाग लेने वाले सभी लोग अभिनन्दन के पात्र हैं।

## सड़क दुर्घटना में जखमी किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड के रामजीवन बिगहा से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 11 वर्षीय मासूम की इलाज़ के दौरान मौत हो गई। वह घर का इकलौता चिराग बुझ गया था। जानकारी के अनुसार घायल ग्रामीण प्रेम प्रकाश कुमार उर्फ राजू कुमार के 11 वर्षीय इकलौते पुत्र लक्ष्य कुमार उर्फ भूटू कुमार की सड़क हादसे के बाद इलाज के दौरान बनारस ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई। बताया जाता है कि शनिवार की शाम ओबरा-बेल रोड स्थित राम जीवन बिगहा मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन ने लक्ष्य को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक तेजी से अपना वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर दौड़ पड़े और लक्ष्य के परिजनों को इस हादसे की जानकारी दी। इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में कराया भर्ती आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। चिकित्सकों के द्वारा लक्ष्य को रेफर किए जाने के बाद परिजन उसे लेकर जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के गए। मगर वहां भी चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। चिकित्सकों से मिले जवाब के बाद लक्ष्य के परिजन बेहद ही हतोत्साहित हो गए। लेकिन फिर भी हिम्मत नहीं हारी और उसे लेकर बनारस के ट्रामा सेंटर पहुंचे। मगर चिकित्सकों के अथक प्रयास के बाद भी लक्ष्य की सांसों की डोर टूट गई और घर का इकलौता चिराग बुझ गया। लक्ष्य की मौत के बाद परिजनों पर न सिर्फ दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, बल्कि उनका रो रोकर हाल बेहाल है। लक्ष्य की मौत से पूरा गांव मर्माहत है। परिजन शव लेकर ओबरा पहुंचे। जहां थानाध्यक्ष के द्वारा शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल औरंगाबाद में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मां रीना देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और सांत्वना दी। ओबरा जिला परिषद प्रतिनिधि शिवप्रकाश कुमार यादव, सरपंच राजश्री शर्मा, पूर्व बसपा विधानसभा प्रत्याशी संजय कुमार शर्मा, रवि पांडेय, गिरीश कुमार सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन चालक की जल्द कर कार्रवाई करने की भी मांग की है।

## रक्तदाता महाकुंभ-2 का आगाज, तैयारी में जुटा पथ प्रदर्शक, देश विदेश से जुटेंगे रक्तदाता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रक्तसेवा में समर्पित औरंगाबाद के चर्चित समाजसेवी एवं स्वयं सेवी संस्था पथ प्रदर्शक के संस्थापक सचिव बमेंद्र कुमार सिंह द्वारा रक्तदाता महाकुंभ - 2 का आगाज कर दिया गया है। अपने पिता स्व इंद्रदेव सिंह के ग्यारहवीं पुण्य तिथि के अवसर पर गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के सहयोग से दो दिवसीय रक्तदान महोत्सव सह रक्तदाता सम्मेलन का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। चार और पांच जुलाई को रक्तदाता महाकुंभ - 2 के तहत रक्तदान महोत्सव का आयोजन किया जाना है। इस महोत्सव में रक्तदाता सम्मेलन एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। पथ प्रदर्शक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नेपाल और भूटान के साथ साथ भारत के बिहार,झारखंड,पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आसाम, नागालैंड, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश ,गुजरात, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, सिक्किम सहित पच्चीस राज्यों से महिला - पुरुष रक्तदाता भाग लेंगे। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार, रोहतास के प्रति कुलाधिपति गोविन्द नारायण सिंह के विशेष सहयोग से रक्तदान महोत्सव सह रक्तदाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह का काफी सहयोग मिल रहा है। विश्वविद्यालय के नव निर्मित ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि अपने पिता की पुण्य तिथि के अवसर पर रक्तदान महोत्सव एवं रक्तदाता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस बार इसे महोत्सव का रूप दिया जा रहा है। बमेन्द्र ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी तेजी से चल रही है। प्रतिभागियों का चयन कर सभी को आमंत्रण पत्र भेज दिया गया है। मंगलवार को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति एवं नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अधीक्षक तथा प्राचार्य को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। वर्ष 2019 में पहला कार्यक्रम रक्तदाता महाकुंभ का आयोजन किया गया था जिसमें पांच देश सहित अठारह राज्यों के रक्तदाता शामिल हुए थे।

## रफीगंज में बैंक ऑफ बड़ौदा की नई शाखा का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### विकास को मिलेगी रफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के बस स्टैंड के पास बैंक ऑफ़ बड़ौदा की नई शाखा का उद्घाटन विधिवात फीता काटकर किया गया। बैंक ने यहां अपनी 67वीं शाखा का शुभारंभ किया है। इस नई शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि पटना अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख सुब्रत कुमार स्वाई ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गया क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख संजय कुमार तिवारी, उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रभात कुमार श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक चंदन कुमार, क्षेत्रीय विपणन प्रबंधक नीरज कुमार, क्षेत्रीय सुविधा प्रबंधन कुंदन कुमार, एवं क्षेत्रीय आईटी प्रबंधक प्रतीक जयसवाल, क्षेत्रीय जोखिम प्रबंधन पंकज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुब्रत कुमार स्वाई ने कहा कि इस नई शाखा को क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। बैंक अधिकारियों के अनुसार, रफीगंज में इस शाखा के खुलने से स्थानीय लोगों को अब बेहतर और सुलभ बैंकिंग सेवाएं मिल सकेंगी। जिसमे आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस पहल को क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

## जिले में एलपीजी वितरकों की कार्यप्रणाली और क्रियाशीलता की जांच शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

### डीएम ने कालाबाजारी और अनियमितता पर दी कड़ी चेतावनी

**जमुई।** जिला पदाधिकारी श्री नवीन के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और उनके त्वरित समाधान हेतु पूर्णतः संकल्पित है। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण प्रभावित हुई आपूर्ति श्रृंखला के मद्देनजर, जिले में रसोई गैस की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में व्यापक जांच अभियान जारी है। इस जांच में उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों के आधार पर पूरे जिले में एलपीजी वितरकों की कार्यशैली की सघन जांच की जा रही है, ताकि परिस्थितियों का लाभ उठाकर कोई भी बिचौलिया या वितरक इसे अवसर में तब्दील नहीं करें। इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रतिनियुक्त जांच दलों ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। चकाई प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार ने शिव इंडेन, कृष्णा गैस एजेंसी और मनोरमा भारत गैस ग्रामीण वितरक के प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया, वहीं सिकंदरा प्रखंड में आपूर्ति पदाधिकारी साधना सिंह ने सिमरिया स्थित महादेव इंडेन और कुमार स्थित राजलक्ष्मी भारत गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली एवं स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया। इसी क्रम में खैरा प्रखंड के सीताराम भारत गैस तथा सोनो प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन कुमार द्वारा गौरी इंडेन और दर्शन भारत गैस की विस्तृत जांच कर वितरण पंजी का मिलान किया गया। अलीगंज प्रखंड में भी आपूर्ति पदाधिकारी सन्नी कुमार दिवाकर ने अलीगंज इंडेन और दिननगर स्थित नवाज भारत ग्रामीण वितरक के केंद्रों पर पहुंचकर स्टॉक और आपूर्ति व्यवस्था का गहन जायजा लिया। जांच के दौरान मुख्य रूप से होम डिलीवरी की सुचारू स्थिति, निर्धारित मूल्य से अधिक राशि की वसूली (ओवरचार्जिंग), स्टॉक रजिस्टर के सही संधारण और उपभोक्ताओं के साथ किए जाने वाले व्यवहार की गहराई से समीक्षा की जा रही है। जिला पदाधिकारी ने इस संबंध में अत्यंत सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि जिले के प्रत्येक नागरिक को ससमय और सुलभ तरीके से रसोई गैस उपलब्ध कराना वितरकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जांच के दौरान किसी भी एजेंसी में स्टॉक की कालाबाजारी या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित वितरक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम'की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन जनता के प्रति अपनी जवाबदेही को लेकर पूरी तरह सजग है और यह जांच अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा ताकि कोई भी उपभोक्ता अपने अधिकारों से वंचित न रहे।

## लोक अदालत की तैयारी में जुटा प्राधिकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार तैयारियों को लेकर सभी न्यायिक पदाधिकारियों के साथ अपने प्रकोष्ठ में समीक्षा बैठक की गई। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल भी उपस्थित रही। जिला जज द्वारा लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया गया। जिला जज ने समीक्षा के दौरान अबतक विभिन्न न्यायालयों के द्वारा निर्गत नोटिस और उससे संबंधित तामिला की जानकारी प्राप्त की एवं पक्षकारो के साथ आयोजित होने वाले प्री-कॉन्सेलिंग प्रक्रिया के संबध में अबतक किये गये कार्यो की समीक्षा किया। जिला जज ने लोक अदालत की तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया। उनके द्वारा कहा गया कि अबतक जितने भी चिह्नित वाद न्यायालय द्वारा किये गये हैं और नोटिस निर्गत हुआ है उसकी तामिला की अवस्था की जानकारी यथाशिघ्र प्राप्त करें एवं अधिक से अधिक पक्षकारो के साथ प्री-कान्सेलिंग की प्रक्रिया संबधित न्यायालयो के साथ सामंजस्य स्थापित कर करें। प्री-कॉन्सेलिंग प्रक्रिया के दौरान पक्षकारो के बीच सौहाद्रपूर्ण वातावरण रखें ताकि उन्हें अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन कराने में खुशी का भाव उत्पन्न हो और उनके माध्यम से आम जनमानस भी अपने-अपने वाद राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु प्रेरित हो सके।

## नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिशन का दक्षिण भारत मे होगा विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेंगलुरु।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिशन राज्य शाखा कर्नाटका की बैठक बनरघट्टा रोड स्थित कोपा गेट गवर्नमेंट स्कूल मे मंगलवार को आयोजित किया गया। जिसमे दक्षिण भारत मे भी संघ का व्यापक विस्तार कर बुजुर्गो की सेवा का संकल्प दुराया गया। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित संघ के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पाण्डेय 'एलौन' ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के हक के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया की वरिष्ठ नागरिकों की बन्द की गई रेल किराया छूट को फिर से बहाल कराने, साठ से सतर साल उम्र वाले बुजुर्गों को भी आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने, पुलिस थानों में सीनियर सिटीजन सेल का गठन कराकर उसका नियमित बैठक कराने, पुरानी पेंशन योजना लागू कराने, सीनियर सिटीजन एक्ट का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए हम सभी आवश्यक प्रयास कर रहे है। कर्नाटका संयोजक प्रदीप कुमार ने कहा की हमें मध्यम एव निम्न वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान देना होगा। उधर प्रदीप कुमार को संघ के कर्नाटका इकाई का अध्यक्ष मनोनीत कर कार्यकारणी गठित करने के लिए अधिकृत किया गया। मौक़े पर राष्ट्रीय सलाहकार गोपाल चौरसिया, प्रेम शंकर ओझा, गीता मिश्रा, एस जींनत हसन खान, आर.एस. प्रसाद, ए. एस. स्वामी, राज कुमार तार, एस.एन शर्मा, एच.सोलंकी, मुख़्तार खान, नीरज कुमार पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वगणना को लेकर सघन जन जागरूकता अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** जिला प्रशासन जमुई द्वारा आगामी जनगणना 2027 को आधुनिक और त्रुटिहीन बनाने के उद्देश्य से 'स्व-गणना' अभियान को व्यापक स्तर पर तेज कर दिया गया है।जिला पदाधिकारी श्री नवीन के कुशल निर्देशन में सरकार के लक्ष्यों को धरातल पर उतारने हेतु प्रशासनिक महकमा पूरी तत्परता से जन-जन को इस डिजिटल प्रक्रिया से जोड़ने में जुटा है। इसी कड़ी में आज जमुई के विभिन्न निजी क्लिनिकों, प्रमुख शिक्षण संस्थानों और व्यस्ततम सार्वजनिक स्थलों पर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व संयुक्त रूप से जनगणना के नोडल पदाधिकारी सह सिंचाई प्रमंडल, जमुई के कार्यपालक अभियंता गौतम कुमार और जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी विकेश कुमार ने किया। इस अभियान में पदाधिकारियों ने आम नागरिकों, चिकित्सकों और प्रबुद्ध जनों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए स्व-गणना पोर्टल के उपयोग की प्रक्रिया को अत्यंत सरल भाषा में समझाया। उन्होंने विस्तार से बताया कि किस प्रकार तकनीक का उपयोग कर नागरिक स्वयं अपनी और अपने परिवार की जानकारी सुरक्षित और सटीक तरीके से दर्ज कर सकते हैं। पदाधिकारियों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि यह डिजिटल पहल न केवल समय की बचत करेगी। बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार होने वाले आंकड़ों की विश्वसनीयता को भी बढ़ाएगी। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने अपील की कि जनगणना मात्र एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि भविष्य की योजनाओं के निर्धारण का आधार है। उन्होंने संदेश दिया कि प्रत्येक जागरूक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपनी गणना स्वयं करने के साथ-साथ अपने आस-पड़ोस और समाज के अन्य लोगों को भी इस तकनीकी माध्यम के प्रति शिक्षित और प्रेरित करे।

## पुलिस पर हमले का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** सरकारी कार्य में बाधा और पुलिस पर जानलेवा हमले के एक आरोपी को फ़ेसर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी पहल बिगहा पोइवां निवासी सोनू शर्मा है। जानकारी के अनुसार बीते 16 अप्रैल को फ़ेसर पुलिस थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव में शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई थी। जहां आरोपी ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पुलिस पर हमला कर दिया जिसमें एक पुलिस पदाधिकारी गंभीर रूप से जख्मी हो गए और यह मौके से फरार हो गया। इसके बाद जख्मी पुलिस पदाधिकारी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में मंगलवार को नगर थाना क्षेत्र के रामाबांध स्थित बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## पैक्स चुनाव में दो की कुर्सी बची जबकि दो ने गंवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित एपीएस+2 विद्यालय नावकोठी में चार पैक्सों में सम्पन्न मतदान की मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच सोमवार देर शाम को प्रारंभ हुई एवं देर रात संपन्न हुई। मतगणना केंद्र के बाहर अभ्यर्थियों तथा समर्थकों की काफी भीड़ मतगणना परिणाम जानने के लिए जमा थी। पहसारा पश्चिमी तथा पहसारा पूर्वी पैक्स के निवर्तमान अध्यक्ष को हार का सामना करना पड़ा जबकि विष्णुपुर तथा समसा पैक्स के निवर्तमान अध्यक्ष अपनी सत्ता बचाने में कामयाब रही। पहसारा पश्चिमी पैक्स के निवर्तमान अध्यक्ष रणवीर कुमार को प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी सुनित सिंह ने 21 मतों से हराकर अध्यक्ष की कुर्सी छीन ली। कुल डाले गए 1179 मतों में निवर्तमान अध्यक्ष रणवीर कुमार को 555 मत मिले जबकि सुनित सिंह को 576 मत मिला। जबकि 48 मत रद्द किया गया। वही पहसारा पूर्वी पैक्स से दिलीप कुमार विजयी घोषित किये गए। उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष संजय कुमार को 168 मतों से हरा कर अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज होने में कामयाब रहे। कुल डाले गए 1018 मतों में दिलिप कुमार को 579 मत मिला जबकि निवर्तमान अध्यक्ष संजय कुमार को 411 मत ही मिल पाया। जबकि 26 मत निरस्त हो गया। विष्णुपुर पैक्स में निवर्तमान अध्यक्ष मनोहर कुमार 432 मतों से विजयी घोषित किये गए। मनोहर कुमार को डाले गए कुल 781 मतों में से 600 मत प्राप्त हुए जबकि संतोष साहु को मात्र 168 मत मिला। जबकि 13 मत रद्द हुए। समसा पैक्स से निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार 121 मतों से जीत दर्ज कर अपनी कुर्सी बचाने में कामयाब रहे। श्री कुमार को डाले गए कुल 904 मतों में 480 मत मिला जबकि प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी राजकुमार महतो को 359 मत मिला। जबकि 65 मत अवैध घोषित किया गया। इस तरह से चार पैक्सो के परिणाम में विष्णुपुर पैक्स के मनोहर कुमार सबसे अधिक मतों से विजयी हुए एवं अपनी सत्ता पर फिर से काबिज रहे। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने विजयी अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। मौके पर थानाध्यक्ष मो फिरदौस, एस आई रंजीत कुमार, सशस्त्र बल, अर्द्ध सैनिक बल के जवान, प्रखंड नाजिर मो मुर्तजा अ़सारी, रबिन्द्र कुमार, धर्मशील कुमार, विभाकर कुमार सहित कई मतगणना कर्मी मौजूद थे।

## जांच में दोषी पाए जाने वाले अभियंताओं और निर्माण एजेंसी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विगत 13 अप्रैल को राजधानी पटना से प्रकाशित एक प्रतिष्ठित समाचार पत्र में डुमरांव में पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता से संबंधित खबर का संज्ञान लेते हुए डुमरांव नगर परिषद ने कार्रवाई शुरू कर दी है। डुमरांव के नगर कार्यपालक पदाधिकारी ने बक्सर के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बताया है कि इस योजना से संबंधित कनीय अभियंता से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। साथ ही, इस योजना की जांच के लिए एक टीम का भी गठन किया गया है। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि यदि जांच में सड़क के निर्माण में किसी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है तो दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, डुमरांव नगर क्षेत्र के विस्तृत इलाके के वार्ड संख्या 12 में नगर परिषद् द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्मित पीसीसी सड़क को लेकर समाचार पत्र में खबर प्रकाशित की गई थी कि लाखों रूपये खर्च कर बनाई गई इस सड़क में सात महीने में ही कई जगह दरारें पड़ गई हैं। इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। प्रकाशित खबर में कार्यकारी एजेंसी पर सीधा आरोप लगाया गया है कि उसने नियमों को दरकिनार कर हाईटेंशन टावर के नीचे करीब 80 मीटर पीसीसी ढलाई कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना गया डोभी एनएच पर अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग जख्मी

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया डोभी एनएच-22 पर सोमवार की देर रात को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच लोग जख्मी हुए हैं।दरअसल इन दोनों रफ्तार का कहर देखा जा रहा है जहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है कल भी सुबह पटना डेयरी प्रोजेक्ट और एक टवेरा गाड़ी में भीषण दुर्घटना हुई थी, वहीं बीते देर रात को भी एक बाराती सवार स्कॉर्पियो और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई जहां बाइक सवार गंभीर रूप में जख्मी हो गया है जिसे आनन फानन इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। इस संबंध में पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन थाना अंतर्गत पटना गया डोभी एनएच पर डुमरी पुल के पास केटीएम बाइक और शादी में धनरूआ से खगोल जा रहे एक बाराती सवार बोलोरो गाड़ी में टक्कर हो गई है, जहां बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप में जख्मी हो गया है, जिसे इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है सड़क पर क्षतिग्रस्त गाड़ी को हटाया जा रहा है वहीं दुसरी घटना पटना गया डोभी एनएच पर एक डीजे ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई है दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी को सडक से हटाया जा रहा है डीजे ट्रॉली गाड़ी पर सवार व्यक्ति तीन व्यक्तियों को चोटे आई है सब को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### धनरूआ के चिरैयाटांड़ गांव घर में घुसकर लाखों के आभूषण की चोरी

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। धनरूआ थाना क्षेत्र के सतपरसा पंचायत के चिरैया टांड गांव में बीते देर रात को घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने बक्शा में रखें लाखों रुपए के आभूषण को चोरी कर ली। है इस मामले में पीड़ित ललिता देवी पति देवनारायण प्रसाद ने धनरूआ थाने में अज्ञात के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में लिखा है कि घर में हम और हमारे बेटे थे रात में जब हमारा बेटा चंदन कुमार मोबाइल को चार्ज में लगाने के लिए उठा तो मोबाइल नहीं मिला और ढूंढने लगा हमें भी जगाया खोजते खोजते जब हमने बहु के कमरे में गए तो वहां देखा की बक्सा खुला हुआ है और बक्से में सभी आभूषण गायब थे, जिसमें कान का झुमका, पायल, मंगलसूत्र समेत कई आभूषण गायब थे, पुलिस को दिए गए आवेदन के आलोक में जांच में जुट गई है।

### नदवा बाजार स्थित कबाड़ी दुकान में लगी आग, 5 लाख की संपत्ति का नुकसान

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नदवां बाजार में मंगलवार की दोपहर उस वक्त अफरा तफरी का माहौल हो गया जब एक कबाड़ी की दुकान में अचानक आग लग गई, आग इतनी भयावह थी बुझाते बुझाते तकरीबन 5 लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है। कबाड़ी दुकान के प्रोपराइटर रवि कुमार पिता सुखलू साव वीर ओरियारा निवासी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से हमारे कबाडी की दुकान में अचानक आग लग गई, जहां मौके पर दमकल की गाड़ियां भी सूचना पाकर पहुंची थी, लेकिन बुझाते बुझाते तकरीबन 5 लाख का नुकसान हुआ है। इसमें बहुत सारे प्लास्टिक के समान ट्रैक्टर के कुछ पार्ट्स अन्य कई चीज थी जो उसे बेचने के लिए रखा गया था, पिडित रवि कुमार ने बताया या शार्ट सर्किट से आग लगी है अभी पूरा सामान का मिलान नहीं कर पाए लेकिन तकरीबन 5 लाख के संपत्ति का नुकसान हुआ है। आग लगी के घटना के दौरान कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल रहा क्योंकि आसपास घर दुकान सब कुछ थे। लेकिन इस आगजनी की घटना से जान माल का नुकसान नहीं हुआ है



### पीपी पब्लिक स्कूल का जलवा बरकरार, विद्यार्थियों का जेईई मेन में रहा शानदार प्रदर्शन

अनामिका कुमारी 97.59 पर्सेंटाइल लाकर बने अनुमंडल टॉपर

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल, मसौढ़ी के छात्रों ने एक बार पुनः राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली जेईई मेन की परीक्षा में आशातीत प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। साथ ही विद्यालय एवं अनुमंडल का नाम रोशन किया है। विदित हो कि विगत दिनों जेईई मेन की परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। जिसमें इसी विद्यालय के अनामिका कुमारी, अभिषेक कुमार एवम राजीव नयन ने सफलता हासिल की, बारहवीं तक इन्होने स्कूली शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की है। एक बार पुनः जेईई की परीक्षा में अनामिका कुमारी 97.59 पर्सेंटाइल, अभिषेक कुमार 96.63 पर्सेंटाइल एवम राजीव नयन ने 94.57 पर्सेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस परीक्षा के सफलता का श्रेय बच्चों को देते हुए पी पी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ. अभिराम सिंह ने कहा कि आप सभी के कठिन परिश्रम और अनुशासन का यह फल है और मेरी कामना है कि आप देश के अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता हासिल करें । आज इन विद्यार्थियों के सफलता ने यह बताने का प्रयास किया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है । उन्हें बस उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है । इस मौके पर प्राचार्य , वरीय शिक्षक सुबोध कुमार सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे ।



### खाद कालाबाजारी एवं मुनाफाखोरी के आरोप में एक खाद दुकान का लाइसेंस निलंबित

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ प्रखंड स्थित एक खाद भंडार को जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा कालाबाजारी एवं मुनाफाखोरी के आरोप में उसके लाइसेंस को निलंबित करते हुए प्रतिष्ठान के संचालक को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण पृच्छा की गई है। दरअसल बताया जाता है कि धनरूआ स्थित प्रकाश खाद भंडार का पीओएस सेल डिटेल्स का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि उक्त प्रतिष्ठान द्वारा एक ही तिथि यानी 19 मार्च 2018 को यूरिया अत्यधिक मात्रा यानी 550 बैग में बिक्री की गई है, उक्त के द्वारा एक ही तिथि को एक ही स्थान में इतना अधिक मात्रा में यूरिया बिक्री किया जाना कालाबाजारी और मुनाफाखोरी एवं विचलन को दशार्ता है और स्पष्ट है कि उक्त के द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के आदेश का उल्लंघन किया गया है जिसको लेकर उक्त आलोक आदेश से आलोक में एफसीओ 1985 के उल्लंघन किए जाने के फलस्वरुप तत्काल प्रभाव से प्रकाश खाद भंडार का लाइसेंस को निलंबित करते हुए प्रतिष्ठान के संचालक को 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की पृच्छा की गई है।

# पैक्स चुनाव में विजयी प्रत्याशियों के सिर पर चढ़ा ताज,जम कर उड़े अबीर गुलाल

## मसौढ़ी में राकेश कुमार निरंजन, धनरूआ में फूलकुमारी देवी एवं रूंती देवी,पुनपुन मे रामसेन विजयी





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड के पंचायतों में पैक्स चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। शांतिपूर्ण मतदान के बाद मतगणना प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिसमें मसौढी के चरमा पैक्स से राकेश कुमार निरंजन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मंजू देवी पति मुकेश कुमार से 84 वोट से विजय हुए, जहां राकेश कुमार निरंजन को 476 वोट मिले वही मंजू देवी को 393 वोट मिले हैं। वहीं धनरूआ प्रखंड के बारिबिगहा पंचायत में कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां महज सात वोटो के अंतर से हार जीत का फैसला हुआ है। दरअसल फूलकुमारी देवी पति गोवर्धन प्रसाद को 286 वोट मिला वही निकटतम प्रतिद्वंदी कृष्णा को 279 वोट मिले,इसके अलावा सोनमई पंचायत में रून्ती देवी को 389 वोट मिले और निकटतम प्रतिद्वंदी कंचन कुमारी को 322 वोट मिले जहां 67 वोट से रून्ती देवी विजय घोषित हुए हैं। वही पुनपुन प्रखंड के पैमार पैक्स में रामसेन कुमार सिंह 93 वोट से विजय प्राप्त हुए हैं। गौरतलब है की धनरूआ में शाम से शुरू हुई वोटों की गिनती देर रात तक चली,और फिर ग्यारह बजे तक सभी विजेताओं की तस्वीर साफ हो गई। हालांकि इस दौरान हो हंगामा की स्थिति भी बनी दरअसल बारीबिगहा पैक्स में दो उम्मीदवारो के बीच आमने-सामने की। कांटे की टक्कर रही हैं जिसमें कृष्ण यादव और फूलकुमारी देवी के बीच महज 7 वोटो का अंतर रहा ऐसे में दूसरे पक्ष के लोगों ने फिर से रिकांउटींग की मांग की गई, उसके बाद फिर असमंजस की स्थिति हुई फिर बाद में फिर से चेक करके उन्हें 11:00 बजे तक क्लियर कर दिया गया और अंत में फूलकुमारी देवी को विजय घोषित किया गया। बहरहाल मसौढी के चरमा पैक्स से एक बार फिल से दुबारा राकेश कुमार निरंजन विजय घोषित हुए हैं। जिन्हें जो अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मंजू देवी पति मुकेश कुमार से 84 बोर्ड से जीते हैं। इस चुनाव में कुल 1481 मतदाताओं में से लगभग 70% प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। मतदान की तरह मतगणना भी पूरी तरह शांतिपूर्ण रही प्रशासन की कड़ी निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था के बीच निष्पक्ष तरीके से मतों की गिनती पूरी की गई। मसौढी प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी प्रभार कुमार एवं बीडीओ सीमा कुमारी एवं पुनपुन बीडीओ उदय कुमार ने सभी, कर्मियों और मतदाताओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। चुनाव परिणाम के बाद विजेताओं के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।

# बख्तियारपुर के युवक का अथमलगोला में मिला शव

## ठंठा नदी पुल से गिर कर मौत की आशंका, जांच शुरू





**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ठंठा नदी पुल के पास मंगलवार की सुबह युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। जिसके आधार पर पुलिस पदाधिकारी बंटी कुमार के नेतृत्व में तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार पुल से गिरकर युवक की मौत हुए है। लेकिन अनुसंधान के उपरान्त ही मौत के वजह की पुष्टि हो सकती है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार ने बताया कि बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर से अथमलगोला थाना अंतर्गत बुद्धुआचक सोमवार की देर शाम बारात आई थी। जिसमें युवक शामिल था। लौटने के क्रम में ठंठा नदी पुल से असंतुलित होकर गिरने से उसकी मौत होना प्रथमद्रष्टया प्रतीत हो रहा है।युवक के शरीर पर एक सामान्य जख्म के निशान हैं।मृतक की पहचान माधोपुर निवासी 35 वर्षीय शिव कुमार के रूप में हुई है। वहीं परिजनों ने बताया कि युवक बारात में शामिल होने के लिए स्कूटी से गया था। भोजन के उपरान्त ज्यादा लेट होने के कारण युवक को घर लौटने से लोगों ने मना कर स्कूटी की चाभी रख ली।जिससे नाराज युवक पैदल ही अथमलगोला से बख्तियारपुर के लिए निकल पड़ा। इसी क्रम में ठंठा नदी पुल से असंतुलित होकर गिरने और देर रात होने से सुनसान जगह पर मदद नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हुई हो सकती है। इधर घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। जिन्हें शव से लिपट कर रोता देख पूरा माहौल गमगीन हो गया। सूत्रों की माने तो युवक अत्यधिक नशे की हालत में बारात से घर के लिए निकला।और लड़खड़ा कर पुल से गिर पड़ा है। जिससे उसकी मौत हुई होगी। जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुष्टि हो सकती है।फिलहाल पुलिस घटना स्थल से मिले साक्ष्य और परिजनों के बयान के आधार पर विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुट गई है। ताकि मौत के कारण का खुलासा हो सके।

# 'मेड-इन-इंडिया' होम्योपैथिक दवाओं की मांग में भारी उछाल

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत के टियर 2 शहरों में उच्च गुणवत्ता वाली, 'मेड-इन-इंडिया' होम्योपैथिक दवाओं की मांग में तेजी से बढ़ोतरी देखी जा रही है जिसनेपारंपरिक रूप से भरोसेमंद जर्मन आयातित दवाओं को पीछे छोड़ दिया है। इस बदलाव की मुख्य वजह बढ़ती जागरूकता, किफायती दाम और उन वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित भारतीय ब्रांड्स पर बढ़ता भरोसा है जो वैश्विक मानकों को पूरा करते हैं। इस बदलाव में सबसे आगे है एडवेन बायोटेक जिसने भारत के होम्योपैथी क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कंपनी ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है; यह भारत की पहली ऐसी होम्योपैथी कंपनी बन गई है जिसे नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया प्रतिष्ठित 'आयुष प्रीमियम सर्टिफिकेशन' मिला है। यह सर्टिफिकेशन WHO-GMP मानकों के अनुरूप है और यह गुणवत्ता, सुरक्षा और वैश्विक अनुपालन के उच्चतम स्तर को दर्शाता है। एडवेन बायोटेक के सीईओ आदेश शर्मा ने कहा कि हम टियर 2 शहरों से मांग में 40% की बढ़ोतरी देख रहे हैं। टियर 2 भारत, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बदलाव के अगले चरण का नेतृत्व कर रहा है। हमारे 'आयुष प्रीमियम' और एनएबीएल सर्टिफिकेशन केवल उपलब्धियाँ ही नहीं हैं; बल्कि ये 'मेड इन इंडिया' (भारत में निर्मित) विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य सेवा के निरंतर और भरोसेमंद होने का एक वादा हैं। इंडस्ट्री के जानकार इस तेजी की वजह कई बातों को मानते हैं: सेहत के प्रति बढ़ती जागरूकता, हल्के और लंबे समय तक चलने वाले इलाज के तरीकों को प्राथमिकता देना, और पारंपरिक दवाओं के साइड इफेक्ट को लेकर चिंताएं।

# गांजा के साथ दो विक्रेताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के हल्दी छपरा बाजार में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर गुमटीनुमा दुकान से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दुकान से 1 किलो 400 ग्राम गांजा, 124 पीस चिलम, 2 इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 2 मोबाइल फोन और 15,388 रुपये नकद जब्त किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हल्दी छपरा निवासी आदित्य राय के पुत्र सप्पू कुमार व पारसनाथ प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों दुकान गांजा बेचने का काम कर रहे थे। सिटी एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि हल्दी छपरा बाजार की एक गुमटी में मादक पदार्थ की बिक्री हो रही है। तत्काल टीम गठित कर छापेमारी की गई। मौके से गांजा, चिलम, तराजू, मोबाइल और नकदी बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों से पूछताछ के बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि गांजा कहां से लाया गया था और किन लोगों तक सप्लाई किया जाता था। सिटी एसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार चलाया जाएगा। आम लोगों से अपील है कि ऐसी गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# खलिहान में रखे गेहूं में लगी आग, दो बीघा की फसल राख



**दुल्हिनबाजार (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के उलार भगा बीघा गांव में आग लगने से एक किसान की दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना से किसान की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया और परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी प्राण पासवान (पिताझ्रचंद्रिका पासवान) के खलिहान में कटाई के लिए रखी तैयार गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने करीब दो बीघा में रखे गेहूं को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि खेत से धुआं और आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई, जिससे फसल को बचाया नहीं जा सका। आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे तथा पीड़ित किसान को ढांढस बंधाया। बताया जाता है कि गेहूं की फसल पूरी तरह पक चुकी थी और कटाई के लिए तैयार थी। ऐसे समय में हुआ यह नुकसान किसान के लिए बेहद पीड़ादायक है। सामाजिक कार्यकर्ता पवन कुमार ने प्रशासन भी मामले की जांच कर सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि किसान को हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

# 12 किसानों की तकरीबन 26 बीघे की फसल जल कर राख

## पहले लगी पुआल में आग, तुलसीचक से नूरा गांव तक लगी भयंकर आग



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में इन दिनों आगलगी की घटनाएं जोर हो गई है। लेकिन कुछ लोगों के लापरवाही के कारण भी किसाने की कड़ी मेहनत से लगाए गए गेहूं के फसल बर्बाद हो जा रही है। ऐसा ही मामला मंगलवार को मसौढी थाना क्षेत्र के तुलसीचक गांव से लेकर नूरा तक देखने को मिला, जहां पर एक खेत में गेहूं की फसल के अवशेष यानी पराली जलाने के कारण कई किसानों के खेतों में पुआल में आग लग गई और उसके बाद वह आग बगल के गेहूं के फसल में भी लग गई जहां तकरीबन 12 किसानों की 26 बिघे की फसल जलकर राख हो गई है। राकेश कुमार पिता अंबिका सिंह के डेढ़ बीघा, वीरेंद्र बिंद, हरीचरण बिंद दो बीघा, बाबूनंद पिता श्याम नंदन बिंद 25 कट्ठा, रविंद्र पासवान पिता शीतल पासवान दो बीघा, रंजीत बिंद पिता शामनंद बिंद डेढ़ बीघा, छोटन बिंद पिता तुलसी बिद ढाई बीघा, जयशरण बिंद पिता श्रीवनाथ बिंद तीन बीघा, अनिल बिंद पिता सुरेश बिंद तीन बीघा, मुकेश कुमार पिता विनय सिंह चार बीघा, बृजनंद बिंद पिता संतोषी बिना साढे तिन बीघा संजीत कुमार पिता श्यासरण सिंह दो बिघा है। बहरहाल सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची और अग्निशमन विभाग के जवानों के तत्परता से उसे आग पर काबू पाया गया, स्थानीय लोगों ने बताया कि यह आग तुलसीचक से लेकर नूरा तक फैला हुआ था, इसके अलावा कुछ प्याज के खेत भी बर्बाद हुए हैं इस घटना के बाद अग्निशमन के पदाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि गेहूं में कटे हुए अवशेष यानी पराली को खेतों में ना जलाएं इन पर गंभीरता बरतें।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप का शिलान्यास

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मनेर प्रखण्ड के खासपुर पंचायत में मुखिया पिंकी देवी व प्रतिनिधि बोधनाथ यादव द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत बनने वाले भवन का शिलान्यास किया। मुखिया प्रतिनिधि बोधनाथ यादव ने बताया कि सरकार की योजना है कि 2030 तक राज्य की सभी 8053+ ग्राम पंचायतों में आधुनिक 'कन्या विवाह भवन' बनेगी। इन भवनों का संचालन जीविका दीदियों द्वारा किया जाएगा, जो गरीब परिवारों की बेटियों को सम्मानजनक और कम लागत पर शादी के लिए स्थान उपलब्ध कराएंगे।

# 29वीं बिहार बटालियन के एन.सी.सी सीनियर कैडेट्स की विदाई



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन एसएमडी कॉलेज स्थित 29 बिहार बटालियन के एन.सी.सी इकाई के द्वारा सीनियर कैडेट्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सीनियर कैडेट्स को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ 29 बिहार बटालियन एन.सी. सी के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार , प्रधानाचार्य प्रो (डॉ) मधुरेंद्र और एन.सी.सी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अमित कुमार ने सीनियर कैडेट्स की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने तीन वर्षों के दौरान एन.सी.सी गतिविधियों के साथ-साथ महाविद्यालय के हर कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। और कैडेट्स के अनुशासन और समर्पण को उत्कृष्ट बताया। प्रधानाचार्य प्रो (डॉ) मधुरेंद्र ने कैडेट्स को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर कैडेट्स ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समारोह में सभी सीनियर कैडेट्स को प्रतीक चिह्न और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। 29 बिहार बटालियन एन.सी.सी के एन.सी.सी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कैडेट्स की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और विभिन्न शिविरों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि कैडेट्स ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम में उपस्थित 29 बिहार बटालियन के इल्ठट सुबोध कुमार सिंह, शिक्षक गण शिक्षकेतर कर्मचारी गण एवं बड़ी संख्या में कैडेट्स मौजूद रहे। विदाई समारोह के दौरान कैडेट्स ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और अपने अनुभव साझा किए।

# वेस्ट टू वेल्थ के जरिए अपशिष्ट का सही उपयोग कर जनकल्याण संभव : डॉ. इन्द्रजीत सिंह




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा मंगलवार को 'साइलेज निर्माण एवं बायोगैस उत्पादन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का स्वागत संबोधन निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. निर्मल सिंह दहिया ने किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को साइलेज तकनीक के माध्यम से सालभर पौष्टिक चारा उपलब्ध कराना है, जिससे पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि जिस प्रकार लोक आस्था के महापर्वों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है, उसी प्रकार पशुओं के आहार में भी स्वच्छता अनिवार्य है। उन्होंने ह्लवेस्ट टू वेल्थह्व की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन से जनकल्याण के नए रास्ते खोले जा सकते हैं और प्रकृति में कुछ भी व्यर्थ नहीं होता, आवश्यकता केवल उसके सही उपयोग की समझ की है। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में गुरु अंगद देव पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा विभाग के पूर्व प्राध्यापक एवं अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह भट्टी ने साइलेज निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं, व्यावहारिक समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सरबजीत सिंह सूच ने व्यावसायिक एवं फार्म स्तर पर बायोगैस उत्पादन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऊर्जा संकट के कारण बायोगैस की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। कार्यक्रम में व्याख्यान से पूर्व बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के पशु पोषण विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बिहार में साइलेज निर्माण, मांग एवं संभावनाओं पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त निदेशक (पशु स्वास्थ्य) सुनील कुमार ठाकुर, निदेशक अनुसंधान डॉ. एन.के. सिंह, डीन डॉ. पल्लव शेखर, डीन पीजीएस डॉ. पंकज कुमार, डीन किशनगंज डॉ. चंद्रहास, डीन डॉ. ए.के. ठाकुर सहित डॉ. वाई.एस. जडौन, डॉ. रविकांत निराला, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. सरोज कुमार, प्रगतिशील किसान यदुवेंद्र सिंह, हरेराम, मधुरेन्द्र, गौरव, रंजन, चिराग, सौम्या समेत अनेक किसान, वैज्ञानिक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# खेल ने ले ली जान, तैराकी के दौरान गायब हुई

## ब्राजीलियाई एथलीट, घंटों बाद झील की गहराई में मिला शव



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल की दुनिया से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। ब्राजील की मशहूर ट्रायथलीट और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मारा फ्लेविया की शनिवार, 18 अप्रैल को आयरनमैन टेक्सास प्रतियोगिता के दौरान डूबने से मौत हो गई। 38 वर्षीय यह एथलीट अपनी फिटनेस और खेल के प्रति जुनून के लिए जानी जाती थीं। पूरी दुनिया में उनकी फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा थी।

यह दर्दनाक हादसा लेक वुडलैंड्स में हुआ, जो 140 मील लंबी इस इंड्यूरेंस रेस का पहला चरण था। शनिवार सुबह करीब 6 बजे अधिकारियों को एक तैराक के लापता होने की सूचना मिली। इसके बाद मोंटगोमरी काउंटी शेरिफ कार्यालय और वुडलैंड्स फायर विभाग ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लापता होने के करीब डेढ़ घंटे बाद, सुबह 7~30 बजे औपचारिक रूप से खोए हुए तैराक की रिपोर्ट दर्ज की गई और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया।

**रेस्क्यू टीम को मशक्कत के बाद मिला शव** – झील के पानी के अंदर दृश्यता कम होने के कारण बचाव दल को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, सुबह 9 बजे नॉर्थशोर पार्क के पास मारा फ्लेविया का शरीर मिला। अधिकारियों के अनुसार, जब तक टीम उन तक पहुंची, उनका शरीर झील की सतह से लगभग 10 फीट नीचे जा चुका था। सुबह 9~30 बजे शव को बाहर निकाला गया, जिसके बाद तट पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आयोजकों ने इस घटना की पुष्टि करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया है।

### लॉरियस अवार्ड 2026

# कार्लोस अल्काराज़ और एरीना सबालेंका बने साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी




**मैड्रिड (एजेंसी)।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में आयोजित लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स 2026 में टेनिस खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। कार्लोस अल्काराज़ को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी, जबकि एरीना सबालेंका को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया।

**अल्काराज़ और सबालेंका का शानदार प्रदर्शन** – अल्काराज़ ने पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन, यूएस ओपन और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीतकर अपनी बादशाहत कायम रखी।

### बैंकॉक चेस ओपन

# अरण्यक बने भारत के 95वें ग्रैंडमास्टर

## आर्थिक तंगी दिमाग पर ऐसे हावी, हर मैच करियर बचाने की चुनौती मानकर खेलते थे

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय शतरंज के लिए हालिया हफ्ता ऐतिहासिक उपलब्धियों वाला रहा। आर. वैशाली के महिला वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए क्वालिफाई करने और एएस श्रा?वणिका के अंडर-12 रैपिड खिताब जीतने के बाद, अब कोलकाता के अरण्यक घोष ने भारत का 95वां ग्रैंडमास्टर बनकर देश का गौरव बढ़ाया है। नेशनल रैपिड चैम्पियन अरण्यक ने बैंकॉक चेस क्लब ओपन में 9 में से 7 अंक हासिल कर अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म प्राप्त किया। अरण्यक को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ा। उन्होंने पहला नॉर्म 2023 (सैंट्स ओपन) और दूसरा 2024 (एनमासे मास्टर्स) में हासिल किया था। उन्होंने पिछले साल फिडे वर्ल्ड कप में पोलैंड के माटुस्ज बार्टेल को हराकर सबको चौंकाया था। अरण्यक वर्ल्ड रैंकिंग में 401वें स्थान पर मौजूद हैं।



### तनावमुक्त रहने के लिए कार्टून वाली हुडी पहनकर खेलते हैं

- अरण्यक जब साढ़े चार साल के थे, तब घर की सफाई में मां संचिता को पिता मृणाल घोष की पुरानी, धूल भरी शतरंज पेटी मिली। नन्हे अरण्यक गोटियां सजाकर खेलने लगे। बेटे की रुचि देख पिता मृणाल घोष ने उन्हें ट्रेनिंग दिलवाई।
- कोच सौमेन मजूमदार ने अरण्यक की आर्थिक तंगी को देखते हुए उन्हें मुफ्त कोचिंग दी और अपने खर्च पर शीर्ष ग्रैंडमास्टर्स से ट्रेनिंग सत्र कराए।
- अरण्यक के पास कॉर्पोरेट स्पॉन्सर नहीं था, इसलिए इनामी राशि से ही अगले टूर्नामेंट की फीस देते और टिकट वगैरह का खर्च उठाते। साल 2019 में पिता ने फीस के लिए पुश्तैनी जमीन और संपत्तियां बेच दीं। अरण्यक जानते थे कि खराब प्रदर्शन का मतलब अगला मौका खत्म, इसलिए हर मैच को करियर बचाने की चुनौती मानकर खेला।
- मां संचिता घोष ने बेटे के करियर के लिए वकालत छोड़ दी, ताकि विदेशी टूर्नामेंट में साथ जा सकें। यूरोप दौरों में खर्च बचाने के लिए सस्ते कमरों में रहते और खुद खाना बनाते थे।
- जहां खिलाड़ी औपचारिक कपड़ों में खेलते हैं, वहीं अरण्यक कार्टून थीम वाली हुडी पहनकर बोर्ड पर बैठते हैं। यह उन्हें बड़े टूर्नामेंट के दबाव में भी सहज और तनावमुक्त रखती है।
- 2013 में अरण्यक ईरान में एशियन यूथ चेस चैम्पियन ?शिप खेलने गए। तब मां संचिता ने उन्हें ईरानी केसर लाने को कहा था। 9 साल के अरण्यक ने मां की यह इच्छा भी पूरी की और अंडर-10 वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर लौटे।
- वे बचपन से ही थैलेसीमिया से जूझ रहे हैं, जिसमें खून कम होने से लगातार थकान रहती है। इसके बावजूद वे कई बार बुखार और दर्द में भी टूर्नामेंट खेलने पहुंचे। घर पर रहने का विकल्प था, लेकिन उन्होंने शतरंज को ही अपना सहारा बनाया। उनका कहना है कि बिस्तर पर रहने से बेहतर उन्हें चालें सोचना लगता। यही जिद और मानसिक मजबूती उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी।

# चेन्नई सुपर किंग्स को लगा बड़ा झटका

## इंजरी के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हुए आयुष म्हात्रे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के बीच चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खेमे से एक बेहद परेशान करने वाली खबर सामने आई है। टीम के युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे बाएं पैर की हैमस्ट्रिंग चोट के चलते टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं। यह खबर सीएसके के फैंस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है, क्योंकि आयुष इस सीजन सीनियर खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में बेहतरीन लय में नजर आ रहे थे। अंडर-19 के इस उभरते सितारे ने अपने पहले ही आईपीएल सीजन में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा था।

### हैदराबाद के खिलाफ मैच में लगी चोट

आयुष म्हात्रे को यह इंजरी 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान हुई थी। बल्लेबाजी करते समय एक तेज रन लेने के प्रयास में आयुष म्हात्रे को अचानक मांसपेशियों में खिंचाव महसूस हुआ, जिसके बाद वे मैदान पर ही दर्द से कराहते नजर आए। उन्हें तुरंत मेडिकल टीम की देखरेख में बाहर ले जाया गया था। अब विस्तृत चिकित्सा रिपोर्टों के बाद यह साफ हो गया है कि उन्हें पूरी तरह ठीक होने के लिए कम से कम 6 से 12 हफ्तों के लंबे रिहैबिलिटेशन की जरूरत पड़ेगी, जिससे उनका मौजूदा सीजन अब समाप्त हो गया है।

### काफी शानदार फॉर्म में थे आयुष म्हात्रे

आयुष म्हात्रे ने इस सीजन में अपनी तकनीक और निडर बल्लेबाजी शैली से दिग्गजों को काफी प्रभावित किया था। सीएसके के बल्लेबाजी क्रम में वे एक एक्स-फैक्टर के रूप में उभरे थे, जो मध्यक्रम में तेजी से रन बनाने की क्षमता रखते थे। उनके बाहर होने के बाद अब कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और कोच स्टीफन फ्लेमिंग के सामने सबसे बड़ी चुनौती उनके सही रिप्लेसमेंट को खोजने की होगी। सीजन के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर आयुष जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी का बाहर होना टीम के संतुलन को बिगाड़ सकता है।

### सीएसके को लगातार हो रहा नुकसान

इस सीजन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने 6 मुकाबले खेले हैं और इन 6 मुकाबलों में उन्हें सिर्फ 2 मैचों में ही जीत मिली है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स को लगातार झटके मिल रहे हैं। सीजन शुरू होने से पहले एमएस धोनी और नाथन एलिस चोटिल हो गए थे। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका तब लगा जब टीम के घातक तेज गेंदबाद खलिल अहमद भी इंजरी के कारण बाहर हो गए। अब इस लिस्ट में आयुष म्हात्रे का नाम भी शामिल हो गया है।



### आईपीएल इतिहास में 5 नंबर के बाद

# शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट शामिल हुए तिलक वर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** तिलक वर्मा ने आईपीएल इतिहास में अपना पहला शतक ठोक दिया है। तिलक ने सिर्फ 45 गेंदों पर 101 रन की पारी खेली। इसी के साथ तिलक ने एक शानदार रिकॉर्ड भी बना दिया। तिलक उन बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो चुके हैं जिन्होंने आईपीएल में नंबर 5 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए शतक ठोका हो। इस लिस्ट में 3 और बल्लेबाज हैं, जिनके बारे में हम आगे बात करने वाले हैं।

यूसुफ पठान (2010) - 100 रन बनाम मुंबई इंडियंस

यूसुफ पठान (2010) - 100 रन बनाम मुंबई इंडियंस

साल 2010 में राजस्थान रॉयल्स के यूसुफ पठान ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ वह पारी खेली थी जिसे आज भी आईपीएल की सबसे बेहतरीन पारियों में गिना जाता है। ब्रेबोर्न स्टेडियम में यूसुफ ने महज 37 गेंदों पर 100 रन कूट डाले थे। नंबर 5 पर बल्लेबाजी करते हुए यह आईपीएल इतिहास का पहला शतक था।

### डेविड मिलर (2013) - 101 रन बनाम आरसीबी

आरसीबी के खिलाफ मोहाली के मैदान पर डेविड मिलर ने जो किया उसे बैंगलोर के फैंस कभी नहीं भूल पाएंगे। 2013 में किंग्स इलेवन पंजाब के लिए नंबर 5 पर उतरते हुए मिलर ने सिर्फ 38 गेंदों पर नाबाद 101 रन बनाए थे। एक समय पंजाब की टीम हार की कगार पर थी लेकिन मिलर की इस आतिशी पारी ने मैच का रुख पूरी तरह मोड़ दिया था।

### बेन स्टोक्स (2017) - 103 रन बनाम गुजरात लायंस

2017 में इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने गुजरात लायंस के खिलाफ अपनी क्लास दिखाई थी। पुणे के मैदान पर खेलते हुए स्टोक्स नंबर 5 पर आए और मुश्किल परिस्थितियों में 63 गेंदों पर नाबाद 103 रनों की सूझबूझ भरी पारी खेली। इस शतक ने न केवल पुणे को जीत दिलाई बल्कि स्टोक्स को आईपीएल के इस खास रिकॉर्ड लिस्ट में शामिल करा दिया।

### तिलक वर्मा (2026) - 101 रन बनाम गुजरात टाइटंस

इस खास क्लब में सबसे ताजा एंट्री हुई है मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा की। आईपीएल 2026 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ अहमदाबाद के मैदान पर तिलक ने धमाका कर दिया। उन्होंने नंबर 5 पर बल्लेबाजी करते हुए मात्र 45 गेंदों में नाबाद 101 रन बनाकर सनसनी मचा दी। तिलक का यह शतक इसलिए भी खास है क्योंकि मिडिल ऑर्डर में आकर शतक लगाने का इंतजार आईपीएल को पूरे 9 साल बाद खत्म हुआ।

### आईजीपीएल कांगो

# 21 साल के तुषार पन्नू का धमाल, मन्नत बरार के साथ टॉप पर बनाई बराबरी

कांगो (एजेंसी)। कांगो के लुबुंबाशी में खेले जा रहे आईजीपीएल इनविटेशनल में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार ने पहले दिन 6-अंडर 67 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की।

**तुषार पन्नू की शानदार पारी** – सिर्फ एक साल के प्रोफेशनल अनुभव वाले तुषार पन्नू ने बेहतरीन खेल दिखाया।

5 बर्डी और 1 ईगल

सिर्फ 1 बोगी

कुल स्कोर~ 6-अंडर 67

उन्होंने शुरुआत में बोगी के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए लगातार शानदार शॉट लगाए और दिन का अंत ईगल के साथ किया।




**मन्नत बरार का बोगी-फ्री प्रदर्शन** – 19 वर्षीय मन्नत बरार ने बिना एक भी बोगी के 6-अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने फ्रंट नाइन में 4 बर्डी और बैक नाइन में 2 बर्डी लगाकर शानदार खेल दिखाया। मन्नत इस साल प्रो बनी हैं और वह मिश्रित (मेंस-विमेंस) प्रो इवेंट जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला बनने की कोशिश कर रही हैं।

**सुखमन सिंह तीसरे स्थान पर** – सुखमन सिंह ने 5-अंडर 68 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दो ईगल और तीन बर्डी के दम पर शानदार शुरुआत की और लीडर्स से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं।

# इम्पैक्ट प्लेयर बनकर अश्वनी कुमार ने बरपाया कहर, 4 विकेट लेकर मुंबई को दिलाई बड़ी जीत

**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियनस के लिए एक नया सितारा उभरकर सामने आया है – अश्वनी कुमार। पंजाब के मोहाली जिले के झंजेरी गांव से आने वाले इस 24 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अपनी घातक गेंदबाजी से सबका ध्यान खींच लिया है।

**जीटी के खिलाफ मचाया धमाल** – गुजरात टाइट्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के मुकाबले में अश्वनी कुमार 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में उतरे और मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 24 रन देकर 4 विकेट झटके, जिससे गुजरात की मजबूत बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और मुंबई ने बड़ी जीत दर्ज की।




### मैड्रिड ओपन 2026

# पांचवां मास्टर्स खिताब जीतने उतरे जानिक सिनर

**स्पेन (एजेंसी)।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में होने वाले मैड्रिड ओपन में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर लगातार पांचवां एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे। सिनर अपने अभियान की शुरुआत एक क्वालिफायर के खिलाफ करेंगे और तीसरे राउंड में गैब्रियल डायलो से भिड़ सकते हैं।

### सिनर का संभावित रास्ता

**तीसरा राउंड** – गैब्रियल डायलो

**चौथा राउंड**- टॉमी पॉल

**क्वार्टर फाइनल**- एलेक्स डी मिनौर

हालांकि, उनके सेक्शन में युवा खिलाड़ी जोआओ फोंसेका और राफेल जोदार भी मौजूद हैं, जो उलटफेर कर सकते हैं।

### युवा खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

19 वर्षीय राफेल जोदार शानदार फॉर्म में हैं और हाल ही में माराकेच में खिताब जीत चुके हैं। वहीं जोआओ फोंसेका का मुकाबला जिजो बर्ग्स या मारिन सिलिच से हो सकता है।



### सेमीफाइनल में कड़ी टक्कर संभव

सिनर के संभावित सेमीफाइनल विरोधियों में बेन शेल्टन, लोरेंजो मुसेटी, आर्थर फिल्सशामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है।

### दूसरे हाफ में दिग्गजों की भिड़ंत

ड्रॉ के बॉटम हाफ में एलेक्जेंडर ज़्वेरेव, दानिल मेदवेदेव के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला देखने को मिल सकता है। मेदवेदेव हेड-टू-हेड में 14-8 से आगे हैं, जिससे मुकाबला और रोचक हो जाता है।

### अल्काराज़ और जोकोविच नहीं लेंगे हिस्सा

इस बार टूर्नामेंट में कार्लोस अल्काराज़ और नोवाक जोकोविच हिस्सा नहीं ले रहे हैं, जिससे खिताब की दौड़ और खुली नजर आ रही है।

### कब से शुरू होगा टूर्नामेंट?

एटीपी मास्टर्स 1000 सीजन का यह बड़ा टूर्नामेंट बुधवार से शुरू होगा, जबकि फाइनल मुकाबला 3 मई को खेला जाएगा।

# आईपीएल के तुरंत बाद अफगानिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

- गिल-बुमराह को मिल सकता है आराम, टेस्ट में नए खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका

**मुंबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के खिलाफ इकलौते टेस्ट में शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया जा सकता है। 31 मई को आईपीएल 2026 का फाइनल है और भारतीय टीम का इंटरनेशनल कैलेंडर व्यस्त है। वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते कुछ खिलाड़ियों को आराम मिल सकता है। वहीं, हर्ष दुबे, आकिब नबी और देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने गेंदबाजी में सुधार किया है, जिससे उनके नाम पर चर्चा है। चयन समिति जल्दबाजी के बजाय मेडिकल टीम की सलाह पर फैसला करेगी।

**आईपीएल फाइनल और टेस्ट मैच के बीच सिर्फ 6 दिन का अंतर** – आईपीएल 2026 का फाइनल 31 मई को है, जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट 6 जून से शुरू होगा। दोनों के बीच सिर्फ 5-6 दिन हैं। मैनेजमेंट खिलाड़ियों की थकान और इंजरी रिस्क को लेकर गंभीर है। चयनकर्ता देखेंगे कि रेगुलर टेस्ट खिलाड़ियों की आईपीएल टीम किस स्टेज तक पहुंचती है।

**डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल का दबाव नहीं, सीनियर बाहर हो सकते हैं** – अफगानिस्तान के खिलाफ इस इकलौते टेस्ट में डब्ल्यूटीसी के कोई पॉइंट्स दांव पर नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, सिलेक्टर्स और मैनेजमेंट स्टार खिलाड़ियों को वनडे या इंग्लैंड सीरीज के लिए फ्रेश रखना चाहते हैं। मैनेजमेंट मानता है कि बुमराह जैसे अहम गेंदबाज को ऐसे मैच में उतारना जोखिम होगा।




- **मुल्लनपुर टेस्ट में नए चेहरे दिख सकते हैं** – 6 जून से मुल्लनपुर में शुरू होने वाले टेस्ट के लिए चयनकर्ता घरेलू सर्किट पर नजर रख रहे हैं। सीनियर खिलाड़ियों को आराम मिला तो युवा खिलाड़ियों को डेब्यू मिल सकता है। इंडिया-ए के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ और बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार रेस में आगे हैं।
- **जून से जुलाई तक लगातार सीरीज** – भारतीय टीम का जून महीना पैक है। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे के बाद टीम आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेगी। इसके बाद इंग्लैंड दौरा होगा, जहां 3 टी-20 और 3 वनडे होंगे। इसके बाद 23 जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 टी-20 मैच शुरू होंगे।
- **अफगानिस्तान ने टेस्ट करियर भारत के खिलाफ ही शुरू किया** – अफगानिस्तान ने टेस्ट करियर की शुरुआत टीम इंडिया के खिलाफ की थी। 2018 में बेंगलुरु में भारत ने पारी और 262 रन से मैच जीता था। तब से अफगानिस्तान ने 13 टेस्ट खेले, 4 जीते, 7 हारे और 2 ड्रॉ रहे।

# स्वगणना प्रक्रिया में उपलब्ध कराएं सही व पूर्ण जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभाकक्ष में भारत की जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग (एचएलबी), जियो-टैगिंग, सीमांकन तथा स्व-गणना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों के समयबद्ध निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवासीय विवरण संकलन का कार्य 02 मई से 31 मई तक किया जाएगा, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य संपन्न होगा। इस प्रक्रिया के माध्यम से जिले के प्रत्येक घर, परिवार एवं नागरिक से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं का संकलन किया जाएगा। आम नागरिकों की सुविधा के लिए पहली बार स्व-गणना की व्यवस्था 17 अप्रैल से 01 मई तक उपलब्ध कराई गई है। नागरिक पद्ग.दद्वद्बपफ्र.द्दश्फ.द्बद्ब पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन करते हुए मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी द्वारा लॉगिन कर सकते हैं। तत्पश्चात डिजिटल मैप पर अपने घर को चिन्हित कर परिवार से संबंधित 33 प्रश्नों का उत्तर भर सकते हैं। प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्राप्त स्व-गणना आईडी को सुरक्षित रखना अनिवार्य है, जिसे गणनाकर्मी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना होगा। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि स्व-गणना प्रक्रिया को व्यापक स्तर पर सफल बनाने हेतु जीविका दीदियों, आशा कार्यकर्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए। साथ ही सभी विभागीय पदाधिकारियों को अपने अधीनस्थ कर्मियों से स्व-गणना प्रपत्र भरवाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना कार्य का सफल एवं त्रुटिरहित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीएम स्वास्थ्य मोहम्मद अनवर आलम सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी भी जुड़े रहे।

# डीएम ने दो राजस्व कर्मचारियों को किया निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राजस्व कार्यों के प्रभावी संचालन एवं विभागीय अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से आवश्यक कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा दो राजस्व कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि 8 अप्रैल 2026 को बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव के साथ राजस्व कर्मचारियों की प्रतिनिधिमण्डल के साथ बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सभी कर्मचारियों को हड़ताल एवं समूहिक अवकाश समाप्त कर अपने-अपने कर्तव्यों पर वापस योगदान करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश की जानकारी जिला स्तर पर भी सभी संबंधित कर्मचारियों को उपलब्ध कराई गई थी। इसके बावजूद हसपुरा अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी (बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष गोप गुट) विनय कुमार एवं रफीगंज अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी (जिला सचिव) मुकेश कुमार द्वारा 13 अप्रैल 2026 तक अपने कर्तव्यों पर योगदान नहीं किया गया। साथ ही, इनके विरुद्ध जारी कारण पृच्छा का भी कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया। इनके इस कृत्य को विभागीय निर्देशों की अवहेलना एवं पदीय दायित्वों के प्रतिकूल आचरण मानते हुए तथा इससे राजस्व से संबंधित लोकोपयोगी कार्यों के संचालन में उत्पन्न बाधा को गंभीरता से लेते हुए, हसपुरा एवं रफीगंज अंचल अधिकारी द्वारा इनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा राजस्व कर्मचारी विनय कुमार एवं मुकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान विनय कुमार का मुख्यालय भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, दाउदनगर तथा मुकेश कुमार का मुख्यालय भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय औरंगाबाद निर्धारित किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न करने एवं विभागीय निर्देशों की अवहेलना करने वाले कर्मियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण हो शिकायतों का समाधान : अभिलाषा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जनता दरबार में परिवादियों द्वारा प्राप्त आवेदन एवं उनके निष्पादन स्थिति की समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता की गई। गौरतलब है कि बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के निर्देशानुसार सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान जीवन आसान पहल के तहत राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करने एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़, संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस, सोमवार और शुक्रवार, को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर सभी सरकारी कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख आम लोगों की शिकायतों के निष्पादन हेतु अपने निर्धारित कार्यस्थल एवं कार्यालय कक्ष में उपस्थित होकर जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी द्वारा परिवादियों से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निष्पादन की अद्यतन स्थिति की बिंदुआर एवं गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित लंबित मामलों, निष्पादित परिवादों की गुणवत्ता, समयबद्धता तथा निस्तारण की प्रक्रिया में आ रही कठिनाइयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक स्तर पर प्राप्त परिवादों का विधिवत पंजीकरण तथा प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परिवाद का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण एवं नियमित समीक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सभी शिकायतों का समाधान संतोषजनक एवं गुणवत्तापूर्ण हो। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला जन संपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीपीओ आईसीडीएस आदि थे।

# इवीएम के सुरक्षित रख-रखाव हेतु मानक पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के राज्य निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में राज्य में प्रस्तावित पंचायत निर्वाचन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद एवं जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा पंचायत निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस क्रम में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिला अंतर्गत सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (आरओ) वर्ष 2011 की जनगणना के आलोक में निर्धारित प्रपत्र-1 को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि प्रपत्र-1 के अंतर्गत लगभग 50 प्रतिशत प्रविष्टियां पूर्ण की जा चुकी हैं तथा शेष कार्य को कल शाम तक शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सभी प्रखंडों में नियुक्त नोडल एवं वरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंडों में निर्वाचन तैयारियों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यों की सतत निगरानी एवं प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सुरक्षित भंडारण हेतु दीर्घकालिक व्यवस्था पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस संबंध में आयोग द्वारा 15 वर्षों तक ईवीएम के सुरक्षित रख-रखाव हेतु मानक अनुरूप वेयरहाउस निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि डीपीआरसी भवन के द्वितीय तल पर ईवीएम वेयरहाउस का निर्माण कर लिया गया है, जो आवश्यक मानकों के अनुरूप है। अंततः राज्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा सभी जिलों को निर्देशित किया गया कि पंचायत निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पारदर्शिता, समयबद्धता एवं विधि-सम्मत प्रक्रिया के तहत सुनिश्चित की जाएं, ताकि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

# रैयतों की समस्या के समाधान के लिए जारी रहेगा कैंप कोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मगध प्रमंडल आयुक्त सफीना ए.एन. की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतमाला परियोजना अंतर्गत भूमि अधिग्रहण से संबंधित रैयतों के मुआवजा मामलों के निष्पादन हेतु मध्यस्थता न्यायालय के तहत कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। उक्त कैंप कोर्ट में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत भूमि मुआवजा को लेकर रैयतों के बीच उत्पन्न असंतोष एवं विवादों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से इस कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान रैयतों द्वारा अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए गए, जिनकी आयुक्त महोदया द्वारा क्रमवार सुनवाई की गई। सुनवाई के उपरांत संबंधित मामलों के निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस कैंप कोर्ट में नबीनगर, देव एवं कुटुंबा अंचल अंतर्गत कुल 32 मौजों के 281 रैयतों के आवेदनों की सुनवाई की गई। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि रैयतों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान हेतु इस प्रकार के कैंप कोर्ट का आयोजन आगे भी जारी रखा जाएगा, ताकि भारतमाला परियोजना के कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

# अपहृत नाबालिग बरामद, पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में एक आरोपी को गोह पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी पप्पू दास के पुत्र अमरकांत कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार इस संबध में पीड़िता के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कांड की गंभीरता पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसआई पूजा शर्मा द्वारा 18 अप्रैल को गुजरात के सूरत स्थित एक रिमांड होम से अपहृता को सकुशल बरामद किया गया जिसे मंगलवार को व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं पकड़े गए आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि गोह पुलिस नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। ऐसे मामलों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। बालिकाओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से महिलाओं और बालिकाओं के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस विभाग महिलाओं के विरुद्ध होने वाले किसी भी अपराध को लेकर शून्य सहनशीलता की नीति अपना रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# नदियों से खनिजों की निकासी हेतु परमिट प्रदान में न हो कोई विलंब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बाढ़ नियंत्रण एवं राहत कार्य से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान मुख्य सचिव द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि बाढ़ नियंत्रण कार्यों के दौरान नदियों से मिट्टी, बालू एवं अन्य खनिज पदार्थों की निकासी हेतु आवश्यक अनुमति (परमिट) प्रदान करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की विलंब न हो। इस क्रम में खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संबंधित मामलों में समय पर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) निर्गत करना सुनिश्चित करें, ताकि बाढ़ से बचाव एवं नियंत्रण कार्यों को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। इसके अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी संवेदनशील एवं बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर पूर्व से ही आवश्यक तैयारी सुनिश्चित की जाए। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए तटबंधों की स्थिति, जल निकासी व्यवस्था एवं राहत सामग्रियों की उपलब्धता की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी पदाधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने, त्वरित सूचना आदान-प्रदान सुनिश्चित करने तथा किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र कार्रवाई हेतु आवश्यक संसाधनों को तैयार रखने का निर्देश दिया गया। मुख्य सचिव ने सभी जिलों को निर्देशित किया कि बाढ़ नियंत्रण एवं राहत कार्य से संबंधित सभी तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि आपदा की स्थिति में जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा भी बाढ़ से निपटने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं तथा संबंधित विभागों को सतर्क एवं सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया है।

# अनियंत्रित कार ट्रक से टकराई, हादसे में दो की मौत, तीन जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मंगलवार की दोपहर अनियंत्रित कार पीछे से ट्रक में टकरा गई जिसमें कार सवार दो युवकों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर सढईल और रानी कुआं गांव के बीच की है। मृतकों की पहचान सढईल गांव निवासी अक्षय सिंह के 22 वर्षीय पुत्र आतिश उर्फ युवराज सिंह एवं प्रिंस कुमार सिंह के पुते हर्षित कुमार उर्फ अर्थ के रुप में की गई। जख्मियों में गोह थाना क्षेत्र के झरी गांव के रहने वाले दिलीप सिंह के पुत्र उत्कर्ष कुमार, उमंग कुमार और सढईल गांव निवासी पवन सिंह के पुत्र पियूष शामिल है। उत्कर्ष और उमंग मृतक हर्षित के फूफ़ेरे भाई हैं। फिलहाल दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, मृतक हर्षित कुमार उर्फ अर्थ की बुआ की शादी होनी है। सोमवार की रात प्रिंस और उसके परिवार के सभी लोग गयाजी जिले के बेलवा गांव तिलक चढ़ाने गए थे। देर रात तिलक चढ़ा कर सभी लोग घर लौटे थे। मंगलवार की दोपहर आतिश उर्फ युवराज, हर्षित कुमार उर्फ अर्थ, उत्कर्ष कुमार, उमंग कुमार, पियूष कार से सब्जी खरीदने के लिए शिवगंज बाजार के लिए निकले थे। जानकारी के मुताबिक, कार सवार जैसे ही गांव से 1 किलोमीटर आगे बढ़े, उनकी कार अनियंत्रित होकर नेशनल हाइवे 19 पर आगे चल रही एक ट्रक में पीछे से घुस गई। स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी कार सवार लड़कों के परिजन को दी। हादसे की सूचना के बाद काफी संख्या में परिजन और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। सभी घायलों को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने युवराज और हर्षित को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीनों घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त टाटा पंच कार युवराज के दोस्त पृथ्वी की थी। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। इधर, सदर अस्पताल में दो लोगों की मौत की सूचना पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल में शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दी है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अनियंत्रित बाइक नहर में गिरने से दो घायल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तेज रफ्तार बाइक नहर में गिर गई। हादसे में दो युवक घायल हो गए। घटना ओबरा थाना क्षेत्र जिनोरिया गांव स्थित पचरुखिया नहर की है। घायलों की पहचान जम्होर निवासी जगमोहन चौधरी और उनके दोस्त सिंटू यादव के तौर पर हुई है। जानकारी के मुताबिक दोनों दोस्त की शादी से घर लौट रहे थे। रास्ते में गाड़ी अचानक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद सीधी नगर में जा गिरी। काफी देर बाद ग्रामीणों की नजर पड़ी। कड़ी मशक्कत से पानी से बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। दोनों युवकों के सिर और पैर में गंभीर चोट है। प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हालत नाजुक बनी हुई है। परिजनों को हादसे की सूचना दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# रंगदारी सहित अन्य मामलों में 33 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 13 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार रंगदारी में एक, हत्या के प्रयास में 9, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 7 तथा अन्य मामलों में 16 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 415 लीटर देसी, 1 कार एवं 1 मोबाइल फोन बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1457 वाहनों की जांच की गई जिसमें 95500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 2 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।




